चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 1 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 43, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारतीयों को वीजा नहीं तो चौपट होगी अर्थव्यवस्था 16

शाहरुख खान शुरू करेंगे पठान-2 की शूटिंग 15

रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की महारैली

भाजपा को हराने के लिए विपक्ष ने दिल्ली में भरी हुंकार

नई दिल्ली, ब्यूरो

विपक्षी दलों के प्रमुख नेता रविवार को रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में जुटे तथा भाजपा सरकार पर लोकतंत्र और संविधान कुचलने का आरोप लगाते हुए एकजुटता से संघर्ष करने का संकल्प लिया। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों ने इस महारैली का आयोजन दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी, भाजपा की नीतियों के विरोध में किया। महारैली में दोनों मुख्यमंत्रियों की तत्काल रिहाई, चुनावी बाँड की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में विशेष कार्यबल का गठन और चुनाव आयोग को स्वतंत्र रूप से काम करने देने की मांग की गयी। विपक्षी नेताओं ने भाजपा की केंद्र सरकार को तीसरी बार सत्ता में न आने का संकल्प लिया है। ज्यादातर वक्ताओं ने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है। इसके लिए तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ का नारा लेकर हम जनता के बीच जाएंगे।

रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जितने भी सर्वे हुए हैं उसमें बीजेपी को 180 से ज्यादा सीटें नहीं मिल रही है, इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव जीतने के लिए मैच फिक्सिंग का रास्ता अपनाया है। विपक्ष को रोकने के लिए सभी विपक्षी नेताओं को डराया धमकाया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन की एकता के बाद बीजेपी को अपने पराजय पक्की लगने लगी है और उनका 400 का नारा पूरा होने वाला नहीं है। यदि कोई गड़बड़ी नहीं की गई और बेईमानी कर दबाव डालना या खिलाड़ियों को खरीदना नहीं हुआ तो मोदी का 400 पार का सपना पूरा नहीं होगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि रामलीला मैदान में रावण जलाया जाता है। उसका राजा सोने की लंका में रहता था और घमंडी था। उन्होंने कहा भगवान राम तो सत्यवादी थे, वनवासी थे, लेकिन ये अपने स्वार्थ के लिए राम की बात करते हैं उनके आदर्शों पर नहीं चल रहे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार भाजपा 400 पार नहीं बल्कि 400 हारने जा रही है। यह लोग गलत तरीके से हम लोगों को डरा धमका रहे हैं। मुख्यमंत्री को जेल भेज रहे हैं। राजनीतिक दलों को नोटिस भेज रहे हैं और उनके बैंक अकाउंट बंद कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने रैली मैं आए लोगों को अपने पति की तरफ से दिए संदेश को पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि यदि गठबंधन की सरकार आएगी तो पूरे देश में हमारे पति 6 गारंटी पूरी करेंगे, जिसमें 24 घंटे बिजली, गरीबों को फ्री बिजली, हर गांव और मुहल्ले में स्कूल, देहात एवं शहरों में मोहल्ला क्लीनिक, हर जिले में सुपर स्पेशलिटी सरकारी अस्पताल एवं फ्री इलाज, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना ने कहा कि उनके पति को मुख्यमंत्री रहते हुए गलत आरोपों में गिरफ्तार किया गया है अब जनता इसका जवाब देगी। महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि बीजेपी सरकार की एजेंसियां किसी को भी गिरफ्तार कर लेती है और उसकी सुनवाई के लिए न कोई वकील है और न कोई दलील। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक इंडिया गठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़ेगा। रैली में नारा दिया गया है कि तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ, यह नारा लोकसभा चुनाव में पूरे देश में मतदाताओं के बीच एक अपील करेगा। रैली में आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष गोपाल राय सहित सभी मंत्री, विधायक एवं पार्षद भी मौजूद थे इसी तरह कांग्रेस के भी कई बड़े नेता मंच पर नजर आए।

रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ रैली के दौरान मंच पर मौजूद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मुख्यमंत्री भगवंत मान और जम्मू-कश्मीर एनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला।

इंडिया गठबंधन की महारैली में पहुंचे 28 दलों के नेता

महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) के शरद पवार, शिवसेना (उद्धव गुट) के उद्धव ठाकरे, झारखंड मुक्ति मोर्चा की कल्पना सोरेन, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, आम आदमी पार्टी के गोपाल राय, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, भाकपा से डी राजा, माकपा से सीताराम येचुरी, नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती और द्रमुक के तिरुचि शिवा समेत 28 पार्टियों के नेता शामिल हुए।

- मोदी मैच फिक्सिंग से जीतना चाहते हैं चुनाव: राहुल
- भाजपा गलत तरीके से हमें डरा रही है : अखिलेश
- गठबंधन जीता तो पूरे देश में दिल्ली जैसी सुविधाएं: सुनीता केजरीवाल

एक नजर

कांग्रेस पांच अप्रैल को जारी करेगी घोषणापत्र

नई दिल्ली। कांग्रेस ने पांच अप्रैल को घोषणापत्र जारी करने की घोषणा की। उसने अंतिम क्षण में घोषणापत्र समिति गठित करने को लेकर भाजपा पर कटाक्ष किया। भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए शनिवार को 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने 16 मार्च को पांच न्याय, 25 गारंटी जारी की और देश भर में आठ करोड़ गारंटी कार्ड वितरित करने के लिए पार्टी का घर घर गारंटी अभियान तीन अप्रैल से शुरू होगा।

तहखाने में पूजा को चुनौती पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की उस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट आज सुनवाई करेगा, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदुओं को पूजा अनुमति देने वाले निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है।

भ्रष्टाचारियों पर होगा एक्शन : मोदी

मेरठ से प्रधानमंत्री ने फूंका चुनावी बिगुल, इंडी गठबंधन रहा निशाने पर

हमारी सरकार ने कागजों से 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी हटाए

इंडी गठबंधन ने चौधरी साहब को कभी उचित सम्मान नहीं दिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ से चुनावी बिगुल फूंकते हुए कहा है कि भ्रष्टाचारी चाहे कितना बड़ा क्यों न हो, उसके खिलाफ एक्शन जरूर होगा। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर लेते हुए कहा कि देश आजतक कांग्रेस और उसके साथियों के रवैये की कीमत चुका है। उसने कभी भी चौधरी चरण सिंह को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे वास्तव में हकदार थे।

प्रधानमंत्री ने रविवार को लोकसभा चुनाव की प्रदेश में पहली रैली 'गौरव समारोह' में कहा कि 2014 और 2019 में भी मेरठ से ही चुनावी अभियान की शुरुआत की थी। उन्होंने क्रांतिधरा को नमन करते हुए कहा कि 10 साल में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई शुरू हुई है। पहले ऐसी सरकार थी जिसका जन्म नहीं हुआ ऐसे लोगों के नाम पर पैसे जाते थे। ऐसे 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी का नाम मोदी ने हटाने की हिम्मत की। ऐसा करके हमने देशवासियों के पौने तीन लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए हैं। मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं इससे कुछ लोग बौखलाए हैं, वो आपा खो बैठे हैं। मोदी का मंत्र है भ्रष्टाचार हटाओ, और वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। ये चुनाव इन दो खेमों की लड़ाई है। जब मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, तो इन लोगों ने इंडी गठबंधन बना लिया है। इन्हें लगता है कि मोदी डर जाएगा। मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री का नाम लिए बगैर मोदी ने कहा कि बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। सुप्रीम कोर्ट से जमानत तक नहीं मिल रही है। इसलिए उनको कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। आपने टीवी पर देखा होगा कहीं बिस्तर के नीचे से, कहीं दीवारों से तो कहीं वॉशिंग मशीन से नोटों के ढेर निकल रहे हैं। मैं भ्रष्टचारियों पर सिर्फ कार्रवाई ही नहीं कर रहा, मेरी गारंटी है इन भ्रष्टाचारियों और बेइमानों ने जिनका धन लूटा है उसे मैं लौटा भी रहा हूं। हमने भ्रष्टाचारियों की संपत्ति जब्त करके 17 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा, जिनके पैसे गये थे उन्हें वापस लौटा दिया।

मेरठ में आयोजित चुनाव प्रचार रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

यह चुनाव देश को तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए

2024 का चुनाव विकसित भारत बनाने और देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए है। बताया कि भारत जब 2014 में दुनिया में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था था, तब यहां चारों तरफ गरीबी थी। जब भारत पांचवें नंबर पर पहुंचा तब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकलने में सफल हुए। मोदी ने गारंटी देते हुए कहा कि जब भारत दुनिया में नंबर तीन पर पहुंचेगा तो, देश में गरीबी तो दूर होगी ही साथ में एक सामर्थ्यवान, सशक्त मध्यम वर्ग देश को नई ऊर्जा देता दिखेगा।

कच्चातिवु मामले में कांग्रेस को घेरा

प्रधानमंत्री ने बताया कि आज ही कांग्रेस का एक और देश विरोधी कारनामा देश के सामने आया है। समुद्री तट से कुछ दूर श्रीलंका और तमिलनाडु के बीच एक द्वीप कच्चातिवु है। देश आजाद हुआ तब ये हमारे पास था, लेकिन कांग्रेस ने चार-पांच दशक पहले इस द्वीप को फालतू और गैर जरूरी करार दिया और भारत से अलग कर दिया। देश कांग्रेस के रवैये की कीमत आजतक चुका रहा है। भारत के मछुआरे मछली पकड़ने के लिए समंदर में जाते हैं और जब इस द्वीप की तरफ जाते हैं तो इन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। ये कांग्रेस के पाप का परिणाम है कि हमारे मछुआरे आज भी सजा भुगत रहे हैं।

मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह देश मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है। जिसका मतलब 12 करोड़ किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि, चार करोड़ गरीबों को आवास, दस करोड़ गरीबों को रसोई गैस सिलेंडर, 12 करोड़ घरों में शौचालय, 80 करोड़ को फ्री राशन, 60 करोड़ को पांच लाख की स्वास्थ्य बीमा, मोदी की गारंटी से यह देश एक स्वर में बोल रहा है। फिर एक बार मोदी सरकार। यही मोदी की गारंटी है, जो कहते हैं, वो करके रहते हैं। मोदी की गारंटी पर यूपी को यकीन और भारत को भरोसा है, क्योंकि मोदी केवल सपने नहीं बुनते, हकीकत बुनते हैं, इसीलिए लोग बार-बार मोदी जी को चुनते हैं।

भारत रत्न सम्मान

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर जाकर उन्हें भारत रत्न प्रदान किया। राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर कहा कि इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

शूटर्स को तलाशने नेपाल और बंगाल पहुंची पुलिस

संवाददाता, रुद्रपुर/नानकमत्ता/खटीमा

- शूटर्स के खिलाफ लुटआउट नोटिस की तैयारी, कनाडा दूतावास से संपर्क साधा

अमृत विचारः नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह के हत्यारों को दर्जन भर से अधिक पुलिस टीमें कई राज्यों में तलाश रही हैं। नेपाल और बंगाल में पुलिस ने डेरा डाल रखा है। शूटर्स के विदेश भागने की आशंका में पुलिस ने लुकआउट नोटिस की तैयारी कर ली है और कनाडा दूतावास से भी संपर्क किया है। सभी राज्यों में दोनों शूटर्स के फोटो भी भिजवा दिए गए हैं।

28 मार्च को डेरा प्रमुख की बाइक सवार दो सिखों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिनकी पहचान अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू और सरबजीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया है। माना जा रहा है कि वारदात के बाद दोनों पीलीभीत के रास्ते नेपाल जा सकते हैं। पुलिस का दावा है कि दोनों ने कहीं शरण ली है, इसलिए खटीमा-पीलीभीत सीमा पर जांच की जा रही है।

> बाबा के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कार्य शुरू कर दिया है। इनाम घोषित होने के बाद लुक आउट नोटिस की तैयारी हो रही है। हत्यारे बॉर्डर का फायदा उठाकर नेपाल, कनाडा या फिर किसी दूसरे देश में शरण नहीं ले सके। आशंका है कि हत्यारे देश के अंदर ही कहीं छिपे हुए हैं। -मंजूनाथ टीसी, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

शाहजहांपुर और पीलीभीत से पांच संदिग्ध उठाए गए

मकसूदापुर/शाहजहांपुर। डेरा प्रमुख की हत्या में उत्तराखंड एसटीएफ ने रविवार सुबह बंडा, निगोही और पीलीभीत के बिलसंडा थाना क्षेत्र से पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया। शक है कि षड्यंत्र में कुछ शाहजहांपुर के भी हैं। बंडा और निगोही पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेने की पुष्टि की है।

कांग्रेस को 1745 करोड़ का नया टैक्स नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो दिन पहले 1823 करोड़ का नोटिस भेजा था, कुल 3567 करोड़ की देनदारी निकाली

चुनाव से पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिससे आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ के कर की मांग की गई है। विभाग ने कांग्रेस से अब तक कुल 3,567 करोड़ के कर की मांग की है। वहीं दो दिन पहले आयकर विभाग ने कांग्रेस से 1,823 करोड़ का भुगतान करने को कहा था। ताजा नोटिस 2014-15 (663 करोड़), 2015-16 (664 करोड़) और 2016-17 (417 करोड़) से संबंधित हैं। अधिकारियों ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली कर छूट समाप्त कर दी है। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसियों द्वारा छापे के दौरान कांग्रेस के कुछ नेताओं से जब्त की गई डायरियों में की गई 'तीसरे पक्ष की प्रविष्टियों' के लिए भी कांग्रेस पर कर लगाया गया है। मुख्य विपक्षी दल ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें करीब 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है।

रुद्रपुर में पीएम मोदी कल करेंगे जनसभा

रुद्रपुर। प्रधानमंत्री मोदी दो अप्रैल को रुद्रपुर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री किच्छा बाईपास रोड स्थित एफसीआई के सामने मैदान में नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट के प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में जनसभा करेंगे। इसको लेकर विधायकों और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। साथ ही हर विधानसभा से 50-50 बसें रैली में लाने का लक्ष्य रखा गया। इसके अलावा नगर व ग्रामीण मंडल अध्यक्षों समेत अन्य पदाधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की गई है। विधायक शिव अरोरा ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं।

खंभे से टकराई कार, चार की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

संगीता यश आशिका आरती

- चालक को झपकी आने से रविवार सुबह हुआ हादसा, दो लोग घायल
- देहरादून से मुरादाबाद आ रहा था सराफ का परिवार

अमृत विचारः कांठ थाना क्षेत्र के रसूलपुर में चालक को झपकी आने से कार खंभे से टकरा गई। जिससे एक परिवार की तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। कार में सवार परिवार देहरादून से मुरादाबाद रिश्तेदार के यहां आ रहा था।

एसपी ग्रामीण संदीप मीणा ने बताया कि कार को परिवार का युवक चला रहा था। उसे झपकी आ गई। जिससे कार सड़क किनारे पोल से जा टकराई। वहीं मुगलपुरा थाना क्षेत्र हाथी वाला मंदिर के ज्वेलर्स राजू रस्तोगी ने बताया कि इस हादसे में मरने वाले मेरे सगे मौसेरे भाई पंकज के परिवार के लोग हैं। यह देहरादून में घंटाघर खुरबुड़ा चौकी के पास रहता है। जहां इनकी कालिका और आरती ज्वेलर्स के नाम से दो दुकान हैं। रविवार को देहरादून का बाजार बंद रहता है। इसलिए परिवार घूमने मुरादाबाद आ रहा था। हादसे में मेरे मौसेरे भाई पंकज के बेटे यश (28), यश की मां संगीता (45) और यश की बुआ आरती व उनकी बेटी आशिका (18) की मौत हो गई। जबकि अतुल व मानवी घायल हैं। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्वरोजगार | गायों का संरक्षण कर बेच रहे दूध, किसान के साथ कई को रोजगार

विदेश में की पढ़ाई, देश में गायों के दूध से कर रहे कमाई

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ के भरवारा लोनापुर के रहने वाले प्रवीण मिश्रा और उनके बड़े भाई पंकज को विदेश रास नहीं आया। दोनों ने वापस आकर डेयरी में कॅरियर बनाया। 2010 में प्रवीण ने लंदन में बैंकिंग की पढ़ाई कर इंग्लैंड में नौकरी की, जबकि पंकज ने हैदराबाद से एमबीए और बर्मिंघम में आईटी की पढ़ाई की लेकिन, दोनों भाइयों का ध्यान वहां के खानपान की गुणवत्ता और शुद्धता पर रहा। जिसे बारीकी से समझा, इसमें खासकर दूध को लेकर सोचा की क्यों न हम भी स्वदेश में लोगों को गायों का शुद्ध दूध उपलब्ध कराएं। यही संकल्प से दोनों 2016 में पिता वीरेंद्र के साथ देशी गायों की डेयरी लगाकर घर-घर दूध पहुंचाने लगे। इससे जहां देशी गायों का संरक्षण किया तो 50 लोगों को रोजगार दिया। साथ ही पेय अमृत फार्मर प्रड्यूसर से 200 पशु पालक को जोड़कर उन्हें भी राह दिखाई है। पंकज और प्रवीण को प्रगतिशील गोपालक के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन बार सम्मानित कर चुके हैं।

पिता वीरेंद्र के साथ बेटे पंकज और प्रवीण

हर माह कमाते 2.50 लाख

दोनों ने 25 गाय से डेयरी शुरू की थी। वर्तमान में साहीवाल व गिर प्रजाति की 120 गाय से रोजाना 700 लीटर दूध उत्पादन करते हैं और एक ब्रांड देकर कांच की शीशी में डिलीवरी करते हैं। इनका 100 फीसद शुद्ध दूध होने का दावा है तो करीब 700 लोग खरीदने वाले भी संतुष्ट हैं। दूध की कीमत 80 रुपये प्रति लीटर है। इससे हर माह 2.50 लाख रुपये तक कमाते हैं। इनका राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना में चयन हुआ है। जो 200 देशी गाय की इकाई लगाएंगे।

आपूर्ति के हिसाब से 10 फीसद डेयरी नहीं

प्रवीण बताते हैं कि बच्चों के लिए शुद्ध दूध बेहद जरूरी है। लेकिन, आपूर्ति के हिसाब से शुद्ध दूध की 10 फीसद डेयरियां नहीं हैं। जबकि विदेश में दूध से लेकर हर खाद्य पदार्थ मानक और गुणवत्ता से 100 फीसद शुद्ध है। वह भी बचपन में जब दूध पीते थे तो शुद्ध न होने के कारण पचता नहीं था। लोग अधिक मुनाफा के लिए मिलावट तो करते हैं साथ ही रासायनिक उर्वरकों का चारा गोवंशों को खिलाते हैं। जबकि वह अपनी गायों को फार्म हाउस में प्राकृतिक खेती से चारा उगाकर खिलाते हैं।

लिव-इन में रह रही प्रेमिका की हत्या

संवाददाता, देहरादून

- युवती के शव को सूटकेस में रखकर जंगल में लगाया ठिकाने
- देहरादून की घटना, तीन माह बाद खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचारः देहरादून में लिव इन में रह रहे प्रेमी के प्रेमिका की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रेमी ने प्रेमिका का शव सूटकेस में बंदकर आशारोड़ी के जंगल में ठिकाने लगा दिया। आरोपी की तीन माह बाद गिरफ्तारी से घटना का खुलासा हुआ। रविवार को पुलिस ने जंगल से सूटकेस से लड़की का शव बरामद किया।

हरिद्वार के कनखल थाना क्षेत्र के जमालपुर कला के शहरुल जहां पत्नी जहीर हसन ने 29 जनवरी को कोतवाली पटेलनगर पुलिस को पत्र देकर पुत्री शहनूर की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शहनूर देहरादून में संस्कृति विहार कालोनी में ब्यूटी पॉर्लर का काम करती थी और वह 26 दिसंबर से लापता है। उसका कहीं पता नहीं लगा। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली, लेकिन एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पुलिस की टीम जांच में जुट गई।

जांच में पता चला कि शहनूर कालोनी में ही राशिद नाम के युवक के साथ लिव इन रिलेशनशिप में थी। राशिद युवती के गुम होने के बाद से ही फरार है। 30 मार्च को सूचना मिली कि राशिद अपने किराए के कमरे से सामान लेने आया है, जिस पर पुलिस ने उसको पकड़ लिया। राशिद ने 27 दिसंबर को शहनूर की गला दबाकर हत्या करने की बात कबूली और बताया शव को सूटकेस में रखकर जंगल में फेंक दिया था। पुलिस ने राशिद की निशानदेही पर आशारोडी के जंगल से सूटकेस से शव बरामद किया।

पुलिस के मुताबिक राशिद पुत्र मुर्सलीन बागोवाली, मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। फेसबुक पर दोनों की दोस्ती हुई थी। सितम्बर 2023 से दोनों किराए के कमरे में रह रहे थे। शहनूर के देररात आने पर दोनों में झगड़ा होता था। 26 दिसंबर को दोनों में झगड़ा हुआ, तब उसने शहनूर की गला घोंटकर हत्या कर दी।

मैदानी क्षेत्रों में पड़ रही गर्मी की वजह से बड़ी संख्या, रविवार को नैनीताल समेत आसपास के स्थलों का दीदार करने पहुंचे पर्यटक

वीकेंड पर पर्यटकों की आमद से गुलजार रही सरोवर नगरी नैनीताल

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : वीकेंड पर सरोवर नगरी नैनीताल पर्यटकों की आमद से गुलजार रही। मैदानी क्षेत्रों में पढ़ रही गर्मी से बचने और तन मन को सुकुन देने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक रविवार को नैनीताल समेत आसपास के पर्यटक स्थलों का दीदार करने पहुंचे।

पर्यटकों के नैनीताल पहुंचने से पर्यटन कारोबारी खुश नजर आए। शहर के प्रसिद्ध स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, किलबरी, केव गार्डन, चिड़ियाघर, सरिता ताल, वॉटरफॉल, बोटैनिकल गार्डन व हनुमान गढ़ी समेत नगर के सभी पर्यटन स्थल में दिनभर सैलानियों की आवाजाही बनी रही। सैलानियों ने नैनी झील में नौका विहार का भी जमकर लुत्फ उठाया। रविवार को करीब 1200 पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन, 550 पर्यटकों ने रोपवे, 880 ने चिड़ियाघर, 790 केव गार्डन और वाटर फाल का लुत्फ उठाया।

नैनीताल में चहलकदमी करते सैलानी। ● अमृत विचार

पर्यटकों ने जू में किए मादा मारखोर के दीदार

नैनीताल : दार्जिलिंग से नैनीताल लाई गई मादा मारखोर को बाड़े में रख दिया गया है। रविवार को बड़ी संख्या में जू पहुंचे पर्यटकों ने मादा मारखोर के दीदार किये। करीब 20 दिन क्वारंटाइन रखने के बाद फिलहाल एहतियात के तौर पर नर व मादा मारखोर को एक साथ बाड़े में नहीं छोड़ा जा रहा है। कुछ समय बाद दोनों को एक साथ छोड़ा जायेगा। बता दें कि मार्च माह की शुरुआत में नैनीताल चिड़ियाघर से घुरड़ के जोड़े व कुछ फीजेंट लेकर चिड़ियाघर की टीम दार्जिलिंग गई थी। वहां से एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत मादा मारखोर व कुछ फीजेंट प्रजातियों को चिड़ियाघर लाया गया था। करीब 20 दिन क्वारंटाइन अवधि पूरी होने के बाद मादा मारखोर को पर्यटकों के दर्शनार्थ बाड़े में रख दिया गया है। जू रेंजर प्रमोद तिवारी ने बताया कि करीब 10 वर्षों से नर मारखोर अकेले ही बाड़े में रखा गया था। जिस कारण एहतियात की दृष्टि से फिलहाल दोनों को एक साथ बाड़े में नहीं रखा जा रहा है। कुछ समय साथ रखने का ट्रायल सफल होने के बाद पर्यटकों को दोनों के एक साथ दीदार हो पायेंगे।

आरक्षित वन में काटे दो तुन के पेड़

नैनीताल, अमृत विचार : दूरस्थ वन आरक्षित क्षेत्र में दो तुन के पेड़ काट दिए गए हैं। टीम ने काटे पेड़ों को बरामद कर लिया है।

बता दें कि बीते दिनों वन विभाग को बेल ग्राम पंचायत के समीप जंगल में तुन के कच्चे पेड़ काटने की शिकायत मिली थी। इसके बाद वन विभाग की टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। दो दिन जंगल का जायजा लेने के बाद विभाग को जंगल में तुन के दो बड़े कच्चे पेड़ कटे मिले। मनोरा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि बेल के हैड़ी गांव के समीप वन आरक्षित क्षेत्र में तुन के पेड़ काटने की मिली थी। टीम ने दो कटे पेड़ बरामद हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है। तस्करों की भी जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

सार-संक्षेप

मतदान के लिए जागरूक कर रहे महिला समूह

भीमताल : विकास खंड रामगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों महिला समूह बुरांश के फूलों से जूस व अन्य उत्पाद तैयार कर रहे हैं। साथ ही लोगों को मतदान के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। शीतला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बुरांश फूल की सफाई करते हुए चुनाव से संबंधित गायन का प्रयोग कर लोगों को जागरूक किया। समूह की दीपा लोधियाल ने बताया कि वह कई समय से लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक कर रही हैं। सहायक परियोजना निदेशक चंदा फर्त्याल ने बताया कि कार्यक्रम के तहत महिलाओं ने यह बताने की कोशिश की है कि जितने रोजमर्रा के काम है उससे भी महत्वपूर्ण कार्य वोटिंग करना है।

सिंचाई नहर की मरम्मत करने की मांग

भीमताल : सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व बीडीसी सदस्य चंदन नौगाई ने भीमताल झील के मुख्य स्रोत सिंचाई नहर के शीघ्र मरम्मत करने की मांग उठाई है। उन्होंने बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व आपदा के दौरान नहर की तलहटी बह गई थी, जिसमें लगा पत्थर बहकर झील में समा गया था। इस कारण नहर के दोनों तरफ लगभग 7 फुट की ऊंचाई की दीवारें खतरे की जद में हैं। बताया कि नहर की तल नहीं होने के कारण दीवार हवा में लटकी है जो कभी भी गिर सकती है। कहा कि वह कई बार सिंचाई विभाग से नहर की मरम्मत करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

चंदन नौगाई।

चाय बागान के किसानों को दी कई जानकारियां

भीमताल : उत्तराखंड चाय विकास बोर्ड के अंतर्गत विभिन्न चाय बागानों में सिंचाई की व्यवस्था को लेकर माइक्रो इरिगेशन फाउंड परियोजना के मिनी स्प्रिंकल और डंप इरिगेशन का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। प्रबंधक चाय बागान नवीन पांडे ने बताया कि चाय विकास बोर्ड के वित्त अधिकारी अनिल खोलिया व अन्य अधिकारियों ने किसानों को चाय उत्पादन से संबंधित कई जानकारियां दी। साथ ही सिंचाई पर भी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। इस दौरान आन सिंह मेहरा, भुवन तिवारी, गोधन बर्गली आदि मौजूद रहे।

बारिश की आशंका से किसान परेशान

हल्द्वानी : मौसम विभाग ने जिले में झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई है जिससे किसान परेशान हैं। उनका कहना है कि इन दिनों बालियों में गेहूं के दाने मजबूत हो रहे हैं, लेकिन बारिश व हवा चलने से दाने गिरने की आशंका है। गौलापार के किसान दीवान सिंह सम्मल ने बताया कि इस बार महंगी प्रजाति का गेहूं लगाया है। बारिश व हवा चलने पर ज्यादा नुकसान हो सकता है।

1.5 करोड़ से होगा फ्लैट्स में खेल मैदान का सौंदर्यीकरण

ग्रामीण निर्माण विभाग को मिली सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी

▸▸ **चारों ओर लगेगी रेलिंग व होगी फेंसिंग, शौचालय भी बनेंगे**

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनीताल स्थित खेल मैदान में अब खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। इसके लिए जिला प्रशासन ने मैदान के सौंदर्यीकरण का प्लान तैयार किया है। करीब 149.96 लाख की लागत से मैदान का समतलीकरण कर चारों ओर रेलिंग व फेंसिंग लगाई जाएगी। साथ ही दर्शकों के बैठने के लिए बेंच व खिलाड़ियों के लिए शौचालय भी बनाए जाएंगे।

ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता केके जोशी ने बताया कि खेल मैदान से क्रिकेट बॉल और फुटबॉल बाहर न जाए, इसलिए पंत पार्क की ओर दीवार के ऊपर फेंसिंग निर्माण किया जाएगा। कोतवाली से मस्जिद चौराहे तक संकरी सड़क होने के कारण अक्सर जाम की समस्या रहती है। ऐसे में मैदान की ओर कॉलम खड़े कर सड़क को करीब सात फीट चौड़ा किया जाएगा।

मैदान के ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए नालों का निर्माण व मौजूदा पार्किंग को भी बेहतर बनाया जायेगा। इसके अलावा न्यू क्लब के पास बाक्सिंग रिंग का निर्माण कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में झील किनारे लगी क्लाइंबिंग वॉल भी न्यू क्लब के पास शिफ्ट की जायेगी।

मल्लीताल स्थित फ्लैट्स के इस मैदान का सौंदर्यीकरण होगा। ● अमृत विचार

बजट जारी, शुरू हुई टेंडर प्रक्रिया

नैनीताल : डीएसए मैदान का गौरवशाली इतिहास रहा है। सन 1880 में भूस्खलन के बाद इस मैदान का निर्माण हुआ। जिसमें अंग्रेजों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए। ब्रिटिश काल के दौरान स्थापित यह मैदान तमाम राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों का गवाह रहा है। देखरेख के अभाव में मैदान की वर्तमान स्थिति जर्जर हो चुकी है। डीएम वंदना सिंह ने बताया कि जिला विकास प्राधिकरण से कार्यदायी संस्था को बजट जारी कराकर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

आमसभा में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

हल्द्वानी : जज फार्म विकास एवं पर्यावरण सुरक्षा समिति की वार्षिक साधारण आम सभा में कई प्रस्ताव पारित हुए। रविवार को जनमिलन केंद्र में आमसभा हुई। इस मौके पर समिति की नई डायरेक्टरी बनाने, समिति का वार्षिक सदस्यता शुल्क डिजिटली लेने, जनमिलन केंद्र में वाटर फिल्टर लगाने जैसे प्रस्ताव पास हुए। क्षेत्र की खराब स्ट्रीट लाइट्स की मरम्मत, आवारा जानवरों व कुत्तों से निजात दिलाने का मामला भी जोर-शोर से उठा। सभा की अध्यक्षता अध्यक्ष विशंभर कांडपाल व संचालन सचिव हेम चन्द्र जोशी ने किया। इस दौरान उपाध्यक्ष गौरव नेगी, उपसचिव भुवन पंत, कोषाध्यक्ष नीरज रावत, विधि सलाहकार नंदन सिंह नेगी, संप्रेक्षक राकेश त्रिपाठी, संरक्षक आरडी पांडे, एनएस किरौला, आरसी तिवारी, पीसी पंत, भगवान सिंह बोरा, अतुल जोशी, गिरीश जोशी, संतोष जोशी, संदीप बिनवाल, हेम अवस्थी, हेम गंगोला, डा.केएन मठपाल, एससी बिनवाल, जीसी बिनवाल, एलएम पंत, पीबी कांडपाल मौजूद रहे।

कूड़ा नहीं उठा तो करेंगे चुनाव का बहिष्कार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : डीएम आवास के समीप बीते एक माह से कूड़ा न उठने से लोग परेशान हैं। सड़क का जीर्णोद्धार कार्य होने के चलते कूड़ा वाहन क्षेत्र तक नहीं पहुंच पा रहा है। जिस कारण आवासीय क्षेत्र के समीप कूड़े के ढेर लग गए हैं। इससे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। कई बार शिकायत के बाद भी कूड़ा न उठने से क्षेत्रवासियों में रोष है। उन्होंने कूड़ा नहीं उठने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया है।

बता दें कि तल्लीताल क्षेत्र में डीएम आवास और कार्यालय से जोड़ने वाले रैमजे मार्ग में इन दिनों पुनर्निर्माण कार्य चल रहा है।

जिस कारण कैलाश व्यू, फारेस्ट कंपाउंड क्षेत्र तक कूड़ा वाहन नहीं पहुंच पा रहे हैं। वाहनों के न पहुंचने से क्षेत्र में कूड़े दान के समीप कूड़े के ढेर लग गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कूड़ा एकत्रित होने से दुर्गंध की समस्या बनी हुई है। जिससे संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। कई बार नगर पालिका से इसको लेकर शिकायत की जा चुकी है, लेकिन पालिका के कान पर जूं नहीं रेंगी। कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर एकत्रित कूड़े को क्षेत्र से नहीं हटाया गया तो वह लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। प्रभारी सफाई निरीक्षक हिमांशु चंद्रा ने बताया कि जल्द ही क्षेत्र से कूड़ा साफ कर दिया जाएगा।

कूड़ा नहीं उठने से आवासीय क्षेत्र के समीप लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार

जेजेएम योजना में लापरवाही का आरोप

गरमपानी : बेतालघाट ब्लॉक के सेठी बेलगांव के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन (जेजेएम) योजना में अनियमितता का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई है। कहा कि योजना में लापरवाही बरतने से उन्हें लाभ नहीं मिल रहा। कई बार आवाज उठाने के बावजूद सुध नहीं ली जा रही। अनदेखी से ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। सेठी बेलगांव व सेठी भंडार गांव में पानी का सूखा खत्म करने को केंद्र सरकार की जेजेएम योजना के तहत पेयजल योजना का कार्य शुरु किया गया। बीते रोज ग्रामीण योजना के हेड में जा पहुंचे। आरोप लगाया कि योजना निर्माण में लापरवाही बरती गई है। हेड में मानक के उलट पाइप लाइन बिछाई गई है। विभागीय अधिकारियों की अनदेखी से कार्य किया गया है। जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय राजेंद्र सिंह ने बताया कि सेठी बेलगांव के ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरस गए हैं। सरकार के लाखों रुपये की योजना में मुनाफे के फेर में अनियमितता बरती गई है। स्थानीय मोहन सिंह, राजन सिंह, इंद्र लाल, महेश चंद्र, महेंद्र लाल ने मामले की जांच की मांग उठाई है।

सीवर लाइन की समस्या का समाधान करने की मांग

भीमताल : होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद गुणवंत ने बताया कि भीमताल के मंदिर मार्ग में कई समय से सीवर का पानी झील में समा रहा है। विभागीय अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिससे लोगों को दुर्गंध के कारण परेशानी हो रही है।

उन्होंने बताया कि सीवर लाइन के चोक होने से लगातार झील में गंदा पानी जा रहा है। यदि समय रहते इसे ठीक नहीं किया गया तो आने वाले समय में मार्ग से गुजरना मुश्किल हो जायेगा। साथ ही इसका असर होटल कारोबार भी पड़ेगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से शीघ्र सीवर लाइन की समस्या का समाधान करने की मांग की है।

कर्मी जानेंगे कैसे कराना है चुनाव

▸▸ **ईवीएम की दूसरे चरण की होगी ट्रेनिंग, मुक्त विवि व राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में होगा प्रशिक्षण**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन की तैयारियां जोरों पर हैं। ईवीएम की दूसरे चरण की ट्रेनिंग 4-6 अप्रैल तक दी जाएगी। इसमें चुनावी प्रक्रिया की सैद्धांतिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, 4 अप्रैल को मुक्त विवि के ऑडिटोरियम और राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में सुबह 10 से 1 और दोपहर 2 से 5 बजे दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। दोनों स्थानों पर चुनाव ड्यूटी में लगे 1,456 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह 5 अप्रैल को भी मुक्त विवि व मेडिकल कॉलेज सभागार में 1693 और 6 अप्रैल को 1792 को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण में चुनाव प्रक्रिया शुरू करने, मॉक पोल, ईवीएम शुरू व बंद करने, ईवीएम खराब होने की दशा में, विभिन्न प्रपत्रों को भरने, एजेंट नहीं होने पर मतदान शुरू करने की सैद्धांतिक व व्यवहारिक बारीकियां सिखाई जाएंगी।

प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी हिमांशु जोशी ने बताया कि 4-6 अप्रैल तक चुनावी प्रक्रिया की सभी पहलूओं का विस्तृत तौर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में पीठासीन, मतदान अधिकारी, माइक्रो ऑब्जर्वर वगैरह शामिल होंगे।

बुजुर्ग व दिव्यांगों के मतदान की ट्रेनिंग 3 को

हल्द्वानी : 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट से मतदान कराना है। इसमें चुनाव टीम किस तरह-तरह घर पहुंचेगी, फार्म पर किस तरह मतदान कराना है आदि की बारीकियां समझाई जाएंगी। इसकी ट्रेनिंग 490 अधिकारी-कर्मचारियों को 3 अप्रैल को मुक्त विवि के सभागार में दी जाएगी।

माइक्रो ऑब्जर्वर को 7 अप्रैल को दिया जाएगा प्रशिक्षण

हल्द्वानी : जिले के वल्नरेबल व अति संवदेनशील बूथों पर चुनावी प्रबंधन को लेकर प्रशिक्षण 7 अप्रैल को दिया जाएगा। नोडल अधिकारी जोशी ने बताया कि जिले में 259 बूथ वल्नरेबल हैं, इनमें माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए जाएंगे। इनको चुनावी प्रशिक्षण 7 अप्रैल को राजकीय मेडिकल कॉलेज हॉल में दिया जाएगा।

विदाई समारोह में कक्षा 8 के छात्र सम्मानित

गरमपानी : आयुष्मान कॉन्वेंट विद्यालय में कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को विदाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही मेधावियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मीनू त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्रों ने विद्यालय की यादों को साझा किया। जिसके बाद प्रधानाचार्य ने छात्रों से कड़ी मेहनत कर तय किए गए लक्ष्य को हासिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समा बांधा। इस दौरान प्रबंधक मुकेश त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्य संतोष कुमार, प्रीति मंगच्वाड़ी, नीलम जोशी, हेमा बिष्ट, सपना, निशा मंगच्वाड़ी, सरिता तिवारी, सरिता मेहरा, गीता बिष्ट, मनीषा, पूजा पिनारी आदि मौजूद रहे।

गर्मी शुरू, गौलापार में पेयजल संकट

▸▸ **बागजाला में पांच दिनों से नलकूप खराब होने पांच हजार की आबादी परेशान**

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अभी गर्मी शुरू ही हुई है कि नलकूप हांफना शुरू हो गए हैं। हल्द्वानी के बाद अब गौलापार में भी नलकूप खराब होने से हजारों की आबादी को पेयजल किल्लत से जूझना पड़ रहा है। हालांकि सिंचाई विभाग का दावा है कि जल्द ही मरम्मत कर नलकूप से पानी की आपूर्ति सुचारू की जाएगी। गौलापार के बागजाला में सिंचाई विभाग के नलकूप से पानी की आपूर्ति होती है।

यह नलकूप पांच दिन पूर्व खराब हो गया था तब से पानी की आपूर्ति ठप है। लोगों में पेयजल को लेकर हाहाकार मच गया है। जल संस्थान वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर एक पानी का टैंकर भेज रहा है, लेकिन पांच हजार की आबादी में 10 हजार लीटर का एक टैंकर नाकाफी साबित हो रहा है।

अधिकांश लोग निजी खर्च से टैंकर से पानी मंगाने को मजबूर हैं। वहीं, कई परिवार की महिलाएं और बच्चे एक-दो किमी की दूरी से पानी भर कर लाने को मजबूर हैं। गर्मी में पानी नहीं मिलने से बागजालावासियों में जल संस्थान को लेकर खासा आक्रोश है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आपूर्ति सुचारू नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

> नलकूप की मरम्मत की जा रही है। अभी चार-पांच दिन का समय लग सकता है। तब तक वहां जल संस्थान टैंकरों से पानी की आपूर्ति कर रहा है।
>
> – **अंचित रमन**, ईई सिंचाई विभाग

लीकेज को बंद करने के लिए वेल्डिंग करता श्रमिक। ● अमृत विचार

पेयजल आपूर्ति ठप होने से लोग परेशान

कालाढूंगी : गर्मी बढ़ते ही क्षेत्र में पेयजल संकट गहराने लगा है। जल संस्थान के कर्मचारियों के आपूर्ति बंद करने व टैंकरों की व्यवस्था न करने से लोगों में खासा रोष है। रविवार को आपूर्ति ठप होने से दिनभर लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकते रहे। जल संस्थान के जेई खगेन्द्र जोशी ने बताया कि मेथिसाह नाले पर पेयजल लाइन शिफ्टिंग का कार्य चल रहा है। बीते बुधवार को लाइन शिफ्ट कर जल आपूर्ति शुरू कर दी थी। लेकिन भारी वाहन के चलते पाइप दब गया। जिससे लीकेज शुरू हो गया। उन्होंने बताया कि कार्य समाप्त कर सोमवार सुबह से पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी जायेगी। वहीं बार-बार पेयजल आपूर्ति बंद होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जिससे उनमें जल संस्थान के खिलाफ रोष है।

कबाड़ी से बरामद किए स्पेयर पार्ट्स

गरमपानी : ऑटोमोबाइल की दुकान से गायब स्पेयर पार्ट्स खैरना में कबाड़ी के आवासीय परिसर से मिले हैं। बरामद माल की कीमत 20 हजार आंकी गई है। ऑटोमोबाइल कारोबारी नरेंद्र मेहरा की दुकान से लगभग 80 हजार रुपये के स्पेयर पार्ट गायब हो गए थे। व्यापारी ने गायब माल की काफी खोजबीन की लेकिन नहीं मिले।

इस पर खैरना चौराहे के समीप कबाड़ी की दुकान करने वाले के आवासीय परिसर से स्पेयर पार्ट बरामद हुए हैं। माल लगभग 80 हजार का चोरी हुआ था और मिला सिर्फ 20 हजार का है। खैरना चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के अनुसार मामले की जांच शुरु कर दी गई है। जांच पूरी होने के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।



एक नजर

अग्निकांड मामले की जांच शुरू, दमकल ने मांगा हिसाब

हल्द्वानी : बीते शनिवार की रात वर्कशॉप लाइन की एक दुकान में आग लग गई, लेकिन अभी तक नुकसान का आंकलन नहीं हो पाया है और न ही आग लगने की वजह का पता चल सका है। इस मामले में दमकल ने जांच शुरू कर दी है। बता दें कि शास्त्री कुंडा बरसाती गली वर्कशॉप लाइन निवासी गुरदीप सिंह पुत्र सरदार हरनाम सिंह की वर्कशॉप लाइन में चरनजीत ऑटो पार्ट्स के नाम से दुकान है। शनिवार की रात बंद दुकान में आग लग गई और दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग में ऑटो पार्ट्स के साथ-साथ टायर, इंजन ऑयल समेत भारी मात्रा में कीमती सामान भी जल गया था। सीएफओ गौरव किरार ने बताया कि दुकान मालिक ने जल चुके माल के बिल मांगे गए हैं। जिसके बाद नुकसान का सही अनुमान लगेगा। इसके अलावा टीम ने आग के कारणों की जांच भी शुरू कर दी है।

अवैध खनन में लिप्त दो डम्पर पकड़े

रामनगर : वन विभाग ने अवैध खनन में लिप्त दो वाहनों को पकड़कर सीज किया है। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश आर्य ने बताया कि रविवार को कोसी नदी वन क्षेत्र में वन क्षेत्राधिकारी रामनगर व रेंज स्टाफ के साथ गश्त के दौरान कटिया पुल वन क्षेत्र से दो डंपर अवैध खनन करते पकड़े गये। जिनको कठियापुल चौकी वन परिसर में विधिक कार्रवाई कर खड़ा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

युवक पर पॉक्सो में मुकदमा दर्ज

रामनगर : स्थानीय गांव की एक नाबालिग से छेड़छाड़ करने पर पुलिस ने सल्ट निवासी युवक के खिलाफ पॉक्सो में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी खुद को राजस्व कर्मी बताकर नाबालिग से अश्लील बातें करता था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस महानिरीक्षक निलेश आनंद भरणे ने दीक्षांत परेड में जवानों को दिलाई देश सेवा व कर्तव्य निष्ठा की शपथ, हौसला बढ़ाया

इंडिया रिजर्व बटालियन में शामिल हुए 179 रिक्रूट आरक्षी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) प्रथम वाहिनी में प्रशिक्षण पूरा कर रविवार को 179 रिक्रूट आरक्षी आईआरबी/पीएसी में शामिल हो गया। इस दौरान मुख्य अतिथि आईजी निलेश आनंद भरणे ने जवानों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें देश सेवा व कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई।

बैलपड़ाव स्थित आईआरबी प्रथम वाहिनी में ट्रेनी रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण पूरा करने के बाद दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 179 रिक्रूट आरक्षियों ने वाहिनी परेड ग्राउंड में मार्चपास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी और देश सेवा व कर्तव्य निष्ठा की शपथ ली। मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक व प्रदेश पुलिस प्रवक्ता निलेश आनंद भरणे ने परेड का निरीक्षण किया। समारोह को संबोधित करते आईजी ने सभी रिक्रूट आरक्षियों को मेहनत, लगन, कर्तव्य निष्ठा और पूर्ण समर्पणता के साथ कर्तव्य निर्वहन के बारे में बताया। उन्होंने ट्रेनिंग के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में आईआरबी प्रथम के सेनानायक रामचंद्र राजगुरु ने मुख्य अतिथि का आभार जताया। दीक्षांत परेड समारोह में उप सेनानायक मनीषा जोशी, उप सेनानायक बिमल कुमार आचार्य, प्रतिसार निरीक्षक प्रशिक्षण राजेंद्र प्रसाद, शिविरपाल, हरकेश सिंह, सूबेदार सैन्य सहायक योगेन्द्र सिंह अधिकारी, एसआई एपी संतोष कुमार समेत आईआरबी के सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

परेड का निरीक्षण करते पुलिस महानिरीक्षक निलेश आनंद भरणे व सलामी देते रिक्रूट आरक्षी। ● अमृत विचार

दिल्ली नंबर की कार से 1.22 लाख बरामद

हल्द्वानी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद से 50 हजार रुपये से अधिक की नकदी ले जाने पर पाबंदी है। ऐसे में पुलिस प्रशासन की चेकिंग और सख्त हो गई है।

शनिवार की रात मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी एसआई फिरोज आलम और एसएसटी की टीम ने पूर्वी दिल्ली मंडावली फासलपुर स्थित गली नंबर आठ निवासी पवन कुमार सोलंकी पुत्र रामवीर सिंह सोलंकी की कार संख्या डीएल 7सीएल 7224 से एक लाख 22 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। नकदी के दस्तावेज न मिलने पर उसे ट्रेजरी में जमा करादियागया है। टीम में एसएसटी प्रभारी खीम सिंह अधिकारी, हेड कां. मनोज सिंह राणा, का. टीकाराम थे। बता दें कि आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस प्रशासन ने चेकिंग अभियान तेज कर दिया है।

आंख बंद कर चला रहा था बस खतरे में डाली यात्रियों की जान

नशे में धुत था चालक, हल्द्वानी डिपो की बस में सवार होकर दिल्ली जा रहे थे 52 मुसाफिर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हल्द्वानी डिपो से रोडवेज की बस में सवार होकर दिल्ली के लिए निकले यात्रियों का हलक उस वक्त सूख गया, जब उनकी नजर बस चला रहे चालक पर पड़ी। हाथ में स्टेयरिंग थामे चालक की आंखें बंद थी और वह ड्राइविंग सीट पर बैठा दायें-बायें झूम रहा था। इसके बाद बस में हंगामा शुरू हो गया। अंततः गजरौला के एक ढाबे पर बस को रुकवाया गया। तब जाकर 52 यात्रियों की जान में जान आई।

हल्द्वानी डिपो की बस संख्या यूके 06 पीए 1697 रविवार की सुबह 11 बजकर 05 मिनट पर आनंद विहार दिल्ली को रवाना हुई। बस शाम लगभग 5 बजे गजरौला से पहले पहुंची थी। बस चलाने के तरीके से लोगों को चालक की गतिविधि ठीक नहीं लग रही थी। लोगों की नजर चालक पर पड़ी तो उन्होंने पाया कि चालक की आंख बंद है और वह झूमकर बस चला रहा है।

यह देखकर लोगों के होश उड़ गए। उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया और चालक से बस रोकने के लिए कहा। इस पर चालक लोगों से उलझ गया। परिचालक के समझाने पर बस को कुछ दूरी पर स्थित ढाबे पर रोका गया। गनीमत रही कि यात्रियों की सतर्कता से बस को दुर्घटना का शिकार होने से पहले रुकवा लिया गया। सही प्रबंधन न होने के कारण परिवहन निगम की छवि पहले भी कई बार धूमिल हो चुकी है। इस बार मामला कुछ अलग है।

लापरवाही

- सवारी की अचानक नजर पड़ी तो आंख बंद नशे में झूम रहा था चालक
- यात्रियों ने काटा हंगामा, तब जाकर गजरौला में ढाबे में खड़ी हुई बस

सूचना मिलने पर परिचालक को चालक के नशे में होने और बस चलाने की स्थिति में नहीं होने पर बस को मौके पर ही खड़े करने के निर्देश दिए। बाद में बस को रवाना कर दिया गया था।
-सुरेंद्र सिंह बिष्ट, एआरएम, हल्द्वानी डिपो

जितने समय में दिल्ली पहुंचना था, उतने में गजरौला पहुंचा

हल्द्वानी : हल्द्वानी डिपो से दिल्ली पहुंचने में एक बस को लगभग 6 घंटे लगते हैं, अगर जाम न मिले तो। वैसे आजकल जाम है भी नहीं। इसी तरह हल्द्वानी से गजरौला पहुंचने में सिर्फ 4 घंटे लगते हैं, जहां से दिल्ली सिर्फ दो घंटे की दूरी पर रह जाती है। अब जितना वक्त चालक ने गजरौला पहुंचने में लगा दिया, उतने वक्त में बस दिल्ली पहुंच जाती, अगर चालक होश में होता।

फ्लाइट छूटने के डर से पकड़ी दूसरी बस

हल्द्वानी : बस में सवार एक यात्री ने बताया कि शराब के नशे में चालक बहुत ही धीमी गति से बस चला रहा था। सुबह 11 बजे चली बस 6-7 घंटे बाद भी दिल्ली नहीं पहुंची। बस में सवार एक अन्य यात्री को दिल्ली से फ्लाइट पकड़नी थी। चालक की लापरवाही के कारण बहुत देरी होने से उसे मजबूरन दूसरी बस में यात्रा करनी पड़ी।

चालक पर नजरें गढ़ाए रहा परिचालक

हल्द्वानी : नशे में धुत चालक बस को बेहद धीमी गति से चला रहा था। लोगों को समय से दिल्ली पहुंचना था। लोगों ने आपत्ति की, तब पता लगा कि चालक शराब के नशे में चूर है। हंगामा हुआ तो बस रोक दी गई। परिचालक ने लोगों से गुजारिश की कि ढाबा थोड़ी दूर पर है, बस वहां तक जाने दी जाए। जिसके बाद परिचालक खुद चालक पर नजरें गढ़ाए रहा और बस ढ़ाबे तक पहुंचायी।

कॉल सेंटर संचालन का जवाब देने के लिए मांगी मोहलत

हल्द्वानी : भाजपा के नैनीताल रोड स्थित एक निजी स्कूल में बिना अनुमति के संचालित हो रहे कॉल सेंटर प्रकरण में नोटिस का जवाब देने के लिए सात दिन का समय मांगा है। अधिकारियों के अनुसार, बीती 27 मार्च को युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने एआरओ एपी वाजपेयी व ऑब्जर्वर को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि भाजपा नैनीताल रोड स्थित एक निजी स्कूल में बिना अनुमति के कॉल सेंटर संचालित कर रही है। इस कॉल सेंटर से जनता को फोन करके केंद्र व राज्य की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है जो कि आचार संहिता का उल्लंघन है।

इस शिकायत के आधार पर बीती 29 मार्च को एआरओ वाजपेयी ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट को नोटिस भेज कर 48 घंटे में जवाब मांगा था। नोटिस की अवधि पूरी होने पर भाजपा की ओर से जवाब नहीं आया है बल्कि भाजपा ने सात दिन की मोहलत मांगी है। एआरओ वाजपेयी ने बताया कि भाजपा ने नोटिस का जवाब देने के लिए सात दिन का समय मांगा है लेकिन इतना समय नहीं दिया जा सकता है। अधिकतम 48 घंटे का समय दिया जाएगा। इस अवधि में जवाब देना होगा वरना नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन हल्द्वानी कोषागार में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

135 बिलों का करीब पांच करोड़ का भुगतान अटका

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम दिन 31 मार्च को रविवार होने के बावजूद भी देर रात जिले के कोषागार, उप कोषागारों में कामकाज हुआ। आईएफएमएस पोर्टल नहीं खुलने से देर रात तक बिलों का भुगतान नहीं हो सका। संबंधित सरकारी विभागों के कर्मी व ठेकेदार उपकोषागार में डटे रहे।

सुबह 10 बजे ही तहसील स्थित हल्द्वानी उपकोषागार का दफ्तर खुल गया। अधिकारी-कर्मियों ने सुबह से ही पहुंच कर काम काज शुरू कर दिया। विभिन्न लेन-देन का निबटारा और कागजी कार्यवाही पूरी की गई। वहीं, 28 मार्च से अब तक विभिन्न सरकारी विभागों के प्राप्त हुए 135 से अधिक बिलों के पांच-छह करोड़ रुपये का भुगतान खबर लिखे जाने तक नहीं हो सका।

ट्रेजरी में काम करते अधिकरी।

रविवार होने के बाद भी 31 मार्च को हल्द्वानी ट्रेजरी खुली थी। देर रात तक कामकाज जारी रहा है। आईएफएमएस पोर्टल खुला था लेकिन बिलों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। रात 12 बजे तक स्टाफ काम करेगा, यदि पोर्टल से भुगतान शुरु होता है तो सभी बिलों का भुगतान किया जाएगा।
- इंद्र सिंह, अधिकारी कोषागार

दो दिन रामनगर प्रवास के बाद दिल्ली लौटे सचिन

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर दो दिन रामनगर प्रवास के बाद लौट गये हैं। सचिन कॉर्बेट पार्क में जंगल सफारी का आनंद लेने के बाद सचिन ताज रिसोर्ट में ठहरे थे।

रविवार सुबह सड़क मार्ग से वह रवाना हो गये। बता दें कि सचिन बीते गुरुवार को एक कंपनी के कार्यक्रम में पंतनगर पहुंचे थे। गुरुवार दोपहर बाद वह पत्नी और पारिवारिक मित्रों के साथ ढिकुली स्थित ताज रिजॉर्ट पहुंचे। यहां आराम करने के बाद वह शुक्रवार को जंगल सफारी के लिए ढिकाला पहुंचे। शनिवार को जंगल सफारी के बाद ढिकुली स्थित ताज रिजॉर्ट में उन्होंनें रात्रि विश्राम किया। जहां ताज रिसोर्ट के प्रबंधन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने रिसोर्ट की विजिटर्स बुक में ताज रिसोर्ट की प्रशंसा लिखी है। कोतवाली के एसएसआई युनूस खान ने बताया कि रविवार सुबह सचिन सड़क मार्ग से दिल्ली रवाना हो गए।

ताज रिजॉर्ट की विजिटर्स बुक में प्रशंसा लिखते सचिन तेंदुलकर।

200 लोगों ने जमा किया घर-सफाई कर

हल्द्वानी, अमृत विचार : रविवार को घर व सफाई कर भरने का आखिरी दिन था। इसके लिए नगर निगम में साप्ताहिक अवकाश के बाद भी काउंडर खोले थे, लेकिन सिर्फ 200 लोगों ने ही घर व सफाई कर जमा किया।

नगर निगम के राजस्व निरीक्षक महेश चंद्र पाठक ने बताया कि करीब 2000 लोगों को अलग-अलग मद में कर जमा करना था, लेकिन 1800 लोगों ने अब भी कर नहीं दिया। रविवार को लोगों ने 6,54,638 रुपये का घर व सफाई कर जमा किया।

उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने कर जमा नहीं किया है, उनके खिलाफ निगम की ओर से जल्द सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताया कि कुल लक्ष्य 4 करोड़ रुपये का है, जिसके सापेक्ष अब तक 3.47 करोड़ रुपये जमा हो गए हैं।

शटर गिरते ही स्पा सेंटर में शुरू होता है देह व्यापार

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : थैरेपी और मसाज के नाम पर गली-गली खुले स्पा सेंटर्स में अधिकांश का असली धंधा देह व्यापार है। यह खुलासा उन नेपाली युवतियों ने किया, जिन्हें शनिवार की रात पुलिस ने देह व्यापार के मामले में रंगेहाथ पकड़ा था। ऐसे स्पा सेंटर का असली धंधा रात शटर गिरने के बाद शुरू होता है और पूरा खेल सोशल मीडिया के जरिये संचालित होता है। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने ताजा मामले में 3 नेपाली युवतियों समेत 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बता दें कि शनिवार रात एएचटीयू प्रभारी मंजू ज्याला, तहसीलदार सचिन कुमार और नायब तहसीलदार युगल किशोर पांडे की टीम ने गोल्ड स्पा सेंटर में छापा मारा था। यहां से आपत्तिजनक स्थिति में आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जिसमें फैज पुत्र गौहर निवासी गौजाजाली बनभूलपुरा, सुरेन्द्र कुमार पुत्र प्रताप राम निवासी हरकोट कपकोट बागेश्वर हाल कर्मचारी पिज्जा किंग गदरपुर, योगेश पुत्र स्व. रमेश सिंह निवासी खानपुर गदरपुर ऊधमसिंह नगर, गौरी बिक पत्नी अमर निवासी शान्तिपुर छिनचू सुरखेत नेपाल हाल किरायेदार कालिका मन्दिर के पास रम्पुरा रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर, प्रिया पत्नी जीवन निवासी ऐरीबंग घड़तीगांव रोलपा नेपाल हाल किरायेदार कालिका मन्दिर रम्पुरा रुद्रपुर ऊधमसिंहनगर और प्रियंका पत्नी जीवन निवासी नौ नम्बर धनगढ़ी नेपाल हाल किरायेदार कालिका मन्दिर रम्पुरा रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर हैं।

गिरफ्त में आए ग्राहकों और युवतियों से पूछताछ में पता लगा कि अधिकांश ग्राहक गूगल सर्च के जरिये स्पा सेंटर का नंबर हासिल करते हैं। फोन में ज्यादा बात नहीं होती और ग्राहक को मौके पर बुलाया जाता है। स्पा सेंटर पहुंचने के बाद सौदा तय होता। ज्यादातर ग्राहकों के फोन रात 8 बजे के बाद आते हैं। ज्यादा रात होने पर स्पा सेंटर का शटर गिराकर देह व्यापार किया जाता है।

नियमित ग्राहकों को व्हाट्सएप पर मिलता है अपडेट : स्पा सेंटर की एक खास बात है कि यहां युवतियां रोटेशन में घूमती रहती हैं। हफ्ते या फिर 15 दिन के लिए युवतियों को ठेके पर स्पा सेंटर भेजा जाता है। जो समय पूरा होने पर दूसरे स्पा सेंटर चली जाती हैं। ये इसलिए ताकि ग्राहकों का स्पा सेंटर से मोह भंग न हो। नई लड़कियों की अपडेट धंधा करने वाला सरगना और उसके गुर्गे अपने नियमित ग्राहकों को व्हाट्सएप पर भेजते रहते हैं।

कोतवाली पुलिस की हिरासत में स्पा सेंटर से पकड़ी गईं नेपाली युवतियां और युवक।

देह व्यापार का सरगना बनभूलपुरा का फाजिल फरार

हल्द्वानी : पुलिस के मुताबिक लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी फाजिल देह व्यापार का सरगना है और वह फरार है। तहसीलदार ने स्पा सेंटर को सील कर दिया है और सभी सात आरोपियों के खिलाफ देह व्यापार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का मानना है कि फाजिल के गिरफ्तार के बाद धंधे से जुड़े कुछ और नाम उजागर होंगे।

30 पेटी शराब के साथ दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : टीपीनगर चौकी पुलिस और भवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान शराब की खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से देसी और अंग्रेजी शराब की 30 पेटियां बरामद हुई हैं।

शनिवार की देर रात कोतवाली थाना क्षेत्र के टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट और उनकी टीम ने देवलचौड़ स्थित मानपुर पश्चिम की आदर्श कॉलोनी निवासी हरीश बिष्ट उर्फ हरिया नेपाली को 15 पेटी देसी शराब और अंग्रेजी शराब के 37 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया। वहीं भवाली के क्वारव चौकी प्रभारी एएसआई गोविंदी टम्टा की टीम ने चापड़ गांव निवासी पंकज कुमार को गिरफ्तार किया। उसके पास से देसी शराब की 24 बोतलें और 641 पव्वे बरामद हुए। कार्रवाई के दौरान टीपीनगर चौकी के हेड कांस्टेबल दिगंबर सनवाल, सिपाही अनिल टम्टा, तारा सिंह और क्वारब चौकी के हेड कांस्टेबल प्रेम प्रकाश व सिपाही आनंद राणा आदि शामिल रहे।

पुलिस गिरफ्त में शराब के साथ पकड़ा गया तस्कर। ● अमृत विचार

35.86 ग्राम स्मैक के साथ महिला समेत तीन गिरफ्तार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने तीन स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने 35.86 ग्राम स्मैक बरामद कर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शनिवार की रात चेकिंग के दौरान काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा की टीम ने सुल्ताननगरी गौलापार निवासी अभिजीत कुमार को 12.1 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। वहीं बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी की टीम ने वार्ड नंबर 24 चोरगलिया रोड निवासी नईम को 12.40 ग्राम स्मैक और मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी की टीम ने अंजू आर्या पत्नी संजय आर्या निवासी वार्ड 24 चोरगलिया रोड को 11.45 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

ग्रेड कम आने पर छात्रा ने फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ग्रेड कम आने पर पिता ने बेटी से सिर्फ इतना कहा कि अबकी अच्छे से पढ़ाई करना। लेकिन बेटी को यह बात चुभ गई और शनिवार की आधी रात उसने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से परिवार सदमे में है।

देवखड़ी नीलकंठ कॉलोनी जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा निवासी रघुनंदन होमगार्ड में कार्यरत हैं। परिवार में पत्नी, 15 वर्षीय बेटी शगुन और साढ़े तीन साल का बेटा है। शगुन ने इस बार कक्षा 9 की परीक्षा दी थी। रघुनंदन ने बताया कि शुक्रवार को वह बेटी के साथ रिजल्ट और 10वीं कक्षा की कॉपी-किताबें लेकर घर लौटे थे। रिजल्ट में ग्रेड कम आए थे जिससे शगुन भी दुखी थी। शगुन को 10वीं के लिए अच्छे से पढ़ाई करने की बात कहकर वह रात 8 बजे ड्यूटी पर चले गए। करीब ढाई बजे मां की आंख खुली तो शगुन फांसी के फंदे से लटक रही थी। उसने दरवाजे की चौखट के ऊपर बने रोशनदान से चुनरी कस कर फांसी लगा ली थी। जानकारी मिलते ही आनन-फानन में रघुनंदन घर पहुंचे और बेटी को बेस अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

- शनिवार को पिता के साथ रिजल्ट और नई क्लास की कॉपी-किताबें लाई थी खरीदकर

वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

हल्द्वानी : किच्छा में रहने वाली एक महिला की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक उत्तरांचल कॉलोनी किच्छा निवासी मुन्नी देवी (65 वर्ष) पत्नी लक्ष्मी चंद्र घर से पूजा करने मंदिर के लिए निकली थी। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर अवस्था में मुन्नी को एसटीएच में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मौत हो गई।

सार-संक्षेप

जनप्रतिनिधियों को भाजपा की सदस्यता दिलाते विधायक कैड़ा। ● अमृत विचार

कैड़ा ने कई लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

भीमताल : भाजपा विधायक राम सिंह कैड़ा ने रविवार को ओखलकांडा मंडल के हरीशताल व पटरानी शक्तिकेंद्रो के बीच कौन्ता में कई जनप्रतिनिधियों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भीमताल सहित पूरे उत्तराखंड में विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने जनता से भाजपा उम्मीदवार को जिताने की अपील की। सदस्यता लेने वालों में अंजू देवी, कमला देवी, जीवन सिंह, माधवी, दीपा, प्रेम सिंह, शिव सिंह, रघुवीर सिंह, मोहन सिंह, हिम्मत सिंह, डीकेश सिंह, आन सिंह, नारायण सिंह, दीवान सिंह, महिपाल सिंह, खड़क सिंह, देव सिंह, आलम सिंह, पंकज सिंह, सुरेंद्र सिंह, दीपक सिंह, धन सिंह शामिल थे।

निर्धन परिवार को आर्थिक सहायता का चेक देते समिति पदाधिकारी। ● अमृत विचार

समिति ने निर्धन परिवारों को दी आर्थिक सहायता

हल्द्वानी : सौहार्द जन सेवा समिति ने रविवार को कुल्यालपुरा में दो निर्धन परिवारों को जरूरत की सामग्री व आर्थिक सहायता प्रदान की। एक परिवार को आर्थिक सहायता के तौर पर चेक दिया, जबकि दूसरे को जरूरत की सामग्री दी गई। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष विद्या महतोलिया, तनुजा पांडेय, शशि जोशी, कविता तिवारी, मोहन चंद जोशी मौजूद रहे।

श्री रामकथा अमृत महोत्सव 9 अप्रैल से

लालकुआं : श्रील् नित्यानंद पाद आश्रम गौधाम हल्दूचौड़ में 9 अप्रैल से श्री रामकथा अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जो 17 अप्रैल तक चलेगा। महोत्सव में श्रील् नव योगेंद्र स्वामी महाराज श्री रामकथा सुनायेंगे। पत्रकार वार्ता में गौधाम के व्यवस्थापक रामेश्वर दास महाराज ने बताया कि 8 अप्रैल को गुरु महाराज श्रील् नव योगेंद्र स्वामी का आश्रम में आगमन होगा। 9 अप्रैल से वह श्री रामकथा का हजारों भक्तों को श्रवण करायेंगे। शाम साढे.तीन बजे से 7 बजे तक चलने वाली कथा के बाद महाआरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। वार्ता के दौरान गौ सेवक गोपीनाथ दास, नारद मुनि दास, गोविंद दास, कमलेश भट्ट, पूर्व ग्राम प्रधान बालादत्त खोलिया, मणिशंकर दास, बलराम, निताई दास, ज्वाला प्रभु, केवल कृष्ण दास, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

अराध्या व रजा का जवाहर नवोदय में चयन

कालाढूंगी : मदर्स होम के छात्र अराध्या व अहमद रजा अंसारी ने जवाहर नवोदय विद्यालय की लिखित परीक्षा पास की है। छात्रों के चयन पर प्रधानाचार्य शशि रौतेला, प्रबंधक वीरेंद्र सिंह, पूरन जोशी, महेश तिवारी, दीवान सिंह बिष्ट, जगत सिंह रावत, प्रीती अरोरा, उमेश पांडे, पुष्कर सिंह अधिकारी, राधिका रौतेला, सपना गोस्वामी, पूनम पांडे, भावना रावत, रेखा बिष्ट, तारा मावड़ी ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

मेडल व प्रमाण पत्र के साथ नए युवा मतदाता व प्रमोद गोल्डी। ● अमृत विचार

नए युवा मतदाताओं को सम्मानित किया

हल्द्वानी : लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के चार्टर्ड समारोह में नए युवा मतदाताओं को सम्मानित किया गया। समारोह के माध्यम से युवा मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग करने का आहवान किया गया। क्लब के संस्थापक अध्यक्ष डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी की अध्यक्षता में हुए समारोह में लायंस क्लब के 21 युवा बच्चों को प्रथम बार मतदाता बनने पर उन्हें गोल्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। निवर्तमान सभासद मधुकर श्रोत्रिय, अनीता अग्रवाल, संजय गर्ग ने इन युवा मतदाताओं को सम्मानित किया। पहले मतदान फिर जलपान के संकल्प के साथ उन्होंने यह वायदा किया कि वह न केवल स्वयं मतदान करने जाएंगे, बल्कि परिवार और पड़ोस के बुजुर्गों एवं अन्य लोगों को भी अनिवार्य मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। विंचन आइकॉन गोल्डी ने मतदान के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं। कार्यक्रम में डॉ एमके शर्मा, प्रदीप, मुकेश अग्रवाल, राकेश वर्मा, विजय कुमार शर्मा, आशीष जैन, परविंदर आदि का सहयोग रहा।

विदाई कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी व अन्य। ● अमृत विचार

सेवानिवृत्ति पर तीन पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

हल्द्वानी : जिले में दो दरोगा और एक सिपाही की सेवानिवृत्ति से पूर्व उन्हें भावभीनी विदाई दी। रविवार को हल्द्वानी कोतवाली सभागार में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। अप्रैल में सेवानिवृत्त हो रहे दरोगा जगदीश चन्याल, केदारदत्त बहुगुणा व हेड कांस्टेबल जीवन चंद्र को एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी, सीओ स्पेशल ऑपरेशन सुमित पांडे, प्रतिसार निरीक्षक राजेंद्र सिंह बिष्ट और कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही डीजीपी अभिनव कुमार और एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के बधाई संदेश भी सुनाए। कार्यक्रम में एसपी सिटी ने पुलिसकर्मयों के सराहनीय सेवाओं की प्रशंसा की। कार्यक्रम मे सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के परिजनभीमौजूदरहे।

महिलाओं ने दिया मतदान करने का संदेश

हल्द्वानी : महिलाओं ने भिटौली के अवसर पर मतदान करने का संदेश दिया। भोटिया पड़ाव दो नहरिया में रविवार को महिलाओं ने आपका अधिकार आपकी जिम्मेदारी, वोट करेगा नैनीताल के पोस्टर हाथों में लेकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इन दिनों मतदान का संदेश घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप टीम लगातार जनसंपर्क कर रही है। संगीता मर्तोलिया ने मतदान जागरूकता के संबंध में उपस्थित जौहारी महिलाओं को मतदान करने के बारे में बताया।

चुनौतियों का समाधान कर एआई का उपयोग करना समय की मांग

महिला डिग्री कॉलेज में चल रही दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ समापन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में चल रही राष्ट्रीय कार्यशाला का रविवार को समापन हो गया। इस मौके पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बारे में चर्चा की गई। प्रथम तकनीकी सत्र में अतिथि वक्ता पीजी कॉलेज गोपेश्वर की शिक्षा संकाय की प्रो. चंद्रावती जोशी ने शिक्षा के क्षेत्र में एआई के उपयोग, इसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव और चुनौतियों के बारे में बताया।

एमआईटी के संयुक्त तत्वावधान में यूएसईआरसी देहरादून की ओर से आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य अतिथि उपनिदेशक उच्च शिक्षा डॉ. आरएस भाकुनी और मंचासीन अतिथियों का बैज लगाकर कर स्वागत किया। प्रो. कमला डी भारद्वाज, सागर सिंह सिरोला और अन्य विषय विशेषज्ञों व शोधार्थियों ने एआई की विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगिता के संबंध में चर्चा की।

उन्होंने बताया कि कई कंपनियां उत्पादों को प्रतिस्पर्धा के उत्पादों से अलग दिखाने के लिए एआई अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में भारी निवेश कर रही हैं। एआई अगली क्रांति को आगे बढ़ाएगा, लेकिन इस तकनीक के कई लाभ हैं तो कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां भी है।

इन चुनौतियों के समाधान से सभी क्षेत्रों में एआई का प्रभावी उपयोग करना बेहतर होगा। डॉ. आरएस भाकुनी ने कार्यशाला की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि विज्ञान उसी ओर तरक्की करता है जिस ओर मनुष्य सोचता है। उन्होंने कहा कि आज समाज में नई तकनीक का लाभ किस तरह उठाया जाए, इस विषय में अच्छे से विचार करना चाहिए। इस तकनीक के बारे में जब ठी से समझ जाए तभी इसका प्रयोग करना सार्थक होगा।

राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान मंचासीन विषय विशेषज्ञ व अन्य। ● अमृत विचार

पोस्टर में आयुषी, शोध पत्र में नेहा ने बाजी मारी

राष्ट्रीय कार्यशाला में पोस्टर प्रतियोगिता हुई, जिसमें महिला डिग्री कॉलेज की आयुषी प्रथम, पंतनगर विश्वविद्यालय की उत्कर्षा द्वितीय और महिला डिग्री कॉलेज की तनुजा तृतीय रहीं। वहीं शोध पत्र प्रस्तुतीकरण में नेहा विनवाल ने प्रथम, अंजली शुक्ला ने द्वितीय व आर्या कौशिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. प्रदीप पांडे ने दो दिनी कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। संयोजक प्रो. रश्मि पंत ने महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. शशि पुरोहित व अतिथियों, शोधार्थियों आदि का स्वागत किया। संचालन डॉ. विभा पांडे व डॉ. छवि कांडपाल ने किया।

मतदाताओं की तर्जनी पर लगेगी 2640 अमिट स्याही

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : चुनाव में मतदान के बाद तर्जनी उंगली में लगाए जाने वाली नीली स्याही का विशेष महत्व है। आगामी लोकसभा चुनाव में जिले के करीब 6,77976 मतदाताओं की तर्जनी उंगलियों पर लगाने के लिए नीली स्याही की 2640 शीशी आई हैं। जिले में कुल 1010 बूथों के लिए 1200 किट बने हैं। प्रत्येक किट में स्याही की दो शीशी रखी गई हैं, लेकिन जिन बूथों पर मतदाताओं की संख्या ज्यादा है, वहां अतिरिक्त शीशियों की व्यवस्था की गई है।

एक शीशी में 10 एमएल स्याही होती है, जो कि करीब 700 उंगलियों पर लगाई जा सकती है। इस बार चुनाव आयोग ने लोकसभा की कुल 543 सीटों के लिए करीब 55 करोड़ रुपये से स्याही की 26.55 लाख शीशियां खरीदी हैं। हालांकि, साल 2019 में चुनाव आयोग ने स्याही की 26 लाख शीशियां खरीदी थीं, जिस पर 33 करोड़ रुपये का खर्च आया था। साल 1962 में पहली बार इस स्याही का इस्तेमाल किया गया था। तब 3.89 लाख शीशियों का उपयोग हुआ था। इस पर 2.27 लाख रुपये खर्च हुए थे। आगामी लोकसभा चुनाव में अमिट स्याही के इस्तेमाल को भी 62 साल हो जाएंगे। देश में एक ही कंपनी मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लि. (एमपीवीएल) इस स्याही को बनाती है। कंपनी की स्याही की मांग कनाडा, मालदीव, घाना, नाइजीरिया, मंगोलिया, मलेशिया, नेपाल, दक्षिण अफ्रीका सहित दो दर्जन देशों में है।

नैनीताल जिले के लिए 2640 शीशियां स्याही आई हैं जिन्हें अन्य सामानों के साथ किट में रखकर प्रत्येक बूथ पर भेजा जा रहा है।
-पीआर चौहान, उपजिला निर्वाचन अधिकारी

शिकायत के बाद हुआ स्याही का इस्तेमाल

चुनावों में गड़बड़ी की शिकायत आने के बाद मतदाताओं की तर्जनी उंगली में अमिट स्याही लगाई जाने लगी। स्याही इस बात के प्रमाण के रूप में लगाई जाती है कि संबंधित व्यक्ति ने अपने वोट डाल दिया और इसे जल्दी मिटाना आसान नहीं होता है। ऐसा करने के बाद चुनावों में होने वाली धाधलियों पर काफी हद तक रोक लगी।

16 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार किया

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने 16 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय पेश करने की तैयारी की जा रही है। मंगोली चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह मेहता दलबल के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे तभी कालाढूंगी की ओर से स्कूटी पर सवार एक युवक आता दिखाई दिया।

पुलिस के समीप पहुंचने पर युवक सकपका गया और भागने लगा। इस बीच उसने जेब से एक पुड़िया निकाल कर फेंकने का भी प्रयास किया। लेकिन पुलिस कर्मियों ने उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुड़िया में स्मैक बरामद हुई। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि स्नो व्यू निवासी अभिषेक टांक के पास से 16 ग्राम स्मैक बरामद हुई है।

पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी।

हल्द्वानी, यूपीसीएल और शांतिपुरी ने जीते मैच

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : देवभूमि स्पोर्ट्स क्लब की ओर से आयोजित ऑल इंडिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता में यूपीसीएल, हल्द्वानी और शांतिपुरी ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का शुभारंभ अनंतम रिसोर्ट के स्वामी राजेश गोयल व उनकी पत्नी ने किया।

पहला मैच कबीर क्लब संभल व शांतिपुरी के बीच खेला गया। जिसमें शांतिपुरी ने संभल को 25-17, 25-19 से हराया। दूसरा मैच यूपीसीएल डोगरा रेजीमेंट के बीच खेला गया। जिसमें यूपीसीएल ने डोगरा रेजीमेंट को 23-25, 25-17 व 25-14 से हराया। तीसरा मैच हरिद्वार व हल्द्वानी के बीच खेला गया। जिसमें हल्द्वानी ने हरिद्वार को 25-20, 25-17, 25-23 से हराया। चौथा मैच यूपीसीएल व हरिद्वार के बीच हुआ। यूपीसीएल ने हरिद्वार को 25-23, 25-11, 25 -23 से हराया। सभी मैच लीग चल रहे है। देर रात लोकल और ऑल इंडिया फाइनल स्तर की प्रतियोगिता का फाइनल खेला गया। इस दौरान ललित सत्यवाली, भारत भट्ट, प्रमोद उप्रेती, कार्तिक पांडे, कैलाश तिवारी, दीप करगेती, भाष्कर पांडे, राजेश पांडे, प्रांजल पांडे, चमन करगेती मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

जीएनजी ने छह विकेट से जीता मैच

हल्द्वानी : कॉर्बेट कप अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए हिमालयन क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 46 ओवर में सभी विकेट खोकर 208 रन बनाये। टीम के लिए हार्दिक राना ने 8 चौके व 2 छक्के की मदद से 51 रन बनाए। जवाब में जीएनजी की टीम ने 43 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 209 रन से मैच जीत लिया। टीम के लिए मोहम्मद कैफ ने 14 चौके की मदद से 63 रन का योगदान दिया। मोहम्मद कैफ को मैन ऑफ द मैच और हार्दिक राना को फाइटर ऑफ द मैच दिया गया।

ड्रॉइंग-पेंटिंग व सामान्य ज्ञान में 126 बच्चों ने लिया हिस्सा

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : शांतिकुंज कल्याण समिति की ओर से पर्वतीय सभा लखनपुर में गोविंद बल्लभ घिल्ड़ियाल मैमोरियल शिक्षा उन्नयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 126 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कक्षा एक से लेकर 12 तक के बच्चे शामिल हुए।

राजस्व निरीक्षक तारा चन्द्र घिल्ड़ियाल ने अपने पिता स्व. गोविन्द बल्लभ घिल्ड़ियाल की स्मृति में बच्चों के शैक्षिक उन्नयन को ड्रॉइंग-पेंटिंग व सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें चार वर्गों में विजयी प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार तथा सभी प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान घनश्याम तिवाड़ी, प्रदीप पांडे, कमल तिवाड़ी, रमेश बिष्ट, रोहित बिष्ट, संतोष पपनै, प्रेमा जोशी, कौशल्या शर्मा, पुष्पा डंगवाल, ज्योति शर्मा, सभा के हेम पांडे, नवेन्दु जोशी मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

हरिमोहन हल्द्वानी विस के सह संयोजक बने

हल्द्वानी: भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हल्द्वानी में मजबूती के लिए हरिमोहन अरोड़ा को हल्द्वानी विधानसभा का सह संयोजक नियुक्त किया है। भाजपा विधानसभा वार प्रभारी एवं संयोजक नियुक्त कर चुनाव प्रबंधन पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी क्रम में जिला उपाध्यक्ष हरिमोहन अरोड़ा को हल्द्वानी विधानसभा का सह संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर लोकसभा प्रभारी बलवंत सिंह भौर्याल, कुमाऊं कलस्टर प्रभारी सौरभ बहुगुणा, सह प्रभारी प्रदीप बिष्ट, चंदन बिष्ट, राजेंद्र अग्रवाल ने बधाई दी है।

अपने माता-पिता के साथ सब लेफ्टिनेंट सुनीता खड़ायत। ● अमृत विचार

सुनीता नौसेना में सब लेफ्टिनेंट बनीं

हल्द्वानी, अमृत विचार : शिव दुर्गा विहार फूलचौड़ निवासी सुनीता खड़ायत भारतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट बन गई हैं। 27 मार्च को आईएनएस वालसुरा गुजरात में सुनीता ट्रेनिंग पूरी कर पासआउट हुई। वह मूल रुप से पिथौरागढ़ की निवासी हैं। सुनीता ने प्रारंभिक शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल और कॉन्वेंट स्कूल से हासिल की। इसके बाद आर्मी पब्लिक स्कूल दिल्ली से 12वीं तक की शिक्षा ग्रहण की। पढ़ाई पूरी होने के बाद सुनीता ने देहरादून से कंप्यूटर साइंस से बीटेक किया। सुनीता के पिता राजेंद्र सिंह खड़ायत भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर कार्यरत हैं, जबकि मां गंगा खड़ायत गृहिणी हैं। सुनीता ने भारतीय नौसेना में शामिल होकर अपने क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन किया है।

बड़े भाई की मौत के सदमे में छोटे भाई ने भी तोड़ा दम

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : सेमलखलिया गांव में रविवार को रिटायर्ड पोस्टमास्टर के निधन के बाद श्मशान घाट में उनकी चिता ठंडी भी नहीं हुई थी कि इस सदमे से उनके छोटे भाई का भी हार्ट अटैक से निधन हो गया। एक ही दिन दो भाइयों के निधन से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

सेमलखलिया गांव निवासी डाक विभाग से सेवानिवृत्त केशवदत्त जोशी (78 वर्ष) का रविवार तड़के 3 बजे हार्ट अटैक से निधन हो गया। गांव और परिवार में सूचना के बाद सुबह करीब 11 बजे पार्थिव शरीर को दाह संस्कार के लिए रामनगर स्थित विश्रामघाट ले जाया गया। चिता में आग लगाने के बाद ही केशवदत्त के छोटे भाई दुर्गादत्त जोशी (70) के सीने में तेज दर्द उठने लगा। हार्ट अटैक की आशंका से परिजन उन्हें तुरंत निजी अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें काशीपुर के लिए रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही दुर्गादत्त जोशी का निधन हो गया। इसके बाद दुर्गादत्त जोशी की अर्थी भी दाह संस्कार के लिए विश्रामघाट ले जाई गई, जहां बड़े भाई केशवदत्त की चिता जल रही थी। उनके बराबर में ही गमगीन माहौल में छोटे भाई की पार्थिव देह को मुखाग्नि दी गई।

दुखद

▸▸ **दो सगे भाइयों की एक साथ मौत होने से गांव में शोक की लहर**

बूथ लेबल पर जुटें कार्यकर्ता: दानू

लालकुआं, अमृत विचार : काररोड बिंदुखत्ता में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को विजय बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से बूथ लेबर पर जी-जान से जुटने का आह्वान किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू ने कहा कि बिंदुखत्ता व देश के विकास के लिए कांग्रेस के अलावा कोई विकल्प नहीं है। कुंदन सिंह मेहता ने कार्यकर्ताओं से चुनाव प्रचार में आम जन को भाजपा सरकार की नाकामियों से अवगत कराने को कहा। बैठक में महामंत्री प्रदीप बथ्याल, सूबेदार मेजर कुंदन सिंह मेहता, कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, विजय सामंत, राजेंद्र सिंह चौहान, मोहित जीना, राजपाल, प्रभात पाल मौजूद रहे।

गैस गोदाम के पास आग लगने से मचा हड़कंप

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : कोटाबाग आवंलाकोट स्थित गैस गोदाम के पास जंगल में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। रविवार देर शाम 8.39 बजे गैस गोदाम से कुछ दूर जंगल में अराजक तत्वों ने आग लगा दी। धीरे-धीरे आग गैस गोदाम तक पहुंच गई। मौके पर पहुंचे गैस गोदाम इंचार्ज गिरीश चंद्र शर्मा ने तुरंत पुलिस, वन विभाग, फायर ब्रिगेड व उच्च अधिकारियों को सूचना दी।

स्थानीय लोगों की मदद से वन कर्मियों और पुलिस कर्मियों ने फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक आग को गैस गोदाम तक पहुंचने से रोकने का प्रयास किया।

करीब सवा घंटे में रामनगर से दमकल वाहन मौके पर पहुंचा। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान परमजीत सिंह, मनोज टम्टा, दीप शर्मा, लक्ष्मण जीना पुलिस व वनकर्मी मौजूद रहे।

पांच अप्रैल के बाद शुरू होगा लाइन मरम्मत का काम

हल्द्वानी, अमृत विचार : बिजली विभाग गर्मी के सीजन को देखते हुए लाइनों की मरम्मत व अन्य संबंधी कार्य 5 अप्रैल के बाद शुरू करेगा। इसमें लाइनों की मरम्मत, ट्रांसफार्मरों की क्षमता समेत अन्य कार्य शामिल हैं।

विद्युत शहरी वितरण खंड के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि गर्मी से पहले सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति के लिए मरम्मत कार्य किया जाता है, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है। इसके लिए विभाग ने 5 अप्रैल के बाद से कार्य शुरू करने की योजना बनाई है। इसमें शहरी इलाकों में लाइनों की मरम्मत और फीडरों की क्षमता एवं ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी।

उत्तराखंड में अबकी बार महिलाएं बनाएंगी सरकार

राज्य में कुल 83,37, 914 मतदाता हैं, इनमें 40,20,038 महिला मतदाता हैं शामिल

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

48.21 प्रतिशत हैं महिला मतदाता

01 महिला प्रत्याशी है चुनावी मैदान में

अमृत विचार : बेशक देवभूमि उत्तराखंड की पांच संसदीय सीटों पर सिर्फ चार महिला प्रत्याशी ही मैदान में है लेकिन इस आम चुनाव में सभी राजनैतिक सूरमाओं की दिल्ली की राह आधी आबादी ही तय करेगी।

उत्तराखंड की पांच संसदीय सीटों पर 55 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें टिहरी सीट पर 11 प्रत्याशी आमने सामने हैं। इसी सीट से ही भाजपा की उम्मीदवार एवं महिला प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह चुनाव लड़ रही हैं। वहीं गढ़वाल में 13 में से दो सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्यूनिस्ट की रेशमा और पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक की सुरेशी देवी, अल्मोड़ा में उपपा की किरन आर्या, नैनीताल में 10 और हरिद्वार में 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। सत्ता के इस सर्वोच्च संग्राम में आधी आबादी के पास किसी भी दिग्गज की हार को जीत और जीत को हार में बदलने की पूरी ताकत है। राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में 83,37, 914 मतदाता हैं। इनमें 43,17,579 पुरुष और 40,20,038 महिला मतदाता शामिल हैं जबकि थर्ड जेंडर के मतदाताओं की 297 हैं। जो कि कुल मतदाता का 48.21 प्रतिशत होता है। एक ऐसा राज्य जहां औसतन 60-70 प्रतिशत मतदान होता है, वहां 48.21 प्रतिशत मतदाता किसी भी बड़ी उलट फेर का माद्दा रहता है।

अगर राजनैतक विश्लेषकों की मानें तो उत्तराखंड की सभी संसदीय सीटों पर शहरी क्षेत्रों को छोड़ दें तो गांवों के बूथों पर महिला मतदाता ही निर्णायक होती हैं। दरअसल, पहाड़ में पलायन एक ज्वलंत समस्या है, हर चुनाव में यह राजनैतिक दलों का मुद्दा भी बनता है। होता यह है कि रोजगार की आस में पुरुष तो रोजगार की तलाश में शहरों का रुख करते हैं जबकि महिलाएं ही गांवों में रहती हैं। गांवों को बसाने और बचाए रखने में आधी आबादी का बड़ा योगदान होता है। त्रिस्तरीय से लोकसभा चुनाव में महिलाओं का मतदान प्रतिशत ज्यादा रहता है। ये महिलाएं किसी भी राजनैतिक दल और माननीय की गणित बना-बिगाड़ सकती हैं। यही वजह है कि इस बार भाजपा, कांग्रेस समेत सभी राजनैतिक दल महिलाओं को रिझाने में जुटे हुए हैं।

जिले वार महिला मतदाताओं की संख्या

उत्तरकाशी	118184	पिथौरागढ़	186825
चमोली	146910	बागेश्वर	107043
रुद्रप्रयाग	98349	अल्मोड़ा	261542
टिहरी	251338	चम्पावत	98687
देहरादून	745352	नैनीताल	383558
हरिद्वार	692605	ऊधम सिंह नगर	641647
पौड़ी	279966		

संसदीय सीट	वर्ष 2024	वर्ष 2019
टिहरी गढ़वाल	760094	705533
गढ़वाल	668942	646688
अल्मोड़ा	654097	642100
नैनीताल	966135	862031
हरिद्वार	962738	854868

(नोट :- यह राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से वर्ष 2019 और 2024 के महिलाओं के मतदाताओं की संख्या का तुलनात्मक विवरण है।)

नोटा को मात देना राजनीतिक दलों के लिए चुनौती

संवाददाता, हल्द्वानी

चिंता

- **वर्ष 2014 में नैनीताल सीट पर 11 उम्मीदवारों और साल 2019 में 4 प्रत्याशियों से ज्यादा वोट नोटा को मिले**

अमृत विचार: पूरे देश में साल 2014 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को नोटा (इनमें से कोई नहीं) का विकल्प मिला, तब से उसने कई उम्मीदवारों से कई गुना ज्यादा वोट प्राप्त किए। साल 2014 के हुए लोकसभा चुनाव में नैनीताल सीट पर नोटा ने 11 उम्मीदवारों और साल 2019 के चुनाव में 4 उम्मीदवारों से अधिक वोट हासिल किए। ऐसे में राजनैतिक दलों के सामने नोटा से पार पाना भी बड़ी चुनौती है।

नैनीताल सीट में साल 2014 के लोकसभा चुनाव में कुल 15 उम्मीदवारों ने भाग्य आजमाया था, जिसमें कुल 11,01934 लोगों ने मतदान किया लेकिन केवल 4 उम्मीदवार ही नोटा से आगे रहे और 11 उम्मीदवारों को नोटा से मिले मतों से पीछे रहे। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी भगत सिंह कोश्यारी विजयी रहे, जिन्हें 6,36,769 वोट मिले। इसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी केसी सिंह बाबा को 3,52,052, बसपा प्रत्याशी लईक अहमद को 59,245 और आप प्रत्याशी बल्ली सिंह चीमा को 13,472 वोट मिले। इसके बाद 10328 लोगों ने नोटा दबाया जबकि बाकी प्रत्याशी दो हजार तो कोई चार हजार वोटों में सिमट गए। जबकि एक प्रत्याशी महज 802 वोट ही ला पाईं।

> मत देना का फैसला मतदाता का स्वयं का है। हमारी कोशिश निर्वाचन आयोग के 75 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना है।
> – **सुरेश अधिकारी**, जिला समन्वयक, स्वीप

इसी तरह साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भी कई प्रत्याशियों के मुकाबले नोटा का दबदबा कायम रहा और पिछले चुनाव की तुलना में उसे 280 वोट अधिक मिले। इस चुनाव में 7 प्रत्याशी मैदान में थे, जिनमें से केवल भाजपा, कांग्रेस व बसपा के उम्मीदवार ही नोटा से अधिक मत हासिल कर सके जबकि चार प्रत्याशी नोटा को मिले मतों से पीछे रहे। इस चुनाव में नोटा को 10,608 वोट पड़े, जबकि सीपीआई (एमएल) के डॉ. कैलाश पांडे को 5488, बीएमयूपी के ज्योति प्रकाश टम्टा को 2053, पीएलएम के प्रेम प्रसाद आर्य को 3339 वोट मिले। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मतदाताओं को नोटा को वोट करना सत्ता पक्ष की कार्यशैली से नाखुशी जताने का तरीका है। साथ ही, अन्य विकल्प भी पसंद न होने से लोग नोटा का बटन दबाते हैं। ऐसे में मतदाता नोटा नहीं दबाए यह किसी भी दल के लिए बड़ी समस्या है।

मुद्दे ! जिनका हल दशकों से नहीं खोज पाए माननीय

विनोद पपनै, रामनगर

निराशा

- **जनता ने हमेशा नामचीन हस्तियों को सांसद बनाकर भेजा लेकिन कई मुद्दों का अब तक नहीं हो सका है समाधान**

अमृत विचार: गढ़वाल लोकसभा सीट से हमेशा कद्दावर नेताओं के सांसद बनने से बेशक वीआईपी सीट रही हो लेकिन इस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली रामनगर विधानसभा के कई ऐसे मुद्दे हैं जिनका हल अब तक माननीय नहीं करा सके हैं।

बता दें कि 2004 व 2014 में इस सीट से भाजपा से रिटायर्ड मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी जीतकर संसद पहुंचे तो 2009 में कांग्रेस के टिकट पर सतपाल महाराज चुनाव जीते वहीं 2019 में पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत यहां से चुनकर गए मगर रामनगर के लोगों के जनहित से जुड़े ऐसे मुद्दे जो दशकों से लोगों की जुबां पर हैं अब तक नहीं सुलझ पाए। मसलन रामनगर को कोटद्वार से जोड़ने वाला कंडी मार्ग नहीं बन पाया। बेशक प्रदेश सरकार ने सामरिक दृष्टि से आवश्यक इस सड़क को बनाने के लिए प्रयास जरूर किए मगर मामला सुप्रीम कोर्ट में होने से राज्य और केंद्र सरकार की ओर से मजबूत पैरवी न होने से मसला आज भी जस का तस है। एक ओर कोसी नदी की बाढ़ का खतरा और दूसरी ओर जंगली जानवरों से भयभीत चुकुम गांव के विस्थापन का मुद्दा आज भी देहरादून सचिवालय में फाइलों की धूल फांक रहा है। हर साल चुनाव आते हैं और महानुभाव ग्रामीणों को आश्वासन देकर चलते बनते हैं। आज भी चुकुम के लोग यह आस लगाए बैठे हैं कि कभी तो उनकी मांग सुनी जाएगी।

यही हाल रामनगर के भरतपुरी, पम्पापुरी दुर्गापुरी क्षेत्र का है यहां के वाशिंदे अपने क्षेत्र के विनियमितीकरण की मांग करते आ रहे हैं। मगर आज तक लम्बी लड़ाई लड़ने के बाद भी इनका निदान नहीं हो पाया। यह बात दीगर है कि सरकार ने इन क्षेत्रों के विनियमितीकरण की हामी भरी जरूर है मगर अभी यह मांग भी अधर में लटकी पड़ी है। रामनगर से देहरादून के लिए सीधी रेल सेवा का सपना भी राज्य के लोग देख रहे हैं लेकिन चौबीस साल पुराना यह सपना कब पूरा होगा, कोई नहीं जानता। कार्बेट की परिधि से सटे गावों की भूमि को व्यवसायिक (वन फोर्टी थ्री) परिवर्तन न होना भी बड़ा मुद्दा है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि रामनगर में विकास के बहुत से काम हुए हैं मगर इन ज्वलंत मुद्दों के आज भी न सुलझ पाने से लोग खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। अब फिर चुनाव आ गया है और फिर यही पुराने मुद्दे उम्मीदवारों के सामने आएंगे और फिर वही आश्वासनों की गोली जनता जनार्दन को दी जाएगी लेकिन ये मुद्दे कब हल होंगे, यह सवाल अभी भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है।

देवभूमि में सैनिक हैं निर्णायक

सैन्य धाम बनाए बिगड़े काम जो पूजे पा जाए मुकाम

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

मतदाता गणित

- **गढ़वाल के दून, लैंसडाउन और चमोली में सर्वाधिक मतदाता**
- **पूर्व फौजियों की वीरनारियां भी चुनाव में साबित होंगी निर्णायक**

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई मर्तबा अपने भाषणों में उत्तराखंड को सैन्य धाम बता चुके हैं। मोदी जानते हैं कि उत्तराखंड में सेवारत और सेवानिवृत्त फौजी किसी भी सरकार को बना और बिगाड़ सकते हैं। यही वजह है कि देश की रक्षा में कई जंगें लड़ चुके राज्य के पूर्व सैनिक और सैनिक परिवार आज निर्णायक भूमिका में है और नेताओं की इस बड़े वोट बैंक पर नजर है। फिर वो सेवानिवृत्त फौजियों की विधवा ही क्यों न हों।

उत्तराखंड में पूर्व सैनिकों की संख्या 1,39,157 है। जबकि 48,924 पूर्व सैनिकों के विधवाओं की संख्या हैं। इस संख्या में 1,463 युद्ध विधवा हैं। कुल मिलाकर राज्य में मौजूद कुल मतदाता 83,37,914 के सापेक्ष फौजी और उनकी विधावाओं के 1,88,081 मत हैं। ऐसा देखा गया है कि फौजियों का मतदान हमेशा एकतरफा और देशहित में पड़ता है। बहरहाल, फौजियों के इस बड़े वोट बैंक पर हर नेता की नजर है। खासतौर पर गढ़वाल में पूर्व फौजी निर्णायक भूमिका में हैं और कुमाऊं में भी वह किसी भी पार्टी का गुणा-गणित बिगाड़ने की स्थिति में हैं।

गढ़वाल में मौजूद राज्य की राजधानी देहरादून में पूर्व फौजी 2,9,241 हैं, जो पूरे राज्य में सर्वाधिक हैं। गढ़वाल में ही चमोली में 1,1,087 और लैंसडाउन में 1,5,070 मतदाता हैं। ये गढ़वाल के सर्वाधिक पूर्व सैनिकों के मत वाले क्षेत्र हैं। जबकि कुमाऊं में पिथौरागढ़ में सर्वाधिक 1,8,136 और नैनीताल 1,3,468 में पूर्व फौजी हैं। हालांकि पूर्व फौजियों की विधवाएं सबसे ज्यादा पिथौरागढ़ में 8,534 हैं। पूरे राज्य में इनकी संख्या 50 हजार से कुछ कम है। इसके इतर राज्य में कुल पुरुष मतदाता 43,17,579 और महिला मतदाताओं की 40,20,038 है। जबकि थर्ड जेंडर 297 हैं।

राज्य में पूर्व सैनिकों की जिलेवार संख्या

जिला	सैनिक संख्या
अल्मोड़ा	9609
बागेश्वर	7832
चमोली	11087
चम्पावत	3688
देहरादून	29241
हरिद्वार	5405
लैंसडाउन	15070
पौड़ी	6959
नैनीताल	13468
पिथौरागढ़	18136
रुद्रप्रयाग	3618
टिहरी	5133
ऊधमसिंहनगर	8760
उत्तरकाशी	1151
कुल	139157

शहीदों/पूर्व सैनिकों की वीरांगनाएं

जिला	स्व.सैनिकों की पत्नियां		
अल्मोड़ा	4810	नैनीताल	3821
बागेश्वर	3740	पिथौरागढ़	8534
चमोली	4821	रुद्रप्रयाग	1726
चम्पावत	1355	टिहरी	2083
देहरादून	5400	ऊधमसिंह नगर	2701
हरिद्वार	1030	उत्तरकाशी	278
लैंसडाउन	5580	कुल	48924
पौड़ी	3045		

नाराज मतदाताओं के घावों पर लगने लगा मरहम

ब्यूरो, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अमूमन आम आदमी की बुनियादी समस्याओं से सरकारी तंत्र भले ही आंख चुराता हो पर चुनाव के वक्त अगर मतदाताओं ने समस्याओं को लेकर मतदान बहिष्कार की चेतावनी दी तो प्रशासन के हाथ-पांव फूल जाते हैं। यही वजह है कि हर चुनावों में अपनी मांग मनवाने के लिए बहिष्कार के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी सरकारी तंत्र को कुछ ऐसी ही स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है और नाराज मतदाताओं के घावों पर मरहम लगाने के लिए अधिकारियों का गांव गांव पहुंचना शुरू कर दिया है।

अल्मोड़ा संसदीय सीट सीमांत पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत और अल्मोड़ा जिलों को मिलाकर बनी है। यहां आज भी अनेक ऐसे क्षेत्र हैं। जहां लोग बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, संचार, स्वास्थ्य जैसी सेवाओं के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। सियासतदां चुनावी मौसम में इनके निदान का वादा करते हैं लेकिन फिर न नेता उनकी सुध लेना मुनासिब समझते हैं और न ही सरकारी तंत्र खामियों को ढर्रे पर लाने का कोई प्रयास करता है। वर्तमान लोकसभा चुनाव की बात करें तो जिले के करीब 15-20 गांवों के लोगों ने विभिन्न समस्याओं के लिए चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। इनमें अल्मोड़ा जिले के झीपा, टनौला, डभरा, हटौला, बरगेटी, कसाण, तलस्यारी, दलमोटी, क्ववैराला, खाईकट्टा, गिरचोला, खदेरागांव समेत अनेक गांव शामिल हैं। ऐसे में अब जहां प्रशासन के सामने शत प्रतिशत मतदान कराने की चुनौती है, वहीं नाराज मतदाताओं को मनाना भी किसी टेड़ी खीर से कम नहीं है। सीडीओ आकांक्षा कोंडे की मानें तो चुनाव बहिष्कार वाले गांवों की सूची तैयार कर उनसे बातचीत की जा रही है। उन्होंने कहा है कि नाराज ग्रामीणों को लोकतंत्र के इस पर्व पर भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

महेश व सिकंदर ने थामा भाजपा का दामन

राजनीति

- **देहरादून में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं रास सांसद नरेश बंसल ने दिलाई भाजपा की सदस्यता**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी/देहरादून/अल्मोड़ा

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा ने सिकंदर पंवार को भाजपा की सदस्यता दिलाई। ● अमृत विचार

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा ने कांग्रेस को झटका दिया है। नैनीताल जिले से महेश शर्मा और अल्मोड़ा से सिकंदर पंवार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। रविवार को देहरादून में प्रदेश अध्यक्ष एवं रास सांसद महेंद्र भट्ट और नरेश बंसल ने दोनों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई है।

महेश शर्मा नैनीताल जिले में कालाढूंगी से कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा चुनाव लड़ चुके हैं। वर्तमान में वह कांग्रेस में प्रदेश महासचिव थे। उनकी पत्नी कमलेश शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। वहीं, अल्मोड़ा के सिकंदर पंवार पूर्व दर्जा मंत्री रहे हैं। वर्तमान में वह बाल्मीकि समाज के प्रदेश अध्यक्ष हैं। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि जनता ने तय कर लिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 400 के पार का आशीर्वाद देना है। यही वजह है कि विभिन्न राजनैतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों से लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य राज्य के सभी बूथों पर 50 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त करना है। प्रदेश की पांचों संसदीय सीटों पर 5 लाख के अंतर से जीत दर्ज करनी है। इससे पूर्व कांग्रेस से सांसद रहे स्व. हरगोविंद पंत की पुत्रवधू वसुधा पंत समेत प्रमुख होटल व्यवसायी राजेश बिष्ट ने भी हाथ का साथ छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली है। इस दौरान कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, महेंद्र अधिकारी, अल्मोड़ा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

महेश शर्मा को बुके देकर स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायक बंशीधर भगत।

परीक्षा चौदह में से नौ विधानसभा सीटों पर भाजपा तो पांच पर कांग्रेस का है कब्जा, विधानसभा चुनावों से अधिक मत पाने की है चुनौती

लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार के साथ विधायकों का भी इम्तिहान

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटों पर काबिज होने की लालसा प्रदेश की दोनों मुख्य पार्टियों कांग्रेस और भाजपा में साफ देखी जा सकती है। दोनों ही पार्टियां इन सीटों पर जीत हासिल करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। चुनावी परचम फहराने के लिए पार्टी संगठन जहां एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। वहीं चुनाव में दोनों पार्टियों के विधायकों का भी कड़ा इम्तिहान होगा। क्योंकि विधायकों पर सांसद के चुनाव में अपने विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी को अधिक मत से जिताने की चुनौती है।

अल्मोड़ा लोकसभा सीट में चार जिलों अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चम्पावत की कुल चौदह विधानसभाएं हैं। यहां वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में नौ सीटों पर भारतीय जनता पार्टी और पांच सीटों पर कांग्रेस पार्टी के विधायकों ने अपनी जीत का परचम फहराया था। अब दोनों राष्ट्रीय दलों ने पार्टी के विधायकों को अपने क्षेत्र में पहले से बेहतर प्रदर्शन की जिम्मेदारी सौंप दी है। दोनों पार्टियों के विधायकों के लिए यह मौका जहां अपनी-अपनी विधानसभा क्षेत्र में अपनी साख आजमाने का है। वहीं लोकसभा चुनावों में उनकी विधानसभा का प्रदर्शन उनका राजनीतिक कद भी तय करेगा। ऐसे में अब दोनों दलों के विधायक अपनी विधानसभा से अपनी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार को अधिक से अधिक मत दिलाने के लिए जी तोड़ मेहनत करते भी दिख रहे हैं।

चम्पावत, बागेश्वर उपचुनावों में भाजपा ने दोहराया इतिहास

खटीमा से चुनाव हारने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत से उपचुनाव लड़ा। भाजपा के विधायक कैलाश गहतोड़ी ने उनके लिए अपनी सीट खाली की थी। इस चुनाव में भाजपा को चम्पावत से प्रचंड बहुमत मिला और धामी रिकार्ड 55025 मतों से जीते थे। उन्हें कुल 58258 मत प्राप्त हुए थे। जबकि कैबिनेट मंत्री रहे स्व. चंदन राम दास की आकस्मिक मृत्यु के बाद बागेश्वर सीट पर उनकी पत्नी पार्वती दास भी रिकार्ड मतों से जीती थी। उपचुनाव में उन्हें कुल 34028 मत प्राप्त हुए थे।

2022 के चुनावों में लोस की चौदह विस में कहां किसका कब्जा

विधानसभा	विधायक	पार्टी	मत	मत प्रतिशत
जिला – अल्मोड़ा				
अल्मोड़ा	मनोज तिवारी	कांग्रेस	24439	44.9
द्वाराहाट	मदन बिष्ट	कांग्रेस	17766	36.19
जागेश्वर	मोहन सिंह मेहरा	भाजपा	27530	52.04
रानीखेत	प्रमोद नैनवाल	भाजपा	21047	50.05
सल्ट	महेश जीना	भाजपा	22393	41.47
सोमेश्वर	रेखा आर्या	भाजपा	26161	52.09
जिला– बागेश्वर				
बागेश्वर	चंदन राम दास	भाजपा	32211	43.14
कपकोट	सुरेश गड़िया	भाजपा	31275	48.83
जिला – पिथौरागढ़				
धारचूला	हरीश धामी	कांग्रेस	27007	47.95
पिथौरागढ़	मयूख महर	कांग्रेस	33269	47.48
डीडीहाट	बिशन सिंह चुफाल	भाजपा	20594	37.69
गंगोलीहाट	फकीर राम	भाजपा	32296	55.65
जिला –चम्पावत				
चम्पावत	कैलाश गहतोड़ी	भाजपा	32547	50.26
लोहाघाट	खुशाल अधिकारी	कांग्रेस	32950	51.65

एक नजर

पानी लगाते समय करंट लगने से अधेड़ की मौत

खटीमा। मंदिर परिसर में पानी लगाते समय करंट लगने से बगुलिया निवासी चंचल बक्शी 45 पुत्र निर्पद बक्शी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही झनकइया थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है, जिसका सोमवार को पोस्टमार्टम होगा। इधर मृतक के घर में कोहराम मचा है।

आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर : सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत के मामले में कुंडा थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला गंज निवासी चन्द्रा पत्नी रोहित कुमार ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि 19 जनवरी को उसके पति रोहित रात में करीब पौने बारह बजे जसपुर स्थित एक रेस्टोरेंट से काम कर अपने घर लौट रहे थे। मिस्सरवाला की पुलिया के पास पीछे से आ रही मोटरसाइकिल चालक ने तेजी व लापरवाही से टक्कर मारकर उसके पति को घायल कर दिया। हादसे में उसके पति बाइक समेत पुलिया के नीचे गिर गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कोर्ट ने इस मामले में कुंडा पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सड़क किनारे दिखे गजराज

बाजपुर। गर्मी शुरू होते ही जंगली जानवर पानी की तलाश में आबादी की ओर आने लगे हैं, जिसके चलते शनिवार सायं नैनीताल बाजपुर हाईवे पर गडप्पू जंगल के पास हाथी सड़क किनारे आ गए, जिसके चलते राहगीरों को रुकना पड़ा वहीं लोगों द्वारा हाथी आने के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी कर दिया गया।

46वीं वाहिनी पीएसी प्रांगण में पासिंग आउट परेड में मार्च पास्ट करते प्रशिक्षार्थी आरक्षी। ● अमृत विचार

रुद्रपुर में नौ माह का प्रशिक्षण पूरा कर 194 रिक्रूट आरक्षी पासआउट

पीएसी वाहिनी में पासिंग आउट परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट प्रोत्साहित किए गए

दीक्षांत समारोह

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : 46वीं वाहिनी पीएसी प्रांगण में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट परेड का आयोजन हुआ, जहां एडीजी सीआईडी ने परेड का निरीक्षण किया और जवानों का उत्साहवर्धन किया। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

रविवार को परेड ग्राउंड दीक्षांत समारोह का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि निदेशक सतर्कता एवं अपर पुलिस महानिदेशक सीआईडी वी मुरुगेशन ने सेनानायक 46वीं वाहिनी पीएसी पंकज भट्ट के साथ परेड का निरीक्षण किया। वहीं पास आउट आरक्षियों ने मार्च पास्ट के माध्यम से सलामी दी। मुख्य अतिथि मुरुगेशन ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर समाज की सुरक्षा का हिस्सा बनना गौरवशाली क्षण होते हैं, जहां नौ माह का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी आरक्षियों को अलग-अलग जनपदों में स्थानांतरित किया जाएगा, जहां से हर आरक्षी की जिंदगी की शुरुआत होती है।

पासिंग आउट परेड को सलामी देते एडीजी सीआईडी व साथ में सेनानायक।

सेनानायक पंकज भट्ट ने बताया कि 46वीं वाहिनी पीएसी प्रांगण में 15 जून 2023 को 194 रिक्रूटों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। नौ माह की कड़ी मशक्कत के बाद 194 नागरिक पुलिस के आरक्षियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान विकास कुमार, वीरेंद्र सिंह अधिकारी, अभिषेक कुमार, शैलेंद्र,सुरेंद्र सिंह और गणेश कांडपाल को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

अलग-अलग स्थानों से शराब के धंधे में लिप्त तीन लोग गिरफ्तार

काशीपुर: पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कच्ची शराब के धंधे में लिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उनके कब्जे से 62 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने जैतपुर रोड पेट्रोल पंप के पास से यहीं के निवासी रवि सिंह पुत्र सुंदर सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। उधर, रम्पुरा में सतपाल सिंह उर्फ पम्मा पुत्र जरनैल सिंह के घर के आंगन से 20 लीटर कच्ची शराब की। आरोपी पुलिस को देख मौके से फरार हो गया। इधर, प्रतापपुर चौकी पुलिस ने भी कचनालगाजी गड्डा कालोनी निवासी अमरीक सिंह उर्फ विक्की पुत्र बलवीर सिंह को एसआरएफ फैक्ट्री के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 लीटर कच्ची शराब बरामद की। वहीं भोगपुर डाम जसपुर कालोनी निवासी सत्यप्रकाश उर्फ काका पुत्र स्वर्ण सिंह को रम्पुरा के सामने कूड़े दान के बगल में लगा गेंहू के खेत से कच्ची शराब बेचते गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

अभियोजकों व पुलिस कर्मियों को दी ट्रेनिंग

प्रशिक्षण में उपस्थित अभियोजक और पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : संयुक्त निदेशक (विधि) डीएस जंगपांगी के निर्देशन में अभियोजन कार्यालय रुद्रपुर में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता आदि कानून के संबंध में समस्त अभियोजकों और पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

रविवार को प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक ने कहा कि कानून लोकतंत्र का एक मजबूत स्तम्भ है, इसलिए सभी अभियोजकों व पुलिस कर्मियों को संबंधित कानूनों की जानकारी होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर कानूनों में संशोधन होते हैं इसलिए प्रशिक्षण के माध्यम से सभी को प्रशिक्षित किया जाता है। ताकि सभी को वर्तमान में प्रचलित कानूनों की जानकारियां मिल सकें। जिससे समाज व लोकतंत्र को और मजबूती मिल सके व लोगों का कानून व्यवस्था का समय पर लाभ मिल सके। इस अवसर पर अभियोजक, पुलिस कार्मिक आदि उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण

▸▸ सभी को संबंधित कानूनों की जानकारी होना अति आवश्यक

गल्ला मंडी से बस को रवाना करते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व अन्य।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

आवश्कता है
मार्केटिंग हेतु अनुभवी युवकों की।
वेतन योग्यतानुसार
A.S. GENERATOR SERVICE CENTRE
Authorized Dealer Escorts Kubota Limited
Kashipur Bus Stand, Joshi Wali Gali, Gandhi Asharam Road, Kashipur, U. S. Nagar, Uttarakhand-244713
M : +91-9625342048
7455893972
asgeneratorservicecentre@gmail.com

सूचना

सूचित किया जाता है कि सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम Rishika गलत दर्ज हो गया है। सही नाम Rishika Mahar दर्ज किया जाय। JC-543204H नायब सुबेदार देवेन्द्र सिंह 19 कुमाऊँ रेजिमेंट

कार सवारों ने शिक्षक को दी जान से मारने की धमकी

बाजपुर कोतवाली में पुलिस अधिकारी का घेराव कर तहरीर सौंपते शिक्षक।

संवाददाता, बाजपुर

आक्रोश

▸▸ छात्र को फेल करने का आरोप लगाकर गाली-गलौज की

अमृत विचार: छात्र को फेल करने का आरोप लगाते हुए कार सवार युवकों ने मंडी समिति परिसर में टहल रहे शिक्षक के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। घटना से शिक्षकों में आक्रोशित फैल गया। मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे शिक्षकों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

इंटर कालेज बाजपुर में प्रवक्ता प्रदीप चंद्र जोशी ने पुलिस को बताया कि 30 मार्च को विद्यालय में परीक्षाफल घोषित हुआ था। देर सायं करीब साढ़े 8 बजे वह अनाज मंडी परिसर में टहल रहा था। आरोप है कि तभी एक सफेद रंग की कार सवार ने शिक्षक को क्षति पहुंचाने की कोशिश की। इतना ही नहीं अज्ञात व्यक्ति ने गाड़ी से निकलकर एक छात्र को फेल करने का आरोप शिक्षक पर लगाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। वहीं इस घटना के चलते शिक्षकों में काफी रोष देखा जा रहा है।

चोरी की तीन बाइकों संग एक को दबोचा

खटीमा। कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के तहत चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को पकड़ा है। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने दो अन्य बाइकें भी बरामद की हैं।

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम पुलिस ने चकरपुर सानिया नाले के पास चोरी की बाइक सहित एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने स्वयं को चांदपुर निवासी प्रेम सिंह राणा बताया। अभियुक्त ने यह बाइक पिछले साल अक्टूबर में चकरपुर से चोरी की थी। पूछताछ करने पर उसने बताया कि उक्त मोटरसाइकिल को उसने चोरी करने के बाद पंथागोठ के जंगल की झाड़ियों के पीछे छुपाया था। जिसे वह बेचने के लिए ले जा रहा था कि पुलिस ने पकड़ लिया। प्रेम ने यह भी बताया कि उसने दो अन्य बाइकों को भी जंगल में छुपाया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा पंथागोठ के जंगल की झाड़ियों से दो अन्य मोटरसाइकिलें बरामद कर लीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। इधर पुलिस ने चकरपुर निवासी हरीश उर्फ लल्ला को न्यायालय में पेश न होने पर जारी वारंट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

अधिवक्ताओं के चैंबर्स का लोकार्पण करते पूर्व अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

पूर्व अध्यक्ष ने किया अधिवक्ताओं के चैंबर्स का लोकार्पण

काशीपुर : कचहरी प्रांगण में अधिवक्ताओं के प्रथम तल पर बने चैंबर्स का लोकार्पण पूर्व अध्यक्ष संजय चौधरी व वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने फीता काटकर किया तथा एडवोकेट अंकित चौधरी को चैंबर की चाबी भेंट की। चेंबर का निर्माण बार एसोसिएशन काशीपुर के निर्देश पर अधिवक्ता अंकित चौधरी द्वारा कराया गया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष संजय चौधरी व वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ताओं के चैंबर्स उनके कार्य करने के लिए अति आवश्यक था। इस मौके पर बार एसोसिएशन के सचिव नृपेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, भास्कर त्यागी, अनूप बिश्नोई, राहुल दुआ, अंकित चौधरी आदि उपस्थित थे।

65 श्रद्धालु अयोध्या बनारस व काशी रवाना

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : गल्ला मंडी स्थित श्याम मंदिर से अयोध्या, बनारस व काशी के लिए लगभग 65 श्रद्धालुओं की बस पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने केसरिया रंग का झंडा दिखाकर रवाना किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के जयकारे लगाए और यात्रा के लिए रवाना हुए। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि पिछले कई वर्षों बाद राम भक्तों के सपने पूरे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में धार्मिक यात्रा का विशेष महत्व है। धार्मिक यात्रा से मन शुद्ध होता है और नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्राओं से लोगों को धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। इस दौरान संजय ठुकराल, ललित बिष्ट सुरेंद्र सिंह, राज कोली, बंटी कोली, प्रेम शंकर कोली समेत कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

गैस एजेंसी का ताला तोड़कर सिलेंडर चोरी

शांतिपुरी: स्वतंत्रता सग्राम सेनानी जवाहरनगर स्थित गोलगेट में राधा गैस एजेंसी का ताला तोड़कर चोर एक भरा हुआ गैस सिलेंडर चोरी कर ले गये। सूचना पर पहुंची पंतनगर पुलिस ने एजेंसी में हुई चोरी की घटना का मौका मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

शनिवार की रात को किसी ने जवाहरनगर गोलगेट स्थित राधा गैस एजेंसी के पिछले दरवाजे का ताला तोड़ वहां अन्दर रखा एक भरा हुआ गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। रविवार प्रातः जैसे ही एजेंसी मालिक नरेन्द्र सिंह मनराल रोज की तरह एजेंसी पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एजेंसी का पिछला दरवाजा खुला है और दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ है। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। जांच में पता चला कि चोरों ने इसके अलावा वहां लगे इनर्वटर का बैटरा खेलने व ड्रौज के ताले तोड़ने का असफल प्रयास किया। एजेंसी मालिक नरेन्द्र मनराल ने बताया कि करीब तीन साल पहले भी चोरों ने एजेंसी के ताले तोड़ कर वहां से हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया था। हालांकि उस समय पुलिस की सख्ती के बाद कुछ ही घंटों बाद चोर चुप चाप एजेंसी के पास झाड़ियों में सारा सामान वापस फैंक कर चले गये थे। जबकि इस बार देर शाम को समाचार लिखे जाने तक पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल पाई थी।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

कार्यशाला | जीबी पंत कृषि विवि के बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ की ओर से वर्चुअल मोड में कार्यशाला का आयोजन

पंतनगर में बौद्धिक संपदा अधिकार पर मंथन

संवाददाता, पन्तनगर

अमृत विचार : जीबी पंत कृषि विवि के बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ की ओर से वर्चुअल मोड में कार्यशाला का आयोजन किया गया। विज्ञान एवं तकनीकी परिषद (यूकोस्ट) के वित्तीय सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न राज्यों के 129 संस्थानों से 672 संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जो बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रति जागरूकता को प्रदर्शित करता है।

कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि शोध के परिणामों को पेटेंट के माध्यम से जहां संकाय सदस्य या विद्यार्थी को व्यक्तिगत लाभ होता है, वहीं संस्था का भी नाम होता है और पेटेंट का वाणिज्यीकरण होने से आय का स्रोत भी प्राप्त होता है। बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) के तहत आने वाले सभी पहलुओं के प्रति जागरूक होना समय की मांग है और नवोन्वेषण से वैज्ञानिक पेटेंट की संख्या में वृद्धि कर सकते है। उन्होंने बीटी काटन व ट्रांसजेनिक मस्टर्ड से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। आईसीएआर के पूर्व सहायक महानिदेशक एवं बौद्धिक संपदा केंद्र के सीईओ डॉ. जय प्रकाश मिश्रा ने आईपीआर की संकल्पना, पेटेंट का महत्व, ट्रिप्स एग्रीमेंट, पेटेंट का वाणिज्यीकरण, जैव प्रौद्योगिकी, जैव विविधता के संदर्भ में आईपीआर व कृषि में पेटेंट से संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला गया। कुमाऊं विवि के प्राध्यापक एवं आईपीआर समन्वयक डॉ. बीना पांडे ने विभिन्न क्षेत्रों में आईपीआर की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए पेटेंट कापीराइट, ट्रेडमार्क, जियोग्राफिकल इन्डीकेशंस आदि के बारे में बताया। यूकोस्ट के वैज्ञानिक हिमांशु गोयल ने पारम्परिक ज्ञान और बौद्धिक संपदा अधिकार के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न क्षेत्रों में किस प्रकार से उसका संरक्षण और पेटेंट किया जा सकता है, के बारे में जानकारी दी।एसकेआरएयू बीकानेर राजस्थान के प्राध्यापक डॉ. सुजीत कुमार यादव ने जियोग्राफिकल इंडिकेशंस को कृषि के क्षेत्र में बौद्धिक संपदा के संरक्षण के लिए टूल के बारे में बताते हुए देश के विभिन्न राज्यों में उनके द्वारा विभिन्न उत्पादों के लिए जीआई पंजीकरण के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के 18 उत्पाद जीआई पंजीकृत है, जबकि उत्तर प्रदेश में केवल 13 उत्पाद। जीआई पंजीकरण व्यक्तिगत न होकर समुदाय स्तर पर होता है। इससे पूर्व आईपीआर सेल के नोडल अधिकारी एवं समन्वयक डॉ. जेपी जायसवाल ने कार्यशाला में उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए आईपीआर से संबंधित विषयों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रति देश में जागरूकता बढ़ी हैं। भारत विश्व के पेटेंट मामले में छठें स्थान पर है। यहां विवि के अधिष्ठाता, निदेशक, संकाय सदस्य, विद्यार्थी व अन्य संस्थानों के संकाय सदस्य मौजूद रहे। अंत में डॉ. रश्मि तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

पंतनगर विवि के विद्यार्थी सम्मानित

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय गेहूं एवं जौ संस्थान की ओर से आयोजित तीन-दिनी पांचवे अंतर्राष्ट्रीय ग्रुप मीटिंग (आईजीएम) में विवि के तीन विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट शोध प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। विवि के गेहूं एवं जौ शोध समन्वयक डॉ. जेपी जायसवाल ने बताया कि आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के मास्टर डिग्री में शोध कार्य के लिए रशपाल सिंह को बेस्ट ओरल पुरस्कार और इसी विभाग की शोध छात्रा तुषाद्रि सिंह को बेस्ट पोस्टर पुरस्कार सहित पादप रोग विज्ञान की. शोध छात्रा अदिति डोभाल को उनकी प्रस्तुति के लिए बेस्ट ओरल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चैहान ने तीनों विद्यार्थियों और उनके एडवाइजर वैज्ञानिकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

रशपाल सिंह।

तुषाद्रि सिंह।

अदिति डोभाल।

घर में घुसकर युवती पर ईंट से हमला, गंभीर रूप से घायल

बाजपुर। घर में काम कर रही युवती पर अंदर घुसे एक युवक ने ईंट से हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

रविवार को मोहल्ला टीचर कालोनी में एक युवती अपने घर पर घरेलू काम कर रही थी। बताया जाता है कि इसी बीच दोपहर में एक युवक हाथ में ईंट लेकर अचानक घर के अंदर घुस गया और युवती पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के समय घर लोग मौजूद नहीं थे। वहीं युवती की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग व दुकान मौके पर पहुंच गए, लेकिन तब तक आरोपी भागने में सफल रहा। घायल को सरकारी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना को अंजाम देने वाला युवक रिश्तेदार बताया जा रहा है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

किशोरी से दुष्कर्म के दोनों आरोपी गिरफ्तार

खटीमा : सीमावर्ती गांव में दो युवकों की ओर से किशोरी को डरा धमका कर कई माह तक दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने इस मामले के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। नेपाल सीमा से लगे गांव के एक पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों शानू और धर्मपाल के खिलाफ शनिवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने तत्काल करवाई करते हुए तलाश कर शनिवार देर रात्रि दोनों आरोपियों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें रविवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पीड़ित ने तहरीर में बताया था कि वह दिल्ली में काम करता है और होली पर घर आने पर उनकी नाबालिग पुत्री ने घटना बताई। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कारवाई की है।

स्मैक और नगदी के साथ युवक गिरफ्तार

किच्छा : पुलभट्टा पुलिस ने एक युवक को अवैध स्मैक एवं नगदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलभट्टा थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में उप निरीक्षक पंकज कुमार एवं पुलिस कर्मी दीपक बिष्ट की टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान गोला पुल के पास संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी ग्राम भैंसोड़ी शरीफ, थाना मिलक, जिला रामपुर तथा वर्तमान में वार्ड नंबर 14, थाना बनभूलपुरा, हल्द्वानी जिला नैनीताल निवासी गुलफाम के कब्जे से 3100 रुपये के अलावा 4 .62 ग्राम अवैध स्मैक तथा आरोपी का आधार कार्ड एवं एक मोबाइल फोन बरामद कर कब्जे में ले लिया। थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि आरोपी गुलफाम के अनुसार उसके द्वारा हल्द्वानी निवासी एक व्यक्ति से स्मैक खरीदी गई थी तथा खरीदी गई स्मैक से उसने कुछ लोगों को स्मैक बेच दी है तथा पकड़ा गया।

चाकू लेकर घूम रहे युवक को किया गिरफ्तार

काशीपुर : पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से चाकू बरामद कर उसका आर्म्स एक्ट में चालान किया है। प्रतापपुर चौकी प्रभारी नीमा बोहरा ने पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान हेमपुर रेलवे क्रॉसिंग से सड़क किनारे एक संदिग्ध को शक के आधार पर रोककर जब उसकी तलाशी ली, तो उसके कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हेमपुर डिपो निवासी आकाश पुत्र राजवीर बताया। आरोपी ने बताया कि छोटी मोटी चोरी कर नशे करता है और अपनी सुरक्षा के लिए चाकू रखता है। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत चालान किया है।

खटीमा-पीलीभीत सीमा पर एलआईयू सक्रिय, एसएसपी कर रहे मॉनिटरिंग

हत्यारों की गिरफ्तारी को सूचना तंत्र सक्रिय

तलाश

- गुरुवार को बाइक सवारों ने की थी बाबा तरसेम सिंह की हत्या
- हत्याकांड को अंजाम देने के बाद अचानक हत्यारे भूमिगत हो गए

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम की हत्या के हत्यारों को दबोचने के लिए पुलिस की दस टीमों ने पूरी ताकत झोंक दी है। आधुनिक और लोकल सूचना तंत्र को सक्रिय करने के बाद पुलिस ने जहां नेपाल व बंगाल में डेरा डाल दिया है, वहीं कनाडा एंबेसी से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। कारण पुलिस को आशंका है कि जिस प्रकार हत्याकांड को अंजाम देने के बाद अचानक बाइक सवार हत्यारे भूमिगत हो गए। उससे साफ होता है कि कहीं हत्यारों ने भगाने के लिए खटीमा या फिर पीलीभीत के रास्ते नेपाल में प्रवेश किया होगा। उसी मार्ग से बंगाल या फिर कनाडा भागने की फिराक में होंगे, जिसकी एसएसपी खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जानकारों का मानना है कि 28 मार्च को बाबा तरसेम सिंह की हत्या सुबह छह बजे के करीब हुई थी और पुलिस को साढ़े छह बजे के करीब हत्याकांड की जानकारी मिली थी।

सुरागरसी और हत्याकांड की तह तक जाने के लिए पुलिस को करीब दो से ढाई घंटा लगा होगा और पुलिस ने सुबह साढ़े दस बजे के करीब हत्यारों की फोटो फुटेज जारी कर दी थी। ऐसे में जानकारों का मानना है कि बाबा के हत्यारे कभी भी भागने के लिए लंबा नहीं, बल्कि छोटा रास्ता अख्तियार करेंगे। यहां तक कि हत्यारे कभी भी हाईवे से भागने की कोशिश नहीं करेंगे।

83 अधिकारी व कर्मचारियों की दस टीमें बनाई गई

जानकारों ने प्रबल संभावना जताई कि खटीमा से नेपाल जाने का रास्ता हो या फिर पीलीभीत से नेपाल में प्रवेश का मार्ग हत्यारों के लिए सबसे ज्यादा महफूज है, क्योंकि महज दो से ढाई घंटे के अंदर हत्यारे आसानी से गोपनीय रास्तों से नेपाल में प्रवेश कर सकते हैं। इसके अलावा नेपाल में छिपने या उसी रास्ते से बंगाल जाना भी बेहद आसान है। वहीं नेपाल के रास्ते कनाडा जाना भी बेहद आसान है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए 83 अधिकारी-कर्मचारियों की बनाई गई दस टीमों में से चार टीमों ने बंगाल में डेरा डाल दिया है। वहीं नेपाल पुलिस के साथ मिलकर खोजबीन शुरू कर दी है। वहीं पांचवी टीम ने कनाडा एंबेसी से संपर्क साधकर हत्यारों के प्रवेश पर निगरानी शुरू कर दी है। इसके अलावा पांच टीमें लगाकर लोकल सूचना तंत्र के अलावा यूपी के कई जिलों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। जिसकी एसएसपी खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या की

काशीपुर : अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

रविवार को गड्डा कालोनी निवासी 20 वर्षीय शैलेंद्र सिंह पुत्र मोनू सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतक मजदूरी का काम करता था। एसआई नीम बोरा ने बताया कि मृतक पिछले एक साल से किसी बात को लेकर परेशान चल रहा था, जिसके संबंध में उसने अपने परिजनों को भी नहीं बताया था। फिलहाल मामले में जांच की जा रही है।

हत्यारोपियों के यूपी में छिपे होने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/मकसूदापुर

बाबा तरसेम हत्याकांड

- शाहजहांपुर में डकैती की वारदात को अंजाम दे चुका है सर्वजीत
- नेपाल भाग सकते हैं आरोपी, साल 2011 में रखा था अपराध की दुनिया में कदम

अमृत विचार: बाबा तरसेम सिंह के हत्यारोपी दोनों शूटरों के यूपी में छिपे होने की आशंका है। उत्तराखंड एसटीएफ शूटरों के पीछे लगी हुई है। दोनों आरोपी बचने के लिए भागते फिर रहे हैं। शाहजहांपुर में हत्यारोपियों के मददगार होने की आशंका है। बताया जा रहा है कि बाबा तरसेम के विरोधी खेमे के कुछ लोग शाहजहांपुर में रहते हैं। जिसके चलते शाहजहांपुर हॉटस्पॉट बना हुआ है।

बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में शामिल सर्वजीत सिंह ने शाहजहांपुर से लेकर पंजाब तक में वारदातें की हैं। उसकी अंतिम लोकेशन पीलीभीत के बरखेड़ा में मिली थी, जिसके चलते उसके यूपी में छिपे होने की आशंका है। बाबा की हत्या में बाइक चला रहे आरोपी सर्वजीत सिंह ने वर्ष 2011 से अपराध की दुनिया में कदम रखा था। सर्वजीत पर पुवायां क्षेत्र में डकैती डालने और हत्या करने का केस दर्ज हुआ था। उसके बाद पंजाब के अलग-अलग थानों में उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए। पंजाब में सर्वजीत के खिलाफ चोरी, नशे की तस्करी, फायरिंग, मारपीट, अवैध असलहा रखने के मुकदमे दर्ज हैं।

सर्वजीत के खिलाफ उसके मूल गांव मियाविंड में उसके गांव के ही लोगों के साथ झगड़े और मारपीट के मामले दर्ज हैं। सर्वजीत और दूसरे आरोपी अमरजीत सिंह की अंतिम लोकेशन सीसीटीवी फुटेज में पीलीभीत के बरखेड़ा में मिली थी। इससे संभावना है कि सर्वजीत अपने पुराने ठिकाने की ओर जा रहा है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि शाहजहांपुर में ही आरोपियों का कोई मददगार हो। इसी के चलते एसटीएफ की टीमें जिले में छापामारी कर रही हैं। बंडा, निगोही और पीलीभीत के बिलसंडा में छापामारी हत्या से जुड़े षड्यंत्रकारी और शूटरों को पनाह देने को लेकर की गई है।

सर्वजीत सिंह की कथित पोस्ट आई सामने

बाबा तरसेम सिंह की हत्या के बाद मुख्य आरोपी सर्वजीत सिंह ने कथित तौर पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर हत्या की जिम्मेदारी ली थी। अब हत्यारों की तरफ से कथित तौर पर एक और पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली गई है। पोस्ट में सर्वजीत की तरफ से लिखा गया है कि हम ठीक- ठाक ढाका, बांग्लादेश पहुंच चुके हैं। हमारे परिवार को पुलिस परेशान न करे, हम सही समय आने पर खुद को अकाल तख्त साहिब में पेश कर देंगे। पोस्ट की लोकेशन भी ढाका, बांग्लादेश की है। यह भी माना जा रहा है कि पोस्ट से पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस इस पोस्ट की सत्यता की जांच कर रही है।

बाबा की हत्या के चार दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ

प्रबंध कमेटी और सेवादारों से लगातार हो रही पूछताछ, हत्यारोपियों के बांग्लादेश के ढाका पहुंचने की जानकारी मिली

जांच

संवाददाता, नानकमत्ता

अमृत विचार: डेरा कार सेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या करने के चार दिन बाद भी पुलिस हत्यारों को पकड़ने में कामयाब नहीं हो सकी है। हत्यारोपियों के बांग्लादेश के ढाका पहुंचने की जानकारी मिली है। इधर पुलिस के आला अधिकारी नानकमता थाने में डेरा डाले हुए हैं। इधर पुलिस लगातार गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी और कारसेवा के सेवादारों से पूछताछ कर रही है।

नानकमत्ता के डेरा कार सेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च की सुबह षड्यंत्र के तहत मोटर साइकिल पर सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ दो गोलियां दाग उनकी कारसेवा परिसर में ही हत्या कर फरार हो गए थे। संस्कार के बाद सेवादार जसबीर सिंह ने दो बंदूकधारियों सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। हत्या के बाद से आरोपियों की धर पकड़ में जुटी पुलिस को अभी तक कोई सफलता नहीं मिल सकी है जबकि हत्यारों के देश से बाहर चले जाने की बात कही जा रही है। इधर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी निर्देशन में पुलिस का आला अधिकारियों ने थाने में डेरा डाल रखा है। वही पुलिस द्वारा तेज तर्रार दरोगाओं के नेतृत्व में 14 टीमों का गठन कर पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियां, दिल्ली आदि के विभिन्न स्थानों को भेजा गया है। जबकि आज चार दिन बाद भी बाबा की हत्या के खुलासे के मामले में पुलिस के हाथ खाली है। वहीं इस संबंध में जानकारी को लेकर पुलिस कुछ भी कहने से कतरा रही है। इधर पुलिस द्वारा डेरा कारसेवा और गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सेवादारों से एक-एक कर लगातार पूछताछ कर रही है। वहीं घटना के खुलासे को लेकर छेत्र के लोगों को इंतजार है की आखिर कब पकड़े जाएंगे हत्यारोपी और षड्यंत्रकारी। वहीं कारसेवा परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात है।

नानकमत्ता के डेरा कारसेवा परिसर में तैनात जवान। ● अमृत विचार

पंजाब पुलिस ने शुरू की पूछताछ

बाबा तरसेम के हत्यारोपियों के परिवार को पंजाब पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बाबा के हत्यारों की पहचान होते ही। तत्काल पुलिस की एक टीम पंजाब के तरनतारन को रवाना हो गई थी, जहां पुलिस ने दबिश दी और दोनों हत्यारोपियों के परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि हत्याकांड से कई दिन पहले ही दोनों ने घर छोड़ दिया था और परिवार से भी कोई संपर्क नहीं साधा, जिसकी पुष्टि हत्यारोपियों के बंद पड़े मोबाइल और सीडीआर रिपोर्ट से शुरू हुई। पुलिस को आशंका से है कि हत्याकांड से पहले ही मोबाइल व सिम कार्ड बदल दिया गया होगा।

अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू।

पंजाब के तरनतारन में लिखी बाबा की हत्या की पटकथा

संवाददाता, रुद्रपुर

साजिश

- 15 साल पहले ही छोड़ चुका है अमरजीत अपना गांव, कट्टरपंथी विचारधारा के हैं दोनों हत्यारोपी

अमृत विचार : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम की हत्याकांड को अंजाम देने से पहले हत्याकांड की पटकथा पंजाब के तरनतारन में लिखी गई थी, क्योंकि हत्यारोपी अमरजीत सिंह बिलासपुर यूपी छोड़ने के बाद पंजाब चला गया था और कट्टरपंथी विचारधारा का था। पुलिस का भी मानना है कि इसी कट्टरपंथी सोच का ही परिणाम है कि बाबा की हत्याकांड को अंजाम दिया गया।

बताते चलें कि बिलासपुर यूपी के गांव सिहोरा का रहने वाला अमरजीत 15 साल पहले ही गांव की पुश्तैनी जमीन और मकान बेचकर परिवार के साथ पंजाब के तरनतारन चला गया था। वहीं अमरजीत का नाम उस वक्त भी सुर्खियों में आया था। जब वर्ष 2013 में डिबडिबा यूपी के प्रधान सेठी की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। गांव छोड़ने के बाद अमरजीत का संपर्क बिलासपुर यूपी के अलावा सीमावर्ती ऊधमसिंह नगर के सिख परिवारों से रहा। हत्यारोपी कट्टरपंथी विचारधारा का व्यक्ति था।

सूत्रों के अनुसार पंजाब में बसने के दौरान उसकी मुलाकात पंजाब तरनतारन के रहने वाले सरबजीत सिंह से हुई और जब नानकमत्ता के पूर्व प्रधान तरसेम का विवाद सुर्खियों में आने लगा। उसी दौरान दोनों की सक्रियता बढ़ गई। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान सरबजीत व अमरजीत कई बार तराई में आकर विरोध आंदोलन में शामिल भी हुए है। गुरु घर का विवाद ज्यादा बढ़ने के बाद दोनों कट्टरपंथी विचारधारा के हत्यारोपियों ने कुछ माह पहले ही बाबा तरसेम की हत्याकांड की योजना बनाई और शातिराना अंदाज से नानकमत्ता आकर हत्याकांड को अंजाम दे डाला। जिसकी आशंका पुलिस के आला अधिकारी भी जता रहे हैं। पुलिस के अधिकारियों का मानना है कि हत्याकांड के बाद जिस प्रकार सोशल मीडिया पर हत्यारों के समर्थन में पोस्ट डाली जा रही है। उससे साफ हो रहा है कि हत्याकांड को अंजाम किसी प्रोफेशनल शूटरों ने नहीं, बल्कि कट्टरपंथी सोच के दोनों हत्यारोपियों ने दिया है।

भागने में प्रयोग कर सकते हैं खीरी वाला रास्ता

आशंका है कि शूटर शाहजहांपुर-लखीमपुर खीरी के रास्ते नेपाल की ओर भाग सकते हैं। ज्यादा आशंका है कि आरोपी नेपाल भागने के लिए लखीमपुर खीरी के रास्ते का प्रयोग करें। ऐसे में पुलिस ने नेपाल से सटे बार्डर पर भी अलर्ट कर रखा है। उत्तराखंड ऊधमसिंह नगर के एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बीते दिनों शूटरों को जल्द गिरफ्तार किए जाने की बात कही थी।

लोकल पुलिस को नहीं लिया विश्वास में

उत्तराखंड पुलिस और एसटीएफ ने जिले में छापामारी तो की, लेकिन लोकल पुलिस को विश्वास में नहीं लिया। यही वजह रही कि सुबह के समय जिले की पुलिस कार्रवाई की पुष्टि नहीं कर सकी। दोपहर बाद छनछन कर खबरें बाहर आने लगीं कि उत्तराखंड पुलिस ने जिले में कार्रवाई की है। बंडा और निगोही थाने की पुलिस ने भी उत्तराखंड पुलिस की छापामारी की पुष्टि की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसटीएफ ने कोई लिखा-पढ़ी संबंधित थानों में नहीं की है। पुलिस कर्मियों ने दबी जुबान में एसटीएफ की कार्रवाई की पुष्टि की है।

महिला पर फेंका खौलता तेल

दुस्साहस

- मामला खेड़ा बस्ती का, दुकानदारों में हुआ विवाद
- महिला को अस्पताल में कराया भर्ती, वीडियो वायरल

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : खेड़ा बस्ती में उस वक्त अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। जब दो दुकानदारों के बीच मामूली विवाद के चलते पहले कहासुनी शुरू हुई। उसके बाद लाठी डंडे चलने लगे। जब एक दुकानदार की पत्नी बीच बचाव को आई तो आवेश में आकर दूसरे पक्ष के दुकानदार ने खोलता हुआ तेल महिला के ऊपर फेंक दिया और लोहे का बट सिर पर मार दिया, जिससे महिला लहूलुहान होकर नीचे गिर गई। आनन-फानन में महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

वहीं घटना की वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। खेड़ा बस्ती स्थित ईदगाह के समीप रफीक और सद्दाम की आमने सामने दुकान है। शनिवार की देर शाम किसी बात को लेकर दोनों दुकानदार में विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने लगे।

जब रफीक की पत्नी फिरोजा बीच बचाव को आई तो दूसरे पक्ष के दुकानदार ने तराजू का लोहे का बाट सिर पर मार दिया और उसके बाद कढ़ाई में खौलता हुआ तेल महिला के ऊपर फेंक दिया। इससे महिला घायल होने के साथ ही झुलस गई और लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई, जबकि नजदीक खड़ी एक युवती भी उसकी चपेट में आ गई। आनन-फानन में महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां महिला की हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर और वीडियो वायरल होने के बाद घटना की जांच शुरू हो गई।

रुद्रपुर में हुए विवाद में झुलसी महिला।

मोटर में करंट आने से विवाहिता की मौत

रुद्रपुर : नल पर बर्तन धोते वक्त एक विवाहिता की करंट लगने से मौत होने का मामला सामने आया है। विवाहिता की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

सोढ़ी कॉलोनी बिलासपुर डिबडिबा यूपी का रहने वाला कन्हैया लाल मौर्य प्लम्बर का कार्य करता है और दो बेटियों व पत्नी के साथ रहता है। बताया जा रहा कि शनिवार की देर शाम को पार्वती देवी घर के बाहर स्थित नल पर बर्तन धो रही थी कि नल में पानी की मोटर में अचानक करंट दौड़ने लगा। जब पार्वती ने नल को छुआ तो करंट लगने से विवाहिता मूर्छित होकर नीचे गिर गई, जिसे देखकर परिवार में अफरातफरी मच गई और विवाहिता को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पानी के प्रेशर से कई घायल, एक गंभीर

हादसा

- बोरिंग के पानी के प्रेशर से मकान और सामान क्षतिग्रस्त
- हैवी प्रेशर मशीन से पाइप लाइन में बिना बताए पानी छोड़ा

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: स्वजल योजना के तहत हो रहे बोरिंग के पानी के प्रेशर से पांच लोग घायल हो गए, जिसमें एक की हालत गंभीर बताई गई है। सभी का उपचार निजी अस्पताल में कराया जा रहा।

घायल जसवंत सिंह।

शनिवार सायं ग्राम हरिपुरा जबरान में हर घर नल, हर घर जल मिशन के योजना के तहत ओवरहेड टेक व बोरिंग का निमार्ण किया जा रहा है जिसके चलते शनिवार को सैंकड़ों फिट गहरे बोरिंग का निर्माण किया गया। इस दौरान बोरिंग के पानी को साफ करने के लिए करीब 100 फिट लम्बी पाइप लाइन ओपन डाली गई। पाइप के अंत में जसवंत सिंह (38) पुत्र इंद्र सिंह को पाइप पकड़ाकर खड़ा किया गया था। इसी बीच पानी साफ करने के लिए हेवी प्रेशर मशीन के माध्यम से पाइप लाइन में बिना बताए पानी छोड़ दिया। प्रेशर इतना जबरदस्त था कि जसवंत करीब आठ फिट हवा में उछलकर कर जमीन में गिर कर गंभीर घायल हो गया। वहीं हाथ से छूटे पाइप का प्रेशर इतना जबरदस्त था कि आसपास के लोगों को गिराता चला गया। उनके हाथों में पकडे. मोबाइल भी धार से आसमान में उछल कर जमीन पर गिरने से छतिग्रस्त हो गए। तेज धार से पास में रहने वाले विशन सिंह का कच्चा भवन व सामान क्षतिग्रस्त हो गया।

वहीं पंकज बिष्ट, गित्तों बिष्ट, ऊषा बिष्ट, राधा बिष्ट आदि अनेक लोगों के चोटें आईं हैं। ग्राम प्रधान पति गुरचरण सिंह ने बताया कि जसवंत सिंह की हालत गंभीर है। वह निजी अस्पताल में भर्ती है। ठेकेदार के लोगों सहित कुछ लोगों को हल्की चोटें आईं हैं। वहीं ग्रामीण ललित ने बताया कि प्रेशर इतना जबरदस्त था कि आगन में पेड़ तख्त व गेहूं के ड्रमों को भी उड़ा ले गया।

पानी के प्रेशर से क्षतिग्रस्त विशन सिंह का मकान। ● अमृत विचार

तैयारी सेना के रिकॉर्ड ऑफिस में ऑनलाइन भेजे गये बैलेट पेपर, सरहदों पर सेवा दे रहे सैनिक चुन सकेंगे मनपसंद प्रत्याशी

नैनीताल-ऊधमसिंह नगर में 10629 सैनिक बैलेट से देंगे वोट

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

अमृत विचार : देश की सरहदों पर दिन-रात सेवाएं दे रहे सैनिक भी बैलेट पेपर से मतदान करेंगे और अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने मनपसंद प्रत्याशी के पक्ष में वोट डाल सकेंगे। इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से 10629 सैनिकों को ऑनलाइन बैलेट पेपर सेनाओं के रिकॉर्ड ऑफिस भेज दिए गये हैं। इसमें ऊधमसिंह नगर के 5913 और नैनीताल जनपद के 4716 सैनिक शामिल हैं।

दरअसल, उत्तराखंड को देवभूमि के साथ वीर सैनिकों की भूमि के नाम से भी जाना जाता है। यहां के लोग कुमाऊं रेजीमेंट, गढ़वाल रेजिमेंट के साथ ही सेना की विभिन्न यूनिटों में तैनात हैं। सरहदों में ड्यूटी के चलते ये कई बार जवान अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं। इसी के चलते चुनाव आयोग ने देश की सरहदों पर ड्यूटी में तैनात लोगों के लिए डाक के बजाय ऑनलाइन बैलेट पेपर भेजे जाने की व्यवस्था की है। ताकि समय की बचत हो सके और समय पर सैनिक भी अपने मतदान का प्रयोग कर सकें।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार डाक के माध्यम से बैलेट पेपर भेजने से देरी से मिलते थे। कई बार तो चुनाव में प्रत्याशियों की घोषणा हो जाने के बाद ये बैलेट पेपर वापस आते थे। अब चुनाव आयोग बैलेट पेपर को डाक से भेजने के बजाय सीधे ई-मेल से विभिन्न सेनाओं के रिकॉर्ड ऑफिस को भेजे जा रहे हैं। रिकॉर्ड ऑफिस से बैलेट पेपर की विभिन्न सेनाओं के यूनिटों को भेजी जाएगी। यूनिट में इन बैलेट पेपरों के प्रिंट निकालकर जवानों को अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए दिए जाएंगे।

> नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट में 10629 सैनिक हैं। इन सैनिकों को ऑनलाइन बैलेट पेपर भेज दिए गये हैं। ये बैलेट पेपर सेनाओं के रिकॉर्ड ऑफिस में भेजे गये हैं। यहां से बैलेट पेपर विभिन्न सेनाओं के यूनिटों को भेजे जाएंगे और फिर प्रिंट निकालकर जवानों को दिए जाएंगे। समय पर बैलेट पेपर मिलने पर जवान अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।
> -**विजय तिवारी**, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

ओवरटेक के प्रयास में कार क्षतिग्रस्त

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर गाड़ी को ओवरटेक करने के प्रयास में डंपर ट्रक की चपेट में आकर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद डंपर ट्रक और कार डिवाइडर पर चढ़ गए। घटना के दौरान कार में सवार लोगों की जान बाल बाल बच गई। सूचना के बाद पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई।

जानकारी के अनुसार पुलभट्टा थाना अंतर्गत सितारगंज मार्ग पर शंकर फॉर्म क्षेत्र में ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में कार और डंपर ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने के बाद अनियंत्रित कार और डंपर ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए ऊपर चढ़ गए। हालांकि घटना में बड़ा हादसा होने से टल गया और कार सवार लोगों को खरोच तक नहीं आई तथा उनकी जान बाल बाल बच गई। सड़क के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। जिससे सड़क के दोनों तरफ जाम लग गया।

किच्छा में दुर्घटना के बाद डिवाइडर पर चढ़े दोनों वाहन। ● अमृत विचार

एक नजर

मारपीट के मामले में चार लोग नामजद किए

खटीमा : पुलिस ने तीन दिन पहले सरपुड़ा गांव में हुई मारपीट के मामले में चार लोगों सहित तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सरपुड़ा निवासी नेहा देवी ने पुलिस को तहरीर सौंपी तहरीर में कहां है कि 28 मार्च की रात को एक राय होकर सात लोग घर में घुस आए और गली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर उन्होंने कुल्हाड़ी से वर कर उसे और परिवार के अन्य लोगों को घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस से दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। जिस पर पुलिस ने आकाश, रामअवतार, भवानी प्रसाद, अमरपाल सहित तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

पंतनगर में धूमधाम से मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

पंतनगर : शनिवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मदिवस समारोह समिति की आवश्यक बैठक परिसर के अंबेडकर पार्क में संपन्न हुई। जिसमें 14 अप्रैल को सर्वसम्मति से बाबा साहब की 133वीं जयंती अंबेडकर पार्क में मनाने का निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष राम आशीष ने बताया कि सुबह सात बजे कार्यक्रम का शुभारंभ कर पुष्प अर्पण किया जाएगा। जिसके बाद प्रवचन एवं बच्चों द्वारा बाबा साहब से संबंधित गीत व भजन प्रस्तुत किए जाएंगे, 10 बजे से पुरस्कार वितरण होगा और दोपहर दो बजे से मिष्ठान्न और भीम खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया जाएगा। बैठक में संरक्षक राम आसरे, नफीस खान, लक्ष्मीकांत, वीरेंद्र, लक्ष्मीशंकर, अनिल यादव, राम कुमार, अशोक कुशवाहा आदि लोग मौजूद थे।

कांग्रेस एकजुटता से विकास करने वाली पार्टी : आर्य

काशीपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा चुनाव को लेकर किया मंथन

सम्मेलन

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में लोकसभा चुनाव को लेकर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस के विधायक व कार्यकर्ताओं ने गहन मंथन किया। उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किए गए विकास के दम पर चुनाव जीतने का दावा किया। यशपाल आर्य ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

रविवार को द्रोणासागर रोड स्थित कांग्रेस चेतना भवन में आयोजित सम्मेलन में सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा, विधायक आदेश चौहान, सुमित हृदयेश कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा, वरिष्ठ कांग्रेसी सुशील गुड़िया, महिला कमेटी अध्यक्ष ज्योति रोहिल्ला, मनोज जोशी आदि का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा व संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन किया गया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि पंडित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया व पंडित एनडी तिवारी किए गए संपूर्ण विकास के दम पर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर चुनाव जीताने के लिए कड़ी मेहनत करने की अपील की और जोश भी भरा। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि कांग्रेस विकास के मामले में हमेशा आगे रही है। देश की नींव भी कांग्रेस ने ही रखी है। कहा कि आज देश में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है। इस मौके पर नारायण सिंह बिष्ट, सुशील मेहरोत्रा, उमेश जोशी एडवोकेट, विमल गुड़िया, दीपिका गुड़िया, जितेंन्द्र सरस्वती, मनोज जोशी एडवोकेट, मुक्ता सिंह, इंदूमान, अल्का पाल, अरुण चौहान, आशीष अरोरा बॉबी, हरीश कुमार सिंह एडवोकेट, गौरव चौधरी, शफीक अहमद अंसारी, अर्जुन सिंह, मान सिंह, विकल्प गुड़िया, संदीप सहगल एडवोकेट, अर्पित मेहरोत्रा, प्रदीप जोशी, चेतन अरोरा, राहुल, रमनदीप कंबोज, इलियास माहीगीर, फिरोज हुसैन, लता शर्मा, माजिद अली, जफर मुन्ना, महेंद्र बेदी, महेंद्र लोहिया, दीपक गुप्ता, सुभाष पाल, जय सिंह गौतम आदि मौजूद थे।

नव चेतना भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य।

बाजपुर में रोड शो में शामिल प्रत्याशी प्रकाश जोशी, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व अन्य।

जनता के बीच जाकर कांग्रेस को मजबूत करें

खटीमा : नैनीताल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने एक निजी प्रतिष्ठान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर कांग्रेस को मजबूत करने को कहा। इस दौरान विधायक भुवन चंद्र कापड़ी और नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। बैठक के बाद पीलीभीत मार्ग पर चुनाव कार्यालय का शुभारंभ प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने फीता काटकर किया। कांग्रेस प्रत्याशी ने मीडिया से बात कर कहा कि प्रत्येक कांग्रेस का कार्यकर्ता प्रकाश जोशी बनकर क्षेत्र में प्रचार प्रसार करे। इस अवसर पर बॉबी राठौर, दान सिंह राणा, रवीश भटनागर, पंकज टम्टा, नरेंद्र आर्य, राज किशोर सक्सेना, रेखा सोनकर, राजू सोनकर, खतीजा मालिक, नासिर खान आदि थे।

कांग्रेस प्रत्याशी ने रोड-शो करके मांगा समर्थन

बाजपुर : नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने नगर में रोड-शो करके जनता से वोट व समर्थन मांगा। साथ ही भगत सिंह चौक पर स्थापित शहीद-ए आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। रविवार की सायं बाजपुर पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि किसान, मजदूर, नौजवानों को रोजगार, कर्ज माफी के साथ ही जनकल्याण के लिए कार्य करना केवल कांग्रेस की ही सोच है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इसके उपरान्त अमर पैलेस में कार्यकर्ताओं को संवोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी, नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य, किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया। इस मौके पर उद्यन कपूर उर्फ मिक्की, पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, जगजीत सिंह, तनवीर अहमद, बहादुर भंडारी, डीके जोशी, आशू, टोनी पठान, अरविंद यादव, भूपेन्द्र कोर आदि मौजूद थे। इससे पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने नगरीय क्षेत्र में मुड़िया तिराहा से लेकर भगत सिंह चौक होते हुए हल्द्वानी बस अड्डा तक रोड-शो कर समर्थन मांगा। वहीं बाजपुर में रोड शो के दौरान 244 दिन से धरने पर बैठे किसानों के बीच जब कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, संजीव आर्य पंहुचे तो किसानों ने उन्हें पट्टा पहनाकर सम्मानित किया।

गंभीरता से होनी चाहिए किसानों के मुद्दों पर चर्चा

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: संयुक्त किसान मोर्चा कि आगामी राष्ट्रीय बैठक उत्तराखंड में होने की संभावनाएं बन रही हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता बाजपुर निवासी जगतार सिंह बाजवा ने हरियाणा के रोहतक में संपन्न हुई संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में मोर्चा की आगामी राष्ट्रीय बैठक उत्तराखंड में करने का प्रस्ताव रखा है।

भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने बताया कि बाजपुर के भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन सहित उत्तराखंड के किसानों के विभिन्न मुद्दों को पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की होनी चाहिए। मोर्चा की राष्ट्रीय बैठक उत्तराखंड में विशेषकर ऊधमसिंह नगर में होती है तो राष्ट्रीय किसान नेताओं की उपस्थिति में बाजपुर के भूमि मसाले सहित अन्य मसलों पर विस्तृत चर्चा कर बड़े आंदोलन की भूमिका बनाई जाना अति आवश्यक है और इस विषय पर संयुक्त किसान मोर्चा गंभीर है तथा आगामी बैठक के उत्तराखंड में आयोजन के लिए गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया गया है। बाजवा ने कहा कि आठ माह से बाजपुर के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन के बावजूद सरकार द्वारा समाधान न किए जाने से क्षेत्रभर के किसान, मजदूर, व्यापारी आक्रोशित हैं और सरकार द्वारा मात्र आश्वासन दिए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही आदर्श चुनाव आचार संहिता के बाद आंदोलन को तेज करने की योजना है।

बैठक को संबोधित करते बाजपुर के किसान नेता जगतार सिंह बाजवा।

प्रधानमंत्री मोदी की रुद्रपुर रैली की तैयारियों को लेकर मंथन

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र की रुद्रपुर की प्रस्तावित रैली को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। तय किया गया कि वरिष्ठ कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर अधिक से अधिक पार्टी की विचारधारा से जुड़े लोगों को चुनावी रैली में पहुंचने को कहा गया।

रैली में विधानसभा से 10 हजार लोगों के पहुंचने का लक्ष्य रख गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, विमला मुंडेला, किशन सिंह, पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन खड़ायत, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र भंडारी, डॉ. नवीन भट्ट, जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश राणा, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, दिगंबर कान्याल, संतोष अग्रवाल, भुवन भट्ट, गणेश ठाकुराठी, अमित पांडेय, भवानी भण्डारी आदि को अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में विधनसभा विस्तारक आलोक तिवारी, प्रकाश पांडे, राहुल सक्सेना, मंजू नेगी, रशीद मिर्जा, रजनी जोशी प्रेम खोलिया, विवेक गुप्ता, टिकेंद्र मेहता, रेनू भंडारी नवीन बोरा संदीप भारती आशू भारती, सुरेश राणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान भाजपा में शामिल हुए कांग्रेसी नेता प्रकाश आर्या का पार्टी में स्वागत किया गया।

खटीमा में भाजपा की बैठक में शामिल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बसपा के कार्यालय का उद्घाटन किया

काशीपुर : नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अख्तर अली माहीगीर के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ।

रविवार को बांसफोड़ान में प्रत्याशी के आवास पर ही चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बसपा प्रदेश महासचिव विनोद कुमार गौतम व जिलाध्यक्ष राजेश कुमार गौतम एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम में बसपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार गौतम ने कहा कि बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती के आशीर्वाद से बसपा प्रत्याशी अख्तर अली महागीर जनता के समर्थन से भारी वोटों से विजय होंगे। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष शमशुद्दीन, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश महुआखेड़ागंज, अफसर अली सैफी, सलीम अंसारी, ओम प्रकाश सिंह, मदनपाल, चरणजीत सिंह, शराफत अली, लईक अहमद, राम अवतार पंडित सत्यपाल सिंह, गुरनाम सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से पूर्व किया यज्ञ

तैयारी

- प्रदेश महामंत्री संगठन अजय, कैबिनेट मंत्री बहुगुणा, विधायक अरोरा समेत कई भाजपाई रहे मौजूद

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को रुद्रपुर में नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट के प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम से पूर्व भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल पर हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पंडित दुर्गा शरण बाजपेयी ने विधि विधान से पूजा अर्चना की।

रविवार को भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता किच्छा बाईपास रोड स्थित एफसीआई के सामने मैदान में एकत्रित हुए। यहां पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हवन यत्र में आहुतियां देकर प्रधानमंत्री मोदी की रैली सफल होने के साथ ही भाजपा प्रत्याशी के अधिक से अधिक मतों से जीत की कामना की गयी। इस दौरान प्रदेश महामंत्री संगठन अजय ने कहा कि हिन्दू धर्म में कोई भी शुभ कार्य करने से पूर्व हवन यत्र करने की परंपरा है। इसी को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, प्रदेश महामंत्री संगठन अजय, विधायक शिव अरोरा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, काशीपुर जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, भारत भूषण चुघ, खिलेंद्र चौधरी, प्रकाश हर्बोला, प्रदीप बिष्ट, पूर्व विधायक किच्छा राजेश शुक्ला, प्रेम सिंह राणा, तरुण वंसल, विवेक सक्सेना, निर्वमान मेयर रामपाल सिंह, उत्तम दत्ता, धीरेंद्र मिश्रा, उपेंद्र चौधरी, अमित नारंग, ललित मिगलानी, फरजाना बेगम, चंद्रकला राय समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यज्ञ के दौरान प्रदेश महामंत्री संगठन अजय, कैबिनेट मंत्री बहुगुणा व अन्य।

चंडी क्रिकेट क्लब ने हाइलैंडर एकेडमी को 27 रन से हराया

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर के तत्वावधान में जिले में चल रही अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का पांचवां मैच हाइलैंडर स्पोर्ट्स अकादमी में चंडी क्रिकेट क्लब और हाइलैंडर अकादमी के मध्य खेला गया।

टॉस जीतकर चंडी क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी कर 41 ओवर में 189 रनों पर ऑल आउट हो गई। चंडी अकादमी की तरफ से कप्तान निशाग्र शर्मा ने 30, देवांश नेगी ने 33 और यश बिष्ट ने 25 रनों का योगदान दिया। हाइलैंडर अकादमी की तरफ से प्रियांशु उपरवाल ने तीन, अभय पाल ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हाइलैंडर स्पोर्ट्स अकेडमी 36 ओवरों में 162 रन बना सकी। हाइलैंडर की तरफ से आशीष गौतम ने 79 और चित्रांश नेगी ने 24 रनों का योगदान दिया। चंडी अकादमी के तरफ से ध्रुव नेगी और विजय रावत ने 3-3 युवराज बोरा ने 2 विकेट लिए। शानदार खेल के प्रदर्शन के लिए विजय रावत को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया और यह मैच चंडी क्रिकेट अकादमी ने 27 रनों से जीत कर 2 अंक प्राप्त कर लिए हैं। इस मैच की अंपायर गुरजीत सिंह और यशवीर वशिष्ठ ऑनलाइन स्कोरिंग मोहम्मद नवाज ने की।

छात्र-छात्राओं ने लगाए 14 स्टॉल

वेट फेयर का आंकलन करते डीन डॉ.एसपी सिंह, डॉ.बृजेश सिंह व अन्य।

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय स्थित वेटरिनरी कालेज में वेटरिनरी सोसाइटी की ओर से मेध्य नामक वेट फेयर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने खाद्य पदार्थ और खेलों के 14 स्टॉल्स जबकि चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने डेडिकेशन स्टॉल लगाया।

फेयर का शुभारंभ डीन वेटरिनरी डॉ. एसपी सिंह और डीएसडब्ल्यू डॉ.बृजेश सिंह ने किया। जिसके बाद सफाई प्रेजेंटेशन, ड्रेस कोड आदि के आधार पर डॉ. राजीव रंजन, डॉ. प्रभाकरन, डॉ. एसपी मौर्या, डॉ. अमन कांबोज ने स्टॉल्स का आंकलन कर स्टॉल नंबर सात खट्टा मीठा को पहला, स्टॉल नंबर चार टिप्लिंग चिल कॉर्नर को दूसरा स्थान दिया। यह फेयर स्टाफ काउंसलर डॉ. मीना मृगेश, चेयरपर्सन अपूर्वा रावत, पीयूष पांडेय व प्रियांशी डोभाल के निर्देशेन में संपन्न हुआ। इस दौरान डॉ.एके घोष, डॉ. मानसी, डॉ. त्रिपाठी, अभिषेक, बरीशा अली, रितिप्सा भट्ट, दीपक जोशी, स्नेहा कुमारी व अन्य वेटरनरी सोसाइटी मेंबर्स मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव | जिले के 32 एनएसएस यूनिट के स्वयंसेवी जरूरतमंदों को मतदान स्थल तक ले जाएंगे

बुजुर्ग, दिव्यांग और गर्भवतियों का सहारा बनेंगे स्वयंसेवी

- एनएसएस के जिला समन्वयक ने भेजी जिले के स्वयं सेवियों की लिस्ट

राजू वर्मा, काशीपुर

अमृत विचार : विशेष शिविरों के जरिए समाज को जागरूक करने वाले स्वयंसेवी लोकसभा चुनाव में भी अपनी भूमिका का बखूबी से निर्वाहन करेंगे। इसके लिए दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को मतदान स्थल तक पहुंचाना स्वयंसेवियों की जिम्मेदारी होगी। शत प्रतिशत मतदान को लेकर बुजुर्ग, दिव्यांग और महिलाओं के जरिए लोगों को प्रेरित करने का काम करेंगे।

नैनीताल ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट पर 19 अप्रैल को मतदाता अपना सांसद चुनेंगे। इसके लिए बूथों पर सारी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। ताकि लोग अपना वोट नजदीकी बूथ पर जाकर डाल सके। इस बार दिव्यांग, बुजुर्ग व गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके लिए एनएसएस के स्वयंसेवियों को मतदान बूथों पर तैनात किया जाएगा। एनएसएस के जिला समन्वयक धर्मेंद्र बसेड़ा ने बताया कि जिले में 32 एनएसएस की यूनिटें हैं। कक्षा 11 व 12 के छात्र यूनिट से जुड़कर समाज को जागरूक करते हैं। बताया कि दो साल में एक बार सात दिवसीय विशेष शिविर भी लगाया जाता है। शिविर में छात्र समाज, शिक्षा आदि के बारे में खुद तो सिखते हैं, दूसरों को भी प्रेरित करने का काम किया जाता है। प्रत्येक एनएसएस की यूनिट से 10-10 छात्रों का चयन किया गया है। बुजुर्ग, दिव्यांग और गर्भवती महिलाओं को बूथ स्थल तक स्वयं सेवी ही लेकर जाएंगे और उनकी मदद करेंगे।

जिले में 320 स्वयंसेवी रहेंगे बूथों पर

काशीपुर : जिला ऊधमसिंह नगर में बनाए गए बूथों पर एनएसएस के 32 यूनिट के विद्यार्थी बुजुर्ग, दिव्यांग और गर्भवती महिलाओं की मदद करेंगे। बताया कि स्वयं सेवियों की संख्या करीब 320 के करीब होगी।

100 साल से अधिक के लिए होगी विशेष व्यवस्था

काशीपुर : लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए उम्रदराज वोटरों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। बीते दिनों बीएलओ घर घर जाकर चुनाव संबंधित फार्म उम्र दराज मतदाताओं के भरवाए गए थे। जिन्होंने फार्म भरा है, वह घर बैठे वोट दे सकते हैं, लेकिन जिन्होंने फार्म नहीं भरा है, उन्हें बूथ स्थल तक आना होगा। स्वयं सेवी उनका विशेष रूप से ध्याल रखेंगे।

जिले में माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना की 32 यूनिटें हैं, जिनमें कुल 32 सौ स्वयंसेवक पंजीकृत हैं लोकसभा चुनाव में बुजुर्ग, दिव्यांग और गर्भवती महिलाओं की मदद को स्वयं सेवियों को लगाया जाएगा।प्रत्येक एनएसएस यूनिट से दस-दस स्वयंसेवकों के नाम कार्यक्रम अधिकारियों से लिए गए हैं जिनकी लिस्ट जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के माध्यम से दे दी गई है। एनएसएस स्वयंसेवी समाज को जागरूक करने का काम करते हैं। वे मतदाताओं को मतदान करने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं।
– **धर्मेंद्र बसेड़ा**, जिला समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

एक नजर

समर स्टडी हॉल का परीक्षाफल घोषित

काशीपुर : कुण्डेश्वरी रोड स्थित समर स्टडी हॉल विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल घोषित नवनिर्मित बहुउद्देशीय ऑडिटोरियम में किया गया। स्कूल की अध्यक्षा मुक्ता सिंह, स्कूल सचिव अनुराग कुमार सिंह, स्कूल प्रधानाचार्य अनुज भाटिया एवं दीपाली सिंह द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय, एप्लीकेशन, ऑलराउंडर श्रेणी के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कुल 90 छात्रों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 30-30 छात्रों को ऑलराउंडर एवं एप्लीकेशन श्रेणी के अंतर्गत सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य अनुज भाटिया ने बताया कि विद्यालय ने इस 400 सीटिंग कैपेसिटी वाले ऑडिटोरियम का निर्माण इसी वर्ष कराया है। इस ऑडिटोरियम मे दो इंडोर बैडमिंटन कोर्ट एवं दो टेबल टेनिस कोर्ट का भी प्रावधान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त विद्यालय द्वारा इस वर्ष 40 कम्प्यूटर से सुसज्जित कम्प्यूटर लैब एवं फिजिक्स लैब का निर्माण भी कराया गया है।

भगवा पंडाल में होगा प्रबुद्ध सम्मेलन

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले दो अप्रैल को बरेली, बदायूं और पीलीभीत में होने वाले प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन होने के पीछे सियासी मायने भी निकाले जाने लगे हैं। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, इस सम्मेलन के जरिए मुख्यमंत्री इन तीनों सीटों पर सियासी समीकरणों को साधते हुए चुनावी मैदान में उतारे गए नए चेहरों को जिताने के लिए माहौल बनाएंगे। वैसे माना तो ये भी जाता है कि बरेली में दिग्गजों के होने वाले कार्यक्रमों का असर मंडल की सभी सीटों पर भी पड़ता है।

गुरु द्रोण की तपोभूमि में भविष्य बनाएंगे युवा : घई

द्रोणासागर में आर्चरी, अग्निवीर प्रशिक्षण एवं पार्क का शुभारंभ, खिलाड़ियों ने तीरंदाजी में निशाना भी साधा

पार्क के शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य लोग। ● अमृत विचार

कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित शहर के गणमान्य लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : ऐतिहासिक द्रोणनगरी में स्थित द्रोणासागर पर काशीपुर डेवलपमेंट फोरम (केडीएफ) के तत्वावधान में आयोजित आर्चरी, अग्निवीर प्रशिक्षण एवं पार्क का शुभारंभ किया। इस दौरान रानीखेत से आए तीरंदाजों ने निशाना साधकर युवाओं को तीरंदाजी के लिए प्रेरित किया। केडीएफ के अध्यक्ष राजीव घई ने बताया कि गुरु द्रोण की तपोभूमि में युवाओं को तीरंदाजी व अग्निवीर के लिए तराश कर उनका भविष्य संवारेंगे।

रविवार को द्रोणासागार स्थित बनाए गए द्रोण पार्क का शुभारंभ केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई, उद्योगपति योगेश कुमार जिंदल समेत गणमान्य लोगों ने फीता काटकर किया। राजीव घई ने बताया कि काशीपुर के सुनहरे दिन फिर से शुरू हो गये हैं। जब से युवा मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का नेतृत्व प्रदेश को मिला है काशीपुर की लगभग सभी पुरानी घोषित योजनाओं के लिये धन का आवंटन होते हुए उन पर कार्य शुरू हो गया। काशीपुर ऐतिहासिक पौराणिक शहर जो पूर्व में कुमाऊं की राजधानी होता था, बहुत सी ऐतिहासक यादों को समेटे है। बहुत से महापुरुषों के चरण इस नगरी को पवित्र स्थान का दर्जा देती है। चार धर्मों का प्रदेश ही नहीं देश का एक ऐसा पवित्र स्थान है जहां सनातन, बोध, सिख व आर्य समाज का संगम हुआ है। काशीपुर में द्रोणासागर जहां आदि शंकराचार्य जी ने शिवलिंग की स्थापना कर द्रोणासागर से बद्रीनाथ यात्रा प्रारम्भ कर इसे चार धाम यात्रा का महत्वपूर्ण स्थल के रूप में पुराणो में स्थान दिया। केडीएफ शंकराचार्य जी को आमंत्रित कर इसकी पुरानी महत्त्वता को शुरू कराने का प्रयास करेगा। काशीपुर को केन्द्र के पर्यटन स्थल के रूप में घोषित करवाते हुए पर्यटन नक़्शे में सम्मिलित करके कुमाऊं आने वाले पर्यटकों को इन महत्वपूर्ण स्थलों को देखने के लिये आकर्षित करके काशीपुर का रोजगार व्यापार को बढ़ावा देना हमारा लक्ष्य होगा। बताया कि शिक्षा का हब बनाने के लिए आईआईएम के विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि द्रोण पार्क में फौज के प्रशिक्षक तीरंदाजी व अग्निवीर की तैयारियां कराएंगे। खिलाड़ियों को एशिया गेम आदि के लिए तैयार किया जाएगा।

तीरंदाजी से मन मोहा

काशीपुर : इस दौरान रानीखेत से आए राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तीरंदाज आर्मी पर्सन विक्रम सिंह, नीरज चंद्रा, भीम यादव, रनवीर सिंह ने प्रशिक्षण देने आए कोच हेम चन्द्र हरबोला के नेतृत्व में तीरंदाजी दिखाकर सैकड़ों की संख्या में आए अतिथियों का मन मोहा। उधर संस्था द्वारा नगर की विभिन्न संभ्रांत संस्थाओं के अध्यक्षों, महामंत्रियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। संचालन संजय अग्रवाल ने किया।

पार्क में तीरंदाजी से निशाना साधते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

ये रहे मौजूद

अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, डॉ. रवि सिंघल, डॉ. एसपी गुप्ता, डॉ. बीएम गोयल पूर्व जसपुर विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, उद्योगपति देवेंद्र कुमार अग्रवाल, देवेंद्र कुमार जिंदल, योगेन्द्र कुमार जिंदल, बृहम शरण अग्रवाल, नवनीत विश्नोई, दीपिका गुड़िया आत्रेय, वीपी गोयल, भाजपा नेता गुरविंदर सिंह चंडोक, एसपी गुप्ता, विमल गुड़िया, शक्ति प्रकाश अग्रवाल समेत अतिथि मौजूद थे।

बाल चिकित्सा अकादमी के प्रवक्ता बने सहोता

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : मुरादाबाद रोड स्थित सहोता मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के प्रबंधक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि सहोता भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी के राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किये गए है, जिसके चलते क्षेत्र में खुशी और जश्न का माहौल है।

डॉ. रवि सहोता को नवी मुंबई स्थित भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी के सचिवालय कार्यालय से आईएपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जीवी बसवराज, महासचिव डॉ. योगेश एन पारिख एवं कोषाध्यक्ष डॉ. अतनु भद्र द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किया गया है।

डॉ. रवि सहोता ने भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त कर कहा कि दी गई जिम्मेवारी को पूरी मेहनत और इमानदारी के साथ निभाएंगे। डॉ. सहोता को काशीपुर और देश-प्रदेश के डॉक्टर्स, चिकित्सा एवं दवा व्यवसाय से जुड़े लोगों और अन्य सामाजिक व राजनैतिक लोगों ने बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

30 पेटी अंग्रेजी शराब समेत दो लोग गिरफ्तार

बाजपुर : सुल्तानपुर पट्टी व दोराहा चौकी की पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कार्रवाई कर विभिन्न ब्रांडों की 30 पेटी अंग्रेजी शराब समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम को जानकारी मिली कि कोसी नदी के शीशम घाट में बनी झोपड़ी में चुनाव में बांटने के लिए एक कार से शराब उतारी गई है और मौका पाकर लोगों को बांटने की फिराक में हैं। टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई और झोपड़ी को चारों तरफ से घेरकर भागने का मौका दिए बिना एक युवक को पकड़ लिया जिसने पूछताछ में अपना नाम मोहल्ला टांडा बंजारा निवासी मुकेश कुमार पुत्र हरीशंकर बताया। पुलिस ने मौके से 25 पेटी 180 बोतल 480 पव्वे पिकनिक मसालेदार देशी शराब बरामद की है। वहीं दोराहा पुलिस चौकी टीम ने ग्राम पंचायत महेशपुरा के अंतर्गत बंद पड़े एक गोदाम की चारदीवारी के पास एक युवक शराब बेचते पकड़ लिया। उसने अपना नाम ग्राम महेशपुरा निवासी राजू पुत्र अमर सिंह बताया। मौके से गत्ते की पांट पेटियों में 8-पीएम स्पेशल इंडियन ग्रीन व्हीस्की कुल 240 पव्वे बरामद किए हैं।

आरोपी को अवैध चाकू के साथ दबोचा

किच्छा : पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को अवैध चाकू के साथ दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी ग्राम कुर्रैया, थाना किच्छा, जिला ऊधम सिंह नगर निवासी जाहिद के कब्जे से अवैध चाकू बरामद कर कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी जाहिद नशे का आदी है और नशा पूर्ति के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। लोगों को डराने धमकाने के लिए आरोपी द्वारा अपने पास चाकू रखा गया था। आरोपी के विरुद्ध केस पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

हर्षोल्लास से मनाया होला मोहल्ला पर्व

गुरु की महिमा का गुणगान करता जत्था। ● अमृत विचार

संवाददाता, नानकमत्ता

अमृत विचार : होला मोहल्ला पर्व रविवार को गुरुद्वारा छेवी पातशाही में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंजाब से पहुंचे पंथ श्री जत्थों ने गुरु की महिमा का बखान कर संगत को निहाल किया। होली पर्व के बाद सिख पन्थ की संगत होला मोहल्ला का पर्व उत्साह के साथ मनाती है।

रविवार को नानकमत्ता स्थित थपेड़ा गांव के गुरुद्वारा छेवीं पातशाही में होला महोल्ला पर्व पर क्षेत्र से पहुंची संगत ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया। सिंह सभा कमेटी द्वारा दीवान सजाया जहां डाढ़ी जत्था बीबी रुपिन्द्र कौर अमृतसर पंजाब, कविसरी जत्था सुखविन्द्र सिंह पंजाब, कथा वाचक भाई गुलाल सिंह, गुरसेवक सिंह ने गुरु की महिमा का बखान कर संगत को निहाल किया।

दीवान सुनने के बाद संगत ने लंगर का प्रसाद चखा और एक दिवसीय लगे मेले में सामान खरीदा। इस अवसर पर सिंह सभा के प्रधान हरजीत सिंह, कैशियर सतनाम सिंह, सचिव बलविंद्र सिंह, मन्दीप सिंह, फतह सिंह, नवजोत सिंह, सतपाल सिंह गोल्डी, रंजीत सिंह लाडी आदि संगत शामिल थी।

मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाकर मांगे वोट

- भाजपा प्रत्याशी ने दिनेशपुर, कालीनगर, चक्कीमोड़ और गूलरभोज में चुनावी जनसभा को संबोधित कर कहा

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने क्षेत्र का तूफानी दौरा कर पांच जनसभाएं कीं। प्रत्याशी भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार द्वारा की कल्याणकारी योजनाओं की लोगों को जानकारी दी। उन्होंने मतदाताओं से प्रधानमंत्री के 10 वर्ष के कार्यकाल में हुए विकास व उपलब्धियों पर मोदी के नाम पर वोट मांगा।

रविवार को भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कालीनगर, दिनेशपुर, चक्कीमोड़ व गूलरभोज में चुनावी जनसभा की। कार्यकर्ता व लोगों ने जगह-जगह पर उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। प्रत्याशी भट्ट अपनी चुनावी सभा में लोगों की भीड़ देखकर भावुक होकर गीत गुनगुनाने लगे जिसका कोई नहीं है, उसका मोदी है यारो...., यह सुनकर लोगों ने जमकर तालियां बजायी। सभा को विधायक अरविंद पांडेय, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह पानू व सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू ने संबोधित करते हुए दो अप्रैल को मोदी मैदान रुद्रपुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल रैली में पहुंचकर सफल बनाने की अपील की। इधर गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर व अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद संगठनों के पूर्व सैनिकों ने सैनिक भवन चक्कीमोड़ में भाजपा प्रत्याशी सांसद अजय भट्ट का स्वागत किया।

संचालन भाजपा जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री राकेश सिंह व प्रकाश कोश्यारी ने किया। इस मौके पर नपं पूर्व अध्यक्ष कावल सिंह विर्क व सीमा सरकार, सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर व खड़क सिंह कार्की, कै. नंदन सिंह कोश्यारी, जिला सहसंयोजक सचिन राणा, खटोला प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा, मदनपुर प्रधान हेमगिरी गोस्वामी, कूल्हा प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, अध्यक्ष अनादिरंजन मंडल, हिमांशु सरकार, कैलाश पाठक, दुर्गा सिंह आदि मौजूद रहे।

दिनेशपुर के चक्कीमोड़ में मंचासीन भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट व जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

जनसभा में मौजूद मातृशक्ति। ● अमृत विचार

कांग्रेस प्रत्याशी जोशी का जसपुर में किया स्वागत

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी के जसपुर पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

विवार को जसपुर विधायक आदेश चौहान के गांव निवार मुंडी स्थित आवास पर आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व अन्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त है। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। बेरोजगारी चरम पर है। वहीं विधायक आदेश चौहान ने बताया कि एक दो दिन में भूतपुरी रोड पर कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का शुभारम्भ किया जायेगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुशील गाबा, नरायण विष्ट, इख्तियार बब्लू दो, गजेन्द्र चौहान, सुंदरपाल सिंह एडवोकेट, दिग्विजय सिंह एडवोकेट, आदित्य गहलौत, शैलेन्द्र गहलौत, सर्वेश चौहान, राहुल, सुभाष शर्मा, जाकिर हुसैन, सुल्तान भारती, हकीम जफर, आबिद नूरी, अनीस रूबी, मो. आरिफ, डॉ. शुभ चन्द्र, आफताब आलम, मौ. नाजिम आदि मौजूद रहे।

जसपुर में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेते पार्टी कार्यकर्ता।

किशोरी से दुष्कर्म, पुलिस ने अपहरण में दर्ज किया मुकदमा

- पुलिस ने धाराओं में कर दिया खेल, आरोपी फरार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/पटवाई

अमृत विचार : पटवाई पुलिस ने धाराओं में खेल करते हुए किशोरी से दुष्कर्म के मामले में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है। इससे लोगों में आक्रोश है।

मामला पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक ग्रामीण का कहना है कि उसकी 16 वर्षीया बेटी अपने बहन और भाइयों के साथ कमरे में सो रही थी। रात करीब 11 बजे लाखन और मनवीर उसके घर में घुस गए और उसकी बेटी का अपहरण करके ले गए थे। बेटी को गायब देख उनके होश उड़ गए। तड़के करीब चार बजे उनकी लड़की एक मंदिर के पास दिखाई दी। जब पीड़ित ने आवाज लगाई तो आरोपी उसे सड़क पर फेंक कर फरार हो गए। इससे किशोरी का हाथ भी टूट गया। किशोरी अपने साथ दुष्कर्म होना बताया। इसके बाद पुलिस ने मामले में दुष्कर्म की बजाए अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है।

> तहरीर में पीड़िता के पिता ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। इस वजह से मामले में दुष्कर्म की धारा नहीं जोड़ी गई है। पहले पीड़िता का मेडिकल कराया जायेगा। मेडिकल रिपोर्ट और पीड़िता के बयान के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी जाएगी।
> **-अजय शर्मा,** थाना प्रभारी पटवाई

धर्मांतरण को जा रहे 110 लोगों को पुलिस ने पकड़ा

- 50 हजार रुपये, नौकरी व शादी का झांसा देकर उन्नाव स्थित चर्च लेकर जा रहे थे
- बजरंग दल की सूचना पर नवाबंगज पुलिस ने गंगा बैराज से दो बसों को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : बजरंग दल कार्यकर्ताओं की सूचना पर नवाबगंज पुलिस ने शनिवार देर रात शहर के अब तक के सबसे बड़े धर्मांतरण का खुलासा किया है। व्यापार, नौकरी, पैसा, इलाज का झांसा देकर धर्मांतरण के लिए उन्नाव, नवाबगंज स्थित चर्च ले जाए जा रहे 110 लोगों को गंगा बैराज पर पुलिस ने पकड़ा। ये दो बसों में सवार थे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर हिरासत में ले लिया। बाद में उन्हें थाने से जमानत पर छोड़ दिया।

मूलरूप से बदायूं के खौसार गांव निवासी संजय बाल्मीकि पत्नी संगीता व बच्चों के साथ अर्मापुर सर्वेंट क्वार्टर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि आवास विकास कल्याणपुर निवासी साइमन विलियम व विष्णुपुरी निवासी दीपक मोरिस ने उनके परिवार को बहला-फुसला कर कहा कि अगर तुम क्रिश्चियन बन जाओ तो तुम्हारी सारी परेशानी दूर हो जाएंगी। साइमन व दीपक मोरिस ने उनकी पत्नी व बच्चों को बहका दिया, जिससे वह उनसे अलग रहने लगे। संजय के मुताबकि आरोपी उस पर भी क्रिश्चियन धर्म अपनाने का दबाव बना रहे हैं।

एक्सपायरी डेट वाली पार्टियां हैं सपा-कांग्रेस

- मसवासी में हुए बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे उपमुख्यमंत्री
- कार्यकर्ताओं में भरा जोश, बोले रामपुर सीट जीतने का अलग ही स्वाद

संवाददाता, रामपुर/मसवासी

अमृत विचार : प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह दोनों ही राजनीतिक पार्टियां एक्सपायरी डेट हैं। कहा कि समाजवादी पार्टी अब समाप्तवादी पार्टी हो गई है। सपा को तो प्रत्याशी ही नहीं मिल रहे हैं। समाजवादी और कांग्रेस अब बीमार हो गई है। जबकि, भाजपा पूर्ण रूप से स्वस्थ है। लोग बेसब्री से कमल के फूल का बटन दबाने का इंतजार कर रहे हैं।

रविवार को मसवासी में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि मोदी और योगी की डबल इंजन वाली सरकार से प्रदेश का बहुत भला हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने रामपुर जनपद से सांसद घनश्याम सिंह लोधी को प्रत्याशी बनाया गया है। कहा कि रामपुर की जीत का स्वाद ही अलग है। रविवार को दोपहर करीब 12 बजे मसवासी में बने हेलीपैड पर उप मुख्यमंत्री का उड़नखटोला उतरा। इसके बाद वह कार से कान्हा गोशाला के पास स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। यहां पदाधिकारियों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि जनता को विकास चाहिए, गुंडागर्दी या भ्रष्टाचार नहीं चाहिए। अब उत्तर प्रदेश बदल रहा है। गरीबों को जनकल्याणकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ मिल रहा है। भाजपा का नारा सबका साथ सबका विकास पूर्ण रूप से सही साबित हो रहा है। जनता को डराने-धमकाने का काम सपा सरकार में हुआ है। भाजपा ने केवल विकास को ही महत्व दिया है। भाजपा सरकार गुंडागर्दी से मुक्त करके रामपुर, प्रदेश और देश को मोदी के नेतृत्व में योगी आदित्यनाथ विकास के पथ पर आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। किसान सम्मान निधि, गरीबों को मुफ्त राशन, आयुष्मान कार्ड से पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव हर वर्ग के लोगों को दिया।

मतदान के लिए लोगों को जागरूक करेगा रेलवे

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रेलवे लोगों को जागरूक करेगा। भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन अधिकारियों को रेलवे का सहयोग लेने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस बार चुनावी प्रक्रिया को अधिक समावेशी, सूचनात्मक और सहभागी बनाने को मतदाता शिक्षा कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए रेल मंत्रालय का भी सहयोग लिया जा रहा। अधिक से अधिक मतदान के लिए आयोग ने रेलवे के विशाल बुनियादी ढांचे का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रेल मंत्रालय के माध्यम से जो गतिविधियां संचालित की जानी हैं, उनमें मतदाता जागरूकता पर पूर्व-रिकॉर्ड की गई घोषणाओं को चलाना और पात्र मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रमुख रेलवे स्टेशनों के डिस्प्ले पर मतदाता जागरूकता टीवीसी फिल्में चलाना, प्रमुख रेलवे स्टेशनों के सभी प्रमुख स्थानों पर मतदाता जागरूकता पोस्टर का प्रदर्शन व महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग लगाए जाएंगे।

गृह कलह में युवक ने गटका जहर, मौत

- परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से किया इनकार

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : गृह कलह के चलते 32 वर्षीय युवक ने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने अजीमनगर पुलिस को कोई कार्रवाई न करने को कहा। इस पर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।

थाना अजीमनगर के एक गांव निवासी 32 वर्षीय युवक का परिजनों से काफी दिनों से विवाद चला आ रहा था। रिश्तेदारों ने भी समझाने की कोशिश की लेकिन विवाद बढ़ता ही चला गया। शनिवार को युवक के परिजन रिश्तेदारी में विवाह में शामिल होने गए थे। युवक और उसकी पत्नी घर पर थे। देर रात युवक ने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख पत्नी बुरी तरह घबरा गई। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग भी आ गए। उनकी मदद युवक को स्वार सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अजीमनगर पुलिस सीएच पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों द्वारा कार्रवाई करने से इनकार करने पर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। रविवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों पर मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने तैयारी तेज कर दी है। आयोग ने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए मतदान केंद्रों पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। इस सिलसिले में जिला निर्वाचन अधिकारियों को समुचित तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 52,64,709 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

चुनाव के बीच कच्चातिवु

लोकसभा चुनाव के बीच एक बार फिर कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंपे जाने का मुद्दा गरमा गया है। कच्चातिवु भारत और श्रीलंका के बीच पाक जलसंधि में 285 एकड़ में विस्तृत एक निर्जन स्थान है, जो भारत के रामेश्वरम से लगभग 14 समुद्री मील की दूरी पर स्थित एक द्वीप है। वर्ष 1974 में भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की सिरिमा आरडी भंडारनायके ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे कच्चातिवु को श्रीलंका क्षेत्र के हिस्से के रूप में मान्यता दी गई। समझौते के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के स्वामित्व में परिवर्तन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस ने कच्चातिवु द्वीप ' संवेदनहीन' ढंग से श्रीलंका को दे दिया था। गौरतलब है कि समझौते ने भारतीय मछुआरों को द्वीप के आस-पास मछली पकड़ने, वहां अपने जाल सुखाने की अनुमति के साथ भारतीय तीर्थयात्रियों को द्वीप पर स्थित कैथोलिक तीर्थ की यात्रा करने की अनुमति दी। इस निर्जन द्वीप पर मत्स्य पालन का अधिकार और संप्रभुता को लेकर यह भारत और श्रीलंका के बीच लंबे समय से विवाद का मुद्दा रहा है। जब इंदिरा गांधी ने श्रीलंका को यह द्वीप सौंपा तो सबसे ज्यादा विरोध तमिलनाडु में हुआ था। तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री करुणानिधि ने इसका पुरजोर विरोध किया था। इसको लेकर साल 1991 में तमिलनाडु विधानसभा में प्रस्ताव पास किया गया। प्रस्ताव में उस द्वीप को वापस लेने की मांग की गई। इसके बाद ये मामला उच्चतम न्यायालय में भी पहुंचा। हालांकि भारत सरकार ने 2013 में स्पष्ट किया कि पुनः प्राप्ति का सवाल ही नहीं उठता क्योंकि कोई भी भारतीय क्षेत्र हस्तांतरित नहीं किया गया था। तत्कालीन केंद्र सरकार ने दावा किया कि कच्चातिवु भारत-श्रीलंका अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के श्रीलंकाई हिस्से पर स्थित है। राजनीतिक कारणों और जनभावना के चलते कच्चातिवु का स्थानांतरण भारत की संसद के दोनों सदनों में विरोध और बहस शुरू होने का कारण बना। ये विवाद इसलिए भी बना हुआ है क्योंकि श्रीलंका, भारत के मछुआरों को वहां पर सुस्ताने और अपने जाल सुखाने से लगातार रोकता आया है। दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु को ध्यान में रखकर कच्चातिवु द्वीप का मुद्दा उठाया, जबकि उनकी सरकार की विदेश नीति की विफलता के कारण नेपाल, भूटान और मालदीव जैसे पड़ोसियों के कारण रिश्ते बिगड़ गए। राजनीति और सियासी मांगों से अलग, भारत के कई सामरिक विशेषज्ञों को भी इस बात की आशंका लगती है कि भारत की मुख्यभूमि के बेहद करीब स्थित द्वीप तक कहीं चीन किसी तरह से अपनी पहुंच न बना ले। ऐसे में भारत को श्रीलंका के साथ अपने पारंपरिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मज़बूत बनाने पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

समझ नहीं आता कि देश किसका है

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

यक्ष प्रश्न है कि जीवनदायिनी नदियों का पानी सरकारी आदेशों के तहत कारपोरेटी कारखानों को दहेज की तरह सौंपा जा रहा है लेकिन मनुष्य और पशु पक्षियों को पीने और निस्तार के लिए प्राकृतिक जलाशयों पर अधिकार लुटेरे कानून बनाकर छीन लिया गया है।

जनसंख्या के लिहाज से हिंदुस्तान दुनिया की सबसे बड़ी जम्हूरियत है। अद्भुत यूनानी दार्शनिक अफलातून वेद ऋचाओं की तरह याद है। कहता है लोकतंत्र जनता के लिए, जनता का, जनता के द्वारा शासन है। जनतंत्र में खोपड़ियां गिनी जाती हैं, तोड़ी नहीं। यही पश्चिमी अवधारणा भारत को लगभग 130 करोड़ लोगों का समुच्चय समझती है। भारतीय समझ के अनुसार सांस्कृतिक और मानवीय दृष्टि से पूरी धरती एक कुटुंब है। अलबत्ता देशों की भौगोलिक सरहदें अलग-अलग संसार रचती हैं। भारतीय जीवन की अलग बानगी, पहचान और सुगंध है। समाज नाम का आधुनिक शब्द पश्चिम से आयातित है। भारत में लोकजीवन की मर्यादाएं राजाज्ञा से बड़ी अनुशासन संहिता की तरह प्रभावशील रही हैं। राज्य का मकसद लोककल्याण और लोकयश हासिल करना होता था। निजी महत्वाकांक्षाएं, विवेक और राजकीय आदेश लोक इच्छाओं के सामने नतमस्तक होते थे।

आज हिंदुस्तान में समझ नहीं आता कि देश किसका है। ईश्वर अर्थात कुदरत ने धरती, वन, पशु पक्षी, समुद्र, नदी, झील, खनिज जैसी नायाब संपत्तियां सौंपी हैं। हमारी संस्कृति नदियों की तरह नदियों के किनारे समय के प्रवाह की तरह विकसित होती रहीं। गंगा, यमुना, ब्रम्हपुत्र, सिंधु, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी बहते हुए जलांश नहीं हैं। वे भारतीय अस्तित्व की धमनियां हैं। उनमें कालजयी रक्त बहता है। देश का भौगोलिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक इतिहास समय के प्रवाह में इनके जल की स्याही से लिखा गया। वह अमिट पहचान है। हिमालय, सतपुड़ा, विंध्याचल और नीलगिरि की गुफाओं और कंदराओं में ऋषिचिंतन खदबदाता पकता रहा है। समूचा देशज ज्ञान अविनश्वर है। बुद्ध ने तो बोधि वृक्ष को आध्यात्मिक संस्कारों का संरक्षक बना दिया। वाल्मीकि ने मिथुनरत क्रौंच पक्षी को बहेलिए द्वारा मारे जाने के क्षण को कविता के इतिहास का अमर उद्गगम बना दिया।

यक्ष प्रश्न है कि जीवनदायिनी नदियों का पानी सरकारी आदेशों के तहत कारपोरेटी कारखानों को दहेज की तरह सौंपा जा रहा है लेकिन

मनुष्य और पशु पक्षियों को पीने और निस्तार के लिए प्राकृतिक जलाशयों पर अधिकार लुटेरे कानून बनाकर छीन लिया गया है। वैचारिक विश्वविद्यालय रहे पहाड़ सरकार और कारपोरेट घरानों के आपराधिक षड़यंत्र की हिंसा के चलते खोखले किए जा रहे हैं।

केदार घाटी जैसी भयानक त्रासदी हुई लेकिन सजा किसी को नहीं मिली। लौहअयस्क, कोयला, बाक्साइट और अन्य खनिज कुछ घरानों की धन कमाने की हविश के लिए बलात्कृत बना दिए गए हैं। नागरिक असहाय होकर यह आधुनिक चीरहरण देख रहे हैं। कारखानों से निकलती रासायनिक गैसों से प्राणपद हवा प्रदूषित हो गई है। सांस लेने में कई नई बीमारियां हो रही हैं। कोई कानून सरकारों को मजबूर नहीं करता कि मनुष्य के जीने के अधिकार में कटौती नहीं हो सकती। नगरपालिका और पंचायत संस्थाएं जहरीला पेयजल सीमित मात्रा में मुहैया कराती हैं। अंगरेजी कानूनों के चलते कोई कारगर कार्यवाही नहीं होती। करोड़ों किसान खून पसीना बहाते, आत्महत्या करते अनाज उगाते हैं। कुछ तिजारती डकैत उसे अपने भंडारों में ठूंस देते हैं। उपभोक्ताओं को अनाज कई गुना दामों में उनके अधिकारों की डंडी मारकर सरकारी कानूनों के तहत भीख और अहसान बतौर दिया जाता है। उम्मीद की जाती है कि लोग फिर भी खुश रहें।

अंगरेज ने नहीं सिखाया लेकिन हिंदुस्तानी नेता

केदार घाटी जैसी भयानक त्रासदी हुई लेकिन सजा किसी को नहीं मिली। लौह अयस्क, कोयला, बाक्साइट और अन्य खनिज कुछ घरानों की धन कमाने की हविश के लिए बलात्कृत बना दिए गए हैं। नागरिक असहाय होकर यह आधुनिक चीरहरण देख रहे हैं। कारखानों से निकलती रासायनिक गैसों से प्राणपद हवा प्रदूषित हो गई है। सांस लेने में कई नई बीमारियां हो रही हैं। कोई कानून सरकारों को मजबूर नहीं करता कि मनुष्य के जीने के अधिकार में कटौती नहीं हो सकती। नगरपालिका और पंचायत संस्थाएं जहरीला पेयजल सीमित मात्रा में मुहैया कराती हैं। अंगरेजी कानूनों के चलते कोई कारगर कार्यवाही नहीं होती।

उससे अधिक क्रूर हैं। संविधान में डींगें मारी गई हैं कि मनुष्य को गरिमामय जीवन का अधिकार है। उच्चतम न्यायालय भी विक्टोरियाई अंगरेजी में अपने न्यायनिर्णय परोसता रहता है। वह संविधान, न्याय और आदेश किस काम के जो बांझहीन लफ्फाजी बनकर किताबों में कैद होकर रहें। मजदूरों को कारखाना मालिक जानवरों की तरह चूसते रहें। शहरों, कस्बों बल्कि गांवों तक में सुबह चहचहाने और रात को मीठी लोरी सुनाने वाली चिड़ियों का समूह ओजोन परतों में बढ़ते जा रहे छेद के कारण दफ्न हो गया है।

यह देश किसका है। बाबा अरबपति बनने की होड़ में हैं। गुंडों की फौज पालते हैं। देह व्यापार करते हैं। कालेबाजारियों का धन सफेद करने की जुगत बिठाते हैं। साधु कहलाते सत्ता परिवर्तन के षड़यंत्र में शामिल होते हैं। राम कभी देव रहे होंगे। ब्रह्मचारी चोगा ओढ़े लोग हिंदू स्त्रियों को कम से कम चार बच्चे पैदा करने का फतवा जारी कर देते हैं। कूढ़मगज अल्पसंखक सत्ता में घुसकर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। मिडिल फेल राष्ट्र निर्माता बन रहे हैं। पीएचडी होकर दैनिक वेतनभोगी भी नहीं हैं। लाखों विधवाएं नर्क का जीवन जी रही हैं। नैतिकता की डींग मारते नागरिक सड़कों पर बलात्कारियों के सामने कायरों की तरह दुम दबाकर भागते हैं। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते' का नारा उपजाने वाले औरतों की देह को उपयोग और व्यापार की वस्तु बना रहे हैं। किसका है यह देश जहां न्यायालय बिक रहे हैं। उनकी शिकायत भी नहीं हो सकती। डाक्टरों के मानव व्यापार कारखानेनुमा अस्पताल वेंटिलेटर पर पड़े मरीज की लाश तक नहीं सौंपते, जब तक अवैध फीस का भुगतान नहीं किया जाए। दुनिया को भारत द्वारा दी गई शिक्षा उसके ही काम नहीं आ रही है। पेट की रोटी के वास्ते देश के नेता अस्मिता खोकर अमेरिका के चरणों में लगातार लोट रहे हैं।

नौकरशाही अंगरेजी भाषा, शासन व्यवस्था और तहजीब माथे पर चंदन की तरह लीपे हुए है। वह मादरी जुबान, देशी समझ, इतिहास परंपराओं और स्वदेश बोध को गिरवी रखकर एक सौ तीस करोड़ भारतीयों के संकुल को कीड़ा मकोड़ा समझती है। पता नहीं रावण बनाम राम, कंस बनाम कृष्ण, भस्मासुर बनाम शिव, अंग्रेज बनाम भगतसिंह, हिंसा बनाम गांधी की कहानियों में कितनी सचाई रह गई है। सरकारों, विदेशियों, नौकरशाहों, न्यायालयों वगैरह ने मिलकर भारतीयों को देश नाम के मकान का किराएदार बना दिया है। इस संपत्ति पर कब्जा 'मेक इन इंडिया', 'अंगरेजियत', 'लार्ड मैकाले', 'एड्स की बीमारी', 'किसानों की आत्महत्या', 'स्त्रियों के बलात्कार', 'कारपोरेटियों के अनाचार' का हो गया है। पता नहीं यह देश किसका है।

प्रसंगवश

मकसद क्या लिखा है उसको समझना नहीं सिर्फ पढ़ना है

मेरे बगल की बिल्डिंग के एक फ्लैट में रमज़ान शुरू होने से लेकर आज तक तकरीबन पूरे दिन (शायद रात में भी) कुछ लोग लगातार कुरान की तिलावत (पढ़ना) कर रहे है। कभी कभी उनकी बॉलकनी में मदरसे में हफीजा करने वाले कुछ बच्चे दिखाई देते हैं।

ये अमल नया देखा है। क़ुरान ख़्वानी (सामूहिक क़ुरान पाठ) देखा है। जो कुछ घंटों का होता है। व्यक्तिगत कुरान पढ़ना रमज़ान में आम है। ज़्यादातर मुसलमान पढ़ते है। ये सारे लोग जो इस्लामी क़ानून की किताब क़ुरान पढ़ते है वो इसलिए पढ़ते है कि इससे गुनाह माफ होंगे, सबाब मिलेगा!

सबसे मज़ेदार बात है कि इतनी मोटी किताब बिना एक लफ़्ज़ समझे घंटों पढ़ लेते हैं। क्योंकि क़ुरान अरबी में है और हिंदुस्तान में अरबी तो हाफ़िज को भी सिर्फ़ पढ़ना आता है। समझ में उनको भी नहीं आती। क्योंकि हफ़ीज़े के दौरान हाफ़िज को सिर्फ़ रटना सिखाया जाता है। उन्हें अरबी ग्रामर नहीं पढ़ाया जाता है। हाफ़िज होने के बाद अगर आगे का कोर्स करना हो तब अरबी लैंग्वेज का बेसिक ज्ञान शुरू होता है।

कुछ लोग है वो कुरान का उर्दू/इंग्लिश/हिंदी अनुवाद भी पढ़ते हैं। लेकिन ज्यादातर तिलावत के वक़्त अरबी में ही सीधे पढ़ी जाती है। ऐसे में समझने के लिए अरबी सीखना ज़रूरी हो जाता है। लेकिन यहां मकसद क़ुरान में क्या लिखा है उसको समझना नही है। सिर्फ़ इसलिए पढ़ना है क्योंकि वो अल्लाह की किताब है और उसे पूरे रमज़ान में दो तीन बार पूरा पढ़ लेना है। जितनी बार पढ़ कर खत्म करेंगे उतना सवाब मिलेगा।

और जयादा सवाब कमाने का तरीक़ा है कि सामूहिक रूप से पढ़ा जाए और एक दिन में दो तीन चार बार पूरा कुरान पढ़ कर ख़त्म कर दिया जाए। इसे क़ुरान ख़्वानी कहते है। यहां भी समझ कर पढ़ना नहीं है। बस जल्दी जल्दी पढ़ना है। मेरे पड़ोस वाले फ़्लैट के मालिक ने और बड़ा टारगेट रखा है। पूरे महीने दिन के 24 या 18 घंटे सामूहिक क़ुरान ख़्वानी। वो भी हाफ़िज़ा करने वाले प्रोफेशनल स्टूडेंट्स के ज़रिए। मतलब एक महीने में सौ बार कुरान ख़त्म तो हो



सोचिए एक किताब जिसके ज़रिए दुनियां बदल गई। उसे अब सिर्फ़ ज़ोर ज़ोर से, हिल हिल के बिना एक लफ्ज समझे बूझे पढ़ा जा रहा है। सिर्फ़ इसलिए की इससे अल्लाह खुश होगा, शाबाशी देगा, जन्नत में फ्लैट देगा।

ही जाएगी। इस तरह फ़्लैट वाले भाई साहब थोक के भाव में सवाब कमा लेंगे।

इकबाल अहमद

सोचिए एक किताब जिसके ज़रिए दुनियां बदल गई। उसे अब सिर्फ़ ज़ोर ज़ोर से, हिल हिल के बिना एक लफ्ज समझे बूझे पढ़ा जा रहा है। सिर्फ़ इसलिए की इससे अल्लाह खुश होगा, शाबाशी देगा, जन्नत में फ्लैट देगा।

तक़रीबन वैसा ही जैसे संस्कृत पर पंडितों (ब्राह्मण) ने क़ब्ज़ा कर किया और आम आदमी को बोला समझने की ज़रूरत नही है। उसके लिए हम है न। फलां फलां यज्ञ करो और हमें मोटी दक्षिणा दो। हम आपकी वैतरणी पार लगाएंगे। स्वर्ग पहुंचाएंगे।

कुछ वैसा ही इधर हो रहा है। मज़हबी मठाधीशों का ये कहना भी शुरू हो चुका है कि क़ुरान समझना आम आदमी के बस की बात नहीं है। रोज़ा नमाज़ करो। बाक़ी हमारे ऊपर छोड़ दो। कई लोगों को जानता हूं जिन्होंने सुबह सुबह घर/दुकान/ऑफिस आकर क़ुरान की आयतें पढ़ने के लिए तनख़्वाह पर मौलाना रखे हुए है। आपको क्या लगता है। एक लफ्ज समझे बग़ैर क्या किसी किताब का सिर्फ़ एक पन्ना भी आप पढ़ सकते है? वो भी तब जब वो किताब आपके जीवन जीने का तरीक़ा बताने वाली क़ानूनी किताब हो।

समय के अनुसार बदलते रहे हैं चुनावी मुद्दे

भारत के प्रथम चुनाव में पंडित नेहरू ने अपने भाषण में छुआछूत और जमींदारी की प्रथा मिटाने के लिए आम लोगों से अपील की थी एवं इसके लिए भरोसा भी दिलाया था। इसके अलावा महिलाओं से पर्दा प्रथा छोड़कर देश के निर्माण के काम में आगे आने की गुजारिश भी की थी। इसी तरह चुनावी मुद्दे समय और जरूरतों के अनुसार बदलते रहे। लेकिन आज विश्व जलवायु परिवर्तन, जल की कमी, मिटटी की घटती उर्वरकता, आतंक आदि वैश्विक समस्याओं से जूझ रहा है। अतः अब जीवन के लिए जरूरी पंचमहाभूत की स्थिति को देखते हुए राजनैतिक पार्टियों को चाहिए कि इन समस्याओं पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके लिए आम जन को भी सरकारों के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। तभी सरकार के जो भी प्रयास जल, जंग, जमीन के संरक्षण के लिए किये जा रहे है, सफल होंगे।

क्योंकि पंचमहाभूतों के संरक्षण से ही विश्व में बढ़ रही आर्थिक असमानता।, कुपोषण, रोजगार, आदि को भी कम किया जा सकता है। इसके अलावा तकनीकी विकास से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे दैत्य तेजी से मानव कि जिंदगी में हस्तक्षेप करने वाले है। इसलिए विकास के नाम पर जो कुछ धरती ने खोया है उसको एक सुनिश्चित अनुपात में रखना मानवता के लिए बहुत जरूरी है।

आज के समय राजनैतिक पार्टियों को चाहिए कि समुद्र के किनारे बसे शहर या जल पर रोजगार के लिए निर्भर लोगों को सरकार से प्रकृति संरक्षण के लिए तेज़ी से काम करने के लिए पहल करनी चाहिए। क्योंकि लोकतंत्र तब तक ही है जब तक आम आदमी चुप है।

गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

आधुनिक वैज्ञानिक सोच ने अभी तक प्रकृति को ठगा है। ये उसी का परिणाम है हमने अपने बच्चों को जीवन के अधिकारों से वंचित कर दिया।

इसीलिए अगर लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए गरीबों, असहाय आदि को उस पंक्ति में लाकर खड़ा करना होगा जहां से वह शासन व्यवस्था में अपनी भागीदारी तय कर सके। तभी वसुधेव कुटुंबकम की धारणा स्थापित हो सकेगी। उदहारण के लिए आज यूक्रेन और वानातू दोनों देश इको साइड के मुद्दे पर एक हो गए है। दुनिया के किसी भी शहर में जीवंत जल का कोई प्रबंधन नहीं है।

आधुनिक वैज्ञानिक सोच ने अभी तक प्रकृति को ठगा है। ये उसी का परिणाम है हमने अपने बच्चों को जीवन के अधिकारों से वंचित कर दिया। इसलिए आज की जो आम आदमी की आवश्कताएं है उन पर भारत सरकार को ध्यान देना चाहिए। यानी हमको विकसित भारत की जगह समृद्ध भारत की तरफ आगे बढ़ना होगा तभी हम सही अर्थों में लोकतंत्र को महत्व दे पाएंगे। प्रकृति संरक्षण के लिए समय समय पर आंदोलन होते रहे, लोग अपने जीवन की आहुति देते रहे है। इसके बाबजूद अगर हम अनसुना करेंगे तो स्वामी सानंद उर्फ़ डा. जीडी अग्रवाल एवं अभी हाल ही में सोनम वांगचुक गांधी के रास्ते पर चलकर इको साइड के लिए अपना विरोध दर्ज़ करवाया। लेकिन आने वाले समय में यही विरोध एक क्रांति का रूप ले सकता है। यही कारण है कि इको साइड के कारण होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए यानी पंचमहाभूतों का संरक्षण राजनैतिक पार्टियों का मुख्य मुद्दा हो। आज की परिस्थिति में धरती पर जीवन के लिए प्राकृतिक नियमों को अपनाकर ही एक गुणवत्ता युक्त जीवन जिया जा सकता है। यही वजह है कि देश को आज 'चुनावी बांड' की नहीं बल्कि 'पर्यावरणीय बांड' की जरूरत है। नहीं तो मानव के सामने सामाजिक, आर्थिक, और प्राकृतिक परिपेक्ष्य में बहुत बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। इसलिए अब आम जान के मन में किसी के चुनाव जीतने हारने से बड़ा मुद्दा एक व्यवस्थित लोकतंत्र का होना। यानी हरित या ग्रीन लोकतंत्र। अब समय आ चुका है कि आम लोग अब ऐसी सरकार चाहते है जो उनकी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्राकृतिक साम्राज्य को बचा कर रखे।

ये कोई बड़ी बात नहीं कि भविष्य में लोगों को इको साईडल टैक्स के नाम पर हर्ज़ाना देना होगा। शस्य - श्यामला धरती, स्वच्छ और शुद्ध वायु व जल, अन्न धान्य, नदी, पहाड़, जंगल यही वास्तविक धन, है क्योंकि ब्रह्मांड में जो कुछ भी है वो प्रकृति का अंग है यही वजह है कि मानव शरीर भी प्राकृतिक संरचना का एक अभिन्न अंग है। इसलिए अर्थशास्त्रियों को चाहिए कि कुछ ऐसे नियम कानून बनाए जाएं जहां कृत्रिम धन को पाने के लिए हम अपने वास्तविक धन को नष्ट न करें, जो की कर रहे है। अतः वास्तव में अब वोट बैंक की राजनीति से दूर हटकर राजनैतिक पार्टियों का मुद्दा अब जीवन के आधार होना चाहिए।

सोशल फोरम

यह सच है बाकी कथा

मथुरा में यदि कुछ सच लगा तो वह यमुना है। निराला की कविता की ये पंक्तियां याद आईं, 'यमुने तेरी इन लहरों में किन अधरों की आकुल तान। पथिक प्रिया सी जाग रही है, उस अतीत के नीरव गान।' अब अतीत एक शोर है, अब कुछ भी संगीतमय या नीरव बचा नहीं है। उपर्युक्त कविता पंक्तियों के आगे है, ' बता कहां अब वह बंसीवट, कहां गए नटनागर श्याम?' यह प्रश्न मेरे मन में जोर-जोर से दस्तक दे रहा था। क्या अब कृष्ण मथुरा- वृंदावन में नहीं हैं? जहां बंशी बज रही हो, वहां लोग शोर करें तो कृष्ण क्या करें? मैं जब मंदिर में गया, बहुत शोर था। ढाई सौ रुपए लेकर कृष्ण का आसानी से दर्शन कराने वाले पुरोहित भक्तों को फंसा रहे थे। भीतर गया, एक कोने में पुरी के जगन्नाथ के रूप में 'बलराम, सुभद्रा और कृष्ण' थे। यहां से राधा बाहर हैं। मंदिर के मध्य में सफेद संगमरमर के राधा-कृष्ण थे, जो लोगों के मन में मुख्य रूप से बसे हैं। फिर कृष्ण का तीसरा रूप है द्वारकाधीश मंदिर में सिंहासन पर बैठे काले रंग के कृष्ण का। यहां कृष्ण अकेले हैं।सूरदास के एक पद में है कि कृष्ण एकबार राजपुरुष के वेश में रुक्मिणी के साथ एक शोभायात्रा में जयजयकारती प्रजा के साथ थे। गली में भीड़ थी। गोपिकाएं भी उनको देखने राधा के साथ आईं थीं। रुक्मिणी के मन में बड़ी उत्सुकता थी राधा को देखने की। कृष्ण काफी दूर खड़ी राधा को दिखाते हुए रुक्मिणी से कहते हैं- वह देखो दूर, जो गोरी स्त्री चुप खड़ी है, वह राधा है।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

अब राधा सामान्य नागरिक थी, अपने प्रेम में खोई हुई अकेली। कृष्ण अब द्वारकाधीश के रूप में थे, भीड़ और लाव-लश्कर के साथ। रचनाकार को किसके साथ होना चाहिए? निश्चय ही उसके साथ नहीं जिसकी जयजयकार हो रही है, सिर्फ उसके साथ होना चाहिए जो अपने अकेलेपन में चुप है और व्यथा में डूबा है। सत्ता का अस्त्र हमेशा भीड़ है। सत्ता हमेशा प्रेम से, राधा से अलग कर देती है। मथुरा एक कृष्णमय नगर है। मुझे यही सच लगा, बाकी कथा है। मजेदार बात यह कि एक भद्र, पढ़ी लिखी महिला मथुरा में पूछ रही थी, 'राम जन्मभूमि कहां है?' कितना भारी दबाव है प्रचार का।

-फेसबुक वॉल से

समासों में उलझा राजनीति का व्याकरण

राजनीति के संधि-समासोंमें करण ही होता है, व्याकरण नहीं। जब एनडीए और इंडिया नहीं थे, तब भी संधि-विच्छेद और समास विग्रह होते ही थे। शत्रु राजा के आक्रमण में कोई भेदिया -प्रत्यय ऐसा मिल जाता था कि पूरे भरोसे में ही सिंहासन का विच्छेदन हो जाता था। और बाद में भेदिया प्रत्यय का भी। पता नहीं आचार्य चाणक्य के पास कौन सा चेप था कि सिकंदर के आक्रमण को रोकने के लिए सारे डॉट और डॉट कॉम को एक ही सीरीज में ला दिया। देश बना, जनता को महादेश मिला। फिर भी बलिहारी है आज के लोकतंत्र की। यही कि अब पार्टियों से टूटते -जुड़ते आवाजाही के गलियारे स्वागत- संस्कृति के नगाड़ों से गूंजते रहते हैं।

पर इन दिनों तो लगता है कि इस मौसम में बारहखड़ी के अक्षर जब- तब शिरोरेखा के खिलाफ बुलंद हैं। पाणिनी को ही बुलवा लिया जाए तो इंग्लिश-हिंग्लीश सहित भाषाई पेंचों में इतने उलझ जाएंगे कि सारे संधि- सूत्र मुंह ताकते रह जाएंगे। अलग बात है कि राजनीति के सूत्र तो संधि-विच्छेद और समास विग्रह में ही लोकतंत्र की बुनियाद रचते हैं। कब संस्कृत का शब्द वोटर से निकटता जतलाने के लिए प्राकृत-अपभ्रंश की यात्रा करते हुए ठेठ देसी बखान कर देगा। कब ट्वीटर की चिड़िया बड़बोली व्यंजना में बवाल मचा देगी। और अगले ही स्टॉप पर मन के उबाल की ऐसी फूलमती भाषा से पत्थर बरसाएगी कि पार्टी को ही किनारा पड़ेगा- 'यह उनका निजी विचार है'। पार्टी को



बीएल आच्छा
चेन्नई

यह समय अकेले चलने का नहीं है। गढ़े-उखड़े रहने का नहीं है। शेयर बाजार की तरह मौसम विज्ञान या लाइट हाऊस को प्रेडिक्ट करने का है। शतरंजी गणित में अपने खाने को सुरक्षित रखने का है।

उनसे लेना- देना नहीं, पर अपना बनाए रखना है। जो जितनी गिरी भाषा में बात कहेगा वही मीडिया का अष्टम स्वर बनेगा। अब ऐसी कचरा पंखुड़ियों को डस्टबिन में डालते- डालते कोई शहर तो स्वच्छता में नंबर वन हो जाता है, पर राजनीति का आकाश तो चैनलों में डम- डम डिगा- डिगा के साथ गगनभेदी हो जाता है। और लोकतंत्र के मंदिरों में बहसान जारी हो तो मामला ही सिरमौर हो जाता है।

चुनावी मौसम में संधि-विच्छेद के अध्याय द्वंद्वात्मक हो जाते हैं। पार्टी विच्छेद हुआ नहीं कि नई संधि दरवाजे पर मोलभाव के लिए खड़ी हो जाती है। और दो की लड़ाई में समास का फल-भोक्ता तीसरा (बहुब्रीहि समास) ही हो जाता है। कभी-कभी पति -पत्नी का योजक द्वंद्व समास घर में एका और बाहर में अलग-अलग पार्टीबाजी का बिजूका लिए लोकतंत्र को मजबूत करते जाते हैं। कई बार बरसों से जमे मूल शब्द उखड़ने का नाम नहीं लेते। महिलाओं के तो पूरे इतिहास के कच्चे चिट्ठे खोलकर रख देते हैं। फिर पलट- बुद्धि और सुलट- बुद्धि के टूल बॉक्स बन जाते हैं। कभी घिसे औजार से गाड़ी दौड़ने लगती है। कभी नए औजार का जनाधार पुरानी गाड़ी में फिट हो जाता है। ऐसे में पुरानी संधियां दिले बेचारगी के अफसाने गाने लगती हैं। कभी जन्मजात दलीय उम्मीदवार ताकता रह जाता है।

कभी बगावती तान के बावजूद पटकनी में गुत्थमगुत्था। जीत गए तो विच्छेद का सुर-भंग भी मान- मनौव्वल के बाद लौटने का स्वागत द्वार रचा जाता है। तब के बगावती टूल किट की बारूदी जबानें धमाका करती थीं। पर सारी बकरौली के बावजूद पुराने दरवाजों में लौटते ही सारा बारूद राजनीति के चेहरे का क्रीम मोइश्चराइजर बन जाता है। अजीब सा व्याकरण है। यह कैसा एलजेब्रा है कि 'ए' को 'ए स्क्वायर' करने जाओ तो हाथ मलते कुंआरे रह जाते हैं। जब बहुमत के जादुई आंकड़े के आसपास हो तो विजेता निर्दलीय भी छब्बे जी नहीं अट्ठेजी का बहुमान पा जाता है। और कहने को कि ये तो हमारे अपने ही हैं। जैसे ज्योतिष में राजभंग योग होता है वैसे संधि- विच्छेद और समास- विग्रह के लाभों का अंदरूनी गणित सिर चढ़कर बोलता है। कभी- कभी पिता-पुत्र लाल सुर्खियों में होते हैं। कभी चाचा-भतीजे। तालमेल के जोड़क सूत्र भारोत्तोलन करते रहते हैं। कभी पार्टियां टूट जाती हैं। फिर नए नामकरण। पर राष्ट्र और जन तो बरकरार रहते हैं, जैसे सरकारी बैंकों में इंडिया तो रहेगा ही। बहुत हुआ तो पार्टी के नाम के साथ ब्रेकेट में ए बी सी डी। पहले विद्वान लोग किताब का पाठ संपादन करते थे,अब राजनेता पार्टी- संपादन। और पार्टी संपादन करते- करते पार्टी का अध्यक्ष ही विरोधी किताब का पाठ बन जाता है। कहें तो अव्ययीभाव समास ही व्यय-भाव में छलांग लगा जाता है। यह समय अकेले चलने का नहीं है। गढ़े-उखड़े रहने का नहीं है। शेयर बाजार की तरह मौसम विज्ञान या लाइट हाऊस को प्रेडिक्ट करने का है। शतरंजी गणित में अपने खाने को सुरक्षित रखने का है। अकेले अपना गीत गाने का नहीं, आर्केस्ट्रा में अपना सुर ताल साधने का है। बिना आर्केस्ट्रा के न तो अपने सध पाते हैं न पब्लिक का मिजाज। राजनीति के आर्केस्ट्रा में तो धुनों का समीकरण साधना पड़ता है। पर एक-दूजे के धुर विरोधी भी पुरानी जबानों के विडियो को एक्सपायरी डेट का नहीं होने देते। मौका देखा नहीं कि पुराने विडियो से सकपका दिया।

कितना पुराना हो गया व्याकरण भी। केवल संस्कृत के शब्दों में ही संधि होती थी। बड़ी मुश्किल से हिंदी के कुछ शब्दों में तालमेल बिठाया। अब तो शब्दों के तोड़-मरोड़ में ही व्यंजना के वार-पलटवार। राजनीति के संधि-समासों में मेल-मिलाप के विशेषण भी मीडिया में सिरफोड़ शोर मचाते हैं। अब रोजमर्रा पालों की छलांग लगाते पेंचों का कोई व्याकरण बनाए तो बनाए कैसे?

विकास संघर्ष समिति ने बताई चुनावों के बहिष्कार की वजह

समिति ने मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजा पत्र, छावनी परिषद क्षेत्र में रहने वाले लोगों की दिक्कतें दूर न होने तक नहीं करेंगे मतदान

संवाददाता रानीखेत

अमृत विचार : विकास संघर्ष समिति ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र भेज कर छावनी परिषद अंतर्गत निवास कर रहे नागरिकों की दुश्वारियां दूर न होने तक लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 सहित सभी चुनावों के बहिष्कार के फैसले पर अडिग रहने का ऐलान किया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त भारत सरकार को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि रानीखेत वासियों द्वारा पिछले एक वर्ष से छावनी परिषद रानीखेत को रानीखेत-चिलियानौला नगरपालिका में समायोजित करने हेतु रानीखेत विकास समिति के बैनर तले क्रमबद्ध धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। जिसके तहत विकास समिति द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 सहित सभी प्रकार के चुनावों का बहिष्कार का निर्णय लिया गया था। कहा गया कि सरकार की उपेक्षा के चलते समिति लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के बहिष्कार पर अडिग है। पत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त का ध्यान रानीखेत की समस्याओं की ओर दिलाते कहा गया है कि रानीखेत गोल्फ़ कोर्स को सेना द्वारा पर्यटकों व आम नागरिकों के लिए बंद करने के कारण रानीखेत के पर्यटन व व्यापार पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। हालांकि अब इसे अल्प समय के लिए खोला गया है। आशियाना पार्क भी जीर्ण-शीर्ण है।

डीएम के डीपीआर भेजने के आग्रह के बावजूद छावनी परिषद ने इसकी डीपीआर नहीं भेजी। छावनी परिषद द्वारा भवन कर के बराबर पेयजल कर वसूलने से नागरिक त्रस्त हैं। पत्र में रानीखेत में ग्रीष्मोत्सव-शरदोत्सव के आयोजन ठप होने, एनसीसी मैदान खेल मंत्रालय को लीज पर हस्तांतरित न किए जाने जैसी समस्याओं का भी जिक्र है। कहा कि उपर्युक्त समस्याओं का निदान न होने से पर्यटन नगरी का विकास ठप है और यहां के निवासी स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं। नागरिकों का यही आक्रोश आगामी लोकसभा चुनाव बहिष्कार का कारण है।

लोकसभा चुनाव बहिष्कार का ऐलान करते तलियाबांज के ग्रामीण। ● अमृत विचार

तलियाबांज और नौलापानी के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का किया ऐलान

टनकपुर, अमृत विचार : चम्पावत जिले के उपेक्षित व दूरस्थ गांव तलियाबांज और नौलापानी के ग्रामीणों ने उनकी क्षेत्र की जायज मांगों पर अभी तक अमल ना होने पर आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। बकायदा इस संबंध में एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा गया है। जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम तलियाबांज में दो साल पूर्व हाई स्कूल से इंटरमीडिएट हुए विद्यालय में अभी तक कक्षाओं का संचालन नहीं हो पाया है जिससे छात्र-छात्राओं को दिक्कतें हो रही है। साथ ही इसी गांव की पेयजल योजना पर भी अभी तक कोई काम नहीं हो पाया है जिससे यहां के ग्रामीण दूरस्थ स्थान पर जाकर नालों और गधेरो का दूषित पानी पीने के लिए विवश है। ज्ञापन में कहा गया है कि नौलापानी के कठोल से मथीयाबांज तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य भी न होने से गांव के बुजुर्गों, महिलाओं और छात्रों को दुर्गम क्षेत्रों से आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि हमेशा जनप्रतिनिधि इस क्षेत्र में चुनाव के दौरान ही आते हैं उसके बाद यहां की समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाता है। ज्ञापन में ग्राम प्रधान गीता देवी, उप प्रधान दुर्गा देवी, शंकर जोशी, सुनीता देवी, राधिका देवी, सरिता देवी, भीम सिंह, रचना चौहान, रमेश राम, ध्यान सिंह, श्याम सिंह, कुंदन सिंह, जीवन सिंह, मीना देवी, सुरेश सिंह, मनोहर सिंह, जितेंद्र जोशी, कमल सिंह, धर्म सिंह आदि ग्रामीणों के हस्ताक्षर है।

चौखुटिया शिफ्ट किया जाए सिंचाई खंड का डिवीजन

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : चौखुटिया विकास के ग्रामीणों और अनेक सामाजिक संगठनों ने सिंचाई विभाग के रानीखेत स्थित डिवीजन को चौखुटिया में स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले की सबसे अधिक और सबसे बड़ी सिंचाई नहर चौखुटिया क्षेत्र में है और यह इलाका कृषि बाहुल्य भी है। लेकिन यहां सिंचाई विभाग का कार्यालय ना होने के कारण किसानों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र की गेवाड़ विकास समिति के पदाधिकारियों ने कहा है कि चौखुटिया गेवाड़ का इलाका कृषि बाहुल्य क्षेत्र है और यहां के अधिकांश कृषि क्षेत्र सिंचित व्यवस्था पर आधारित है। समिति के सदस्यों ने कहा है कि इस क्षेत्र में सबसे अधिक और जिले की सबसे बड़ी नहर स्थित है। जिनकी मदद से ही यहां के काश्तकार खेती बाड़ी का काम करते हैं। लेकिन क्षेत्र में सिंचाई विभाग का कोई कार्यालय ना होने के कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और उन्हें सिंचाई से जुड़े जरा जरा से कार्यों के लिए रानीखेत की दौड़ लगानी पड़ती है।

समिति के अध्यक्ष गजेंद्र नेगी ने कहा है कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से रानीखेत में स्थित सिंचाई विभाग के डिवीजन को चौखुटिया स्थानांतरित करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन उनकी मांग पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। जिससे स्थानीय काश्तकारों में काफी निराशा व्याप्त है। नेगी ने कहा है कि शासन से फिर चौखुटिया में सिंचाई खंड का डिवीजन खोले जाने की मांग की गई है। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो लोकसभा चुनावों के बाद आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

प्रभु यीशु के आदर्शों पर चलने का आह्वान

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : ईसाई समुदाय के लोगों ने अल्मोड़ा में ईस्टर संडे उत्साहपूर्वक मनाया। इस मौके पर एडम्स गर्ल्स इंटर कॉलेज के निकट स्थित बडन मेमोरियल मैथोडिस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। साथ ही लोगों ने मुल्क की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सभी ने प्रभु यीशु के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

चर्च में ईस्टर संडे के कार्यक्रम रविवार सुबह से शुरू हुए। हिलक्रिस्ट भवन से चर्च तक ईसाई समुदाय के लोगों ने कैंडिल मार्च निकाला। कैंडल मार्च विभिन्न मार्गों से होते हुए चर्च पहुंचा। साढ़े दस बजे से चर्च में विशेष प्रार्थना सभा शुरू हुई। प्रार्थना सभा में प्रभु यीशु मसीह के जीवन दर्शन पर चर्चा की गई। चर्च के मुख्य पादरी ने मुल्क की सुख शांति और समृद्धि के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह के आदर्शों पर चलकर ही समाज और देश को उन्नति की ओर अग्रसर किया जा सकता है। सभा में मौजूद इसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु की महिमा से संबधित गीतों का गायन किया। इस मौके पर चर्च को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

अल्मोड़ा स्थित चर्च में विशेष प्रार्थना सभा में मौजूद ईसाई समुदाय के लोग।

मंच क्षेत्र में बीमारी से मरी सैकड़ों मुर्गियां

चम्पावत: नेपाल सीमा से लगे तल्लादेश के मंच हरम में संक्रमण से 250 से ज्यादा मुर्गियां मर गईं। एक झटके में इतनी बड़ी संख्या में मुर्गियों की मौत से मुर्गीपालक सन्न हैं।

मुर्गीपालक रमेश शर्मा का कहना है कि पोल्ट्रीफार्म में एकाएक मुर्गियां मर गईं। मुर्गीपालक ने बैंक से 1.60 लाख रुपये का कर्ज लेकर ये काम शुरू किया था। लेकिन सभी 250 मुर्गियों के मरने से वह परेशान हैं। वहीं पशु चिकित्सक कोमल सिंह का कहना है कि सभी मुर्गियां एक साथ नहीं, कुछ दिनों के अंतराल में मरी हैं। मौके पर विभाग की टीम भेजी गई है।

ओम पर्वत के दर्शन को हेली सेवा आज से

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सीमांत जिले पिथौरागढ़ की नैनी सैनी हवाई पट्टी से सोमवार को एक दिवसीय हेली दर्शन सेवा का आगाज होगा। सुबह साढ़े नौ बजे नैनी सैनी हवाई पट्टी से पर्यटक आदि कैलाश, ओम पर्वत और ज्योलिंगकांग के लिए उड़ान भरेंगे। एक दिवसीय इस सफल यात्रा के बाद दस अप्रैल से श्रद्धालुओं के लिए यह सेवा सप्ताह के प्रत्येक दिन उपलब्ध होगी।

उत्तराखंड के सीमांत जिले पिथौरागढ़ में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तराखंड टूरिज्म की ओर से नैनी सैनी हवाई पट्टी से हेली दर्शन सेवा शुरू की जा रही है। जिसके लिए स्काई वन कंपनी का एक एमआई 17 हेलीकॉप्टर शनिवार को ट्रायल लेंडिंग के लिए दिल्ली के रोहिणी से उड़ान भरकर पिथौरागढ़ की नैनी सैनी हवाई पट्टी पहुंचा।

इस विमान में पंद्रह से बीस सदस्यीय टीम भी पिथौरागढ़ पहुंची है। जिसे पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ और चंढाक में ठहराया गया है। सोमवार को साढ़े नौ बजे यह टीम एक दिवसीय हेली दर्शन यात्रा के तहत आदि कैलाश, ओम पर्वत और ज्योलिंगकांग के लिए उड़ान भरेगी और वहां के इन पवित्र स्थलों का दर्शन करेगी।

सूत्रों के मुताबिक बारह से एक बजे तक यह दल दर्शन कर वापस लौट आएगा। इस सफल यात्रा के बाद दस अप्रैल से नियमित रूप से यह सेवा आरंभ हो जाएगी। इस यात्रा के दौरान एमआई 17 हेलीकॉप्टर में एक बार में करीब 18 श्रद्धालु एक साथ यात्रा कर सकेंगे। पर्यटन विभाग द्वारा शुरू की जा रही इस सेवा के दौरान बाहरी क्षेत्रों से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के रहने की व्यवस्था चंडाक स्थित मधुर रेंजीडेंसी में की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सेवा के नियमित संचालन से पिथौरागढ़ जिला पर्यटन के क्षेत्र में नए आयाम तय करेगा।

हेली दर्शन सेवा के लिए नैनी सैनी एयरपोर्ट पहुंचा एमआई 17 हेलीकॉप्टर।

रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले की दूरस्थ तहसील भनोली स्थित ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुंगरा का 22वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बहुरंगी छटा बिखेरी। इस दौरान वर्ष भर के खेल व अन्य प्रतियोगिताओं अव्वल बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद बच्चों ने सजधज कर मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बयार छोड़ी। लोक संस्कृति पर आधारित एक के बाद एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी। बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वार्षिकोत्सव में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश नाथ गोस्वामी ने वर्षभर की आख्या प्रस्तुत की जबकि संचालन करते हुए विद्यालय के एमडी जवाहर सिंह बिष्ट ने बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए विद्यालय में हो रहे प्रयासों एवं भावी योजनाओं के बारे में बताया और अभिभावकों से विद्यालय के उत्थान में सहयोग बनाए रखने की अपेक्षा की। वार्षिकोत्सव के मौके पर वर्ष भर खेलकूद समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं व पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों एवं प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पुरस्कार बांटे गए।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक मोहन सिंह महरा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि नरेंद्र बिष्ट, यूजीबी भनोली के शाखा प्रबंधक मनोज सिंह एवं विद्यालय के संरक्षक नारायण सिंह बिष्ट, प्रबंधक शांति बिष्ट ने वार्षिकोत्सव पर पूरे विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी।

बच्चों को सम्मानित करते अतिथि व शिक्षक।

आयोग के नियमों का करें पालन

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार: जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने कहा है कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई गाइड लाइन के अनुरूप लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र निर्विघ्न व पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु सौंपे गए कार्यों एवं दायित्वों को निर्धारित समय के अनुसार पूरा करना सुनिश्चित करें। कहा कि नोडल अधिकारी चुनाव के दौरान आयोग से प्राप्त होने वाले निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।

जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि पोस्टल बैलेट, फार्म 12डी,रूट चार्ट, वाहन अधिग्रहण, सखी व मॉडल पोलिंग बूथ, वेबकास्टिंग, एमसीएमसी टीम द्वारा प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया की निगरानी के साथ ही विज्ञापनों का प्री सेटिफिकेशन और कंट्रोल रुम पर आने वाली शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई समय से करने हेतु आयोग द्वारा जारी की गई गाइड लाइन के अनुसार करना सुनिश्चित करेंगे। ईवीएम मशीनों को स्टॉग रूम में रखने तक की पूरी प्रक्रिया के दौरान निर्धारित एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण की भी जानकारी ली। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एनएस नबियाल, नोडल अधिकारी कार्मिक आरसी तिवारी,उप जिलाधिकारी मोनिका व अनुराग आर्या, नोडल अधिकारी आदर्श आचार सहिंता आदि मौजूद रहे।

बागेश्वर में बैठक लेतीं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल। ● अमृत विचार

बिहार के प्रशिक्षु पीसीएस अफसर पहुंचे अल्मोड़ा

अल्मोड़ा, अमृत विचार : उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल के कार्यक्रम निदेशक समेत बिहार राज्य के 65 प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों का दल रविवार को अल्मोड़ा पहुंचा है। प्रशिक्षु दल के अधिकारियों ने यहां अल्मोड़ा के ऐतिहासिक मल्ला महल और राजकीय संग्रहालय का भ्रमण कर पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक जानकारियां प्राप्त की।राजकीय संग्रहालय के प्रभारी निदेशक डा. चंद्र सिंह चौहान ने बताया कि उत्तराखंड प्रशासन अकादमी, नैनीताल के कार्यक्रम निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा एवं बिहार राज्य के 65 प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों ने मल्ला महल अल्मोड़ा व राजकीय संग्रहालय अल्मोड़ा का भ्रमण किया। इस मौके पर उन्हें प्रभारी निदेशक संग्रहालय ने उन्हें शैक्षिक जन जागरूकता के तहत सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा के संस्कृति, इतिहास एवं पुरातात्विक महत्व की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षु अधिकारियों ने बड़ी जिज्ञासा से अल्मोड़ा के बारे में जानकारियां प्राप्त की और अपने इस कार्यक्रम पर काफी खुशी भी व्यक्त की। भ्रमण के दौरान अखिलेश कुमार मौर्या, शिवराज सिंह, जन्मेजय तिवारी, सरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-26

बाएं से दाएं

1.1. बाजा बजवाने का कार्य या भाव 2. वह मज़दूरी जो किसी से बाजा बजवाने के बदले में दी जाती है।

2. आवश्यक शारीरिक क्रियाओं को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी संभावित क्षमता, (रिज़र्व)।

5.1. संपत्ति, जायदाद, मिलकियत

7. छटांक भर तौल का एक बाट या बटखरा।

8.1. महीने का आधा भाग, पंद्रह दिन का समय, अर्धमास, (फोर्टनाइट) 2. चंद्रमास का शुक्ल या कृष्ण पक्ष।

ऊपर से नीचे

1.1. अग्रिम, पेशगी, (एडवांस) 2. झाड़ू।

2. छोटा संदूक, छोटा बकस।

3. तिरहुत में गाया जाने वाला एक तरह का गीत।

4. अमरीका से संबंधित, अमरीका का।

6.1. आरोप, दोष, कलंक 2. निशान, चिह्न 3. दाग, धब्बा।



वर्ग पहेली -25 का हल

1 क	ढ़	ना			2 झाँ	3 क
			4 दै			टा
	5 ठ	ग	वा	ना		स
6 पें			क		7 था	
ग		8 प	रि	9 घा	ती	
		छा		ट		
10 भा	ग	ड़			11 दो	ही

सुडोकू -105

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				6		4		
4	7	8	1			9		
			2		4			
6							2	
3		7				5		8
	2		8		7		1	
			9					
		9			6		7	
		5		4				

सुडोकू -104 का हल

1	3	9	7	6	5	4	8	2
2	7	8	4	1	3	5	9	6
4	6	5	2	9	8	1	7	3
7	9	2	6	5	4	8	3	1
8	5	1	9	3	7	2	6	4
3	4	6	8	2	1	9	5	7
5	8	3	1	7	2	6	4	9
6	1	4	3	8	9	7	2	5
9	2	7	5	4	6	3	1	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अप्रैल, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.09 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 23.12 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज पेट से संबंधित कोई समस्या परेशान जरूर करेगी लेकिन यदि आप अपने आहार पर ध्यान रखेंगे तो स्वस्थ रहेंगे। आपको अपना मन हमेशा शान्त रखना चाहिए। साथ ही प्रेम संबंधों में अपने जिद्दी स्वभाव को लचीला बनाएं।

वृष — आज कई महत्वपूर्ण कार्य गति में आ सकती हैं। पिता की आज्ञा का अनुसरण अवश्य करें। आप प्रतिदिन बाहर जाते हैं और खुद ड्राइविंग करते हैं तो कृपया आज के दिन खुद ड्राइविंग करने से बचें और हो सके तो सार्वजनिक वाहन से यात्रा करें।

मिथुन — आज कॉलेज के छात्र अपने लिए कुछ नए क्षेत्रों को देखेंगे और उन पर काम करने का विचार करेंगे। किसी करीबी रिश्तेदार का सहयोग भी लिया जा सकता है। बैंकिंग और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष रूप से शुभ है।

कर्क — आज अहंकार को अपने ऊपर हावी ना होने दें। परिवार में किसी की कोई बात आपको बुरी लग रही है तो उनसे खुलकर बात करें अन्यथा दूरियां बढ़ जाएगी। यदि आपने धैर्य से काम लिया तो बात संभल जाएगी। मित्र हर कीमत पर आपकी मदद करना चाहेंगे।

सिंह — आज यदि आपने कहीं से लोन लिया हुआ है तो वहां से समस्या उत्पन्न होगी। परिवार में भी कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जिसका हल जल्दी नहीं निकल पाएगा। उच्च अधिकारी आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे।

कन्या — आज गले से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। शरीर में विटामिन की कमी भी होगी जिस कारण आलस छाया रहेगा। ऐसे में जूस इत्यादि पौष्टिक चीजों का सेवन करते रहें। शेयर मार्केट में निवेश लाभप्रद सिद्ध होगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन सराहनीय रहेगा।

तुला — आज मानसिक रूप से एक दम स्वस्थ रहेंगे और पहले से ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे। दोपहर के समय नए-नए विचारों का मन में समावेश होगा तथा प्रसन्नता छाई रहेगी। प्रेमी जन आपके प्रति आकर्षित रहेगा। वित्तीय स्थिति काफी अच्छी रहेगी।

वृश्चिक — आज यदि आप स्कूल या कॉलेज में हैं तो आज के दिन मन पढ़ाई में कम और अन्य कामों में ज्यादा लगेगा। आप अपनी रुचि के अनुसार काम करेंगे। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। विदेशी संस्थानों में शिक्षा को उत्सुक विद्यार्थियों के लिए सप्ताह शुभ है।

धनु — आज यदि आपने कहीं पैसा निवेश कर रखा है तो उस ओर नज़र बनाए रखें क्योंकि वहां से अचानक से धन लाभ मिलेगा। भूमि संबंधी सौदे में आश्चर्यजनक रूप से नए अवसर हाथ में आएंगे। अधूरे काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे।

मकर — आज घर में किसी सदस्य के विवाह की बात चल सकती है और कहीं से उनके लिए एक अच्छा रिश्ता भी आएगा जिस कारण सभी का मन आनंदित रहेगा। बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए योजना बनायेंगे। जीवनसाथी के साथ एकान्त में अच्छा समय बितायेंगे।

कुंभ — आज के दिन जीवनसाथी पर ध्यान देने की आवश्यकता है। रिश्तों में थोड़ी कड़वाहट जरुर आएगी लेकिन यदि आपने संयम और धैर्य से काम लिया तो वह जल्दी ही सुलझ जाएगी। कोई सुखद समाचार आपको प्राप्त होगा।

मीन — आज कहीं रिश्ते की बात चल रही है तो संभल कर रहें क्योंकि किसी मित्र के द्वारा उसमे दरार डालने का प्रयास किया जाएगा जिस कारण बात बिगड़ भी सकती है। युवा जातक नया उद्यम करने की योजना बना सकते हैं। अपने सहयोगियों पर पूर्ण विश्वास रखें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
परदेसी बाबू — सुबह : 10.49
दरार — रात : 07.01

SONY PIX
एनाबेल कम्स होम — सुबह : 10.21
द मैन फ्रॉम टोरंटो — रात : 09.00

SONY SMAX
प्यार दीवाना होता है — दोपहर : 12.00
एनिमल — रात : 09.33

ZEE CINEMA
कोई...मिल गया — सुबह : 10.30
धमाल — रात : 07.45

colors CINEPLEX
बुड्ढा होगा तेरा बाप — सुबह : 09.35
गोलमाल 3 — शाम : 06.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07.45 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था ...
अगले दिन दोपहर में पत्नी डिनर ले लो जी।
पति-यह डिनर नहीं लंच है जाहिल औरत
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

पप्पू ने एक राह चलती लड़की से कहा आपने पहचाना मुझे?
लड़की- नहीं, आप कौन हैं?
पप्पू- मैं वही हूं, जिसे आपने कल भी नहीं पहचाना था।

स्वामी विवेकानंद की स्वप्न भूमि है अद्वैत आश्रम

मायावती आश्रम पहुंचे राज्यपाल गुरमीत सिंह, क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिकता से हुए अभिभूत

संवाददाता टनकपुर/ लोहाघाट

अमृत विचार : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) दूसरे दिन जनपद के लोहाघाट स्थित अद्वैत आश्रम मायावती पहुंचे।जहां उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्य को निहारा। मायावती आश्रम पहुंचकर राज्यपाल ने कहा कि यहां की प्रकृति तनाव मुक्त करने में मददगार है। उन्होंने कहा कि यह आश्रम देश-विदेश के लोगों को आध्यात्म की ओर आकर्षित करता है। उन्होंने मायावती में संचालित हो रहे धर्मार्थ चिकित्सालय की सेवाओं व सुविधाओं की सराहना की।

राज्यपाल ने इसके बाद मायावती आश्रम परिसर का भ्रमण किया और सौंदर्य को निहारा। उन्होंने कहा कि लोहाघाट की गोद में बसा मायावती आश्रम एक रमणीक स्थान है। उन्होंने कहा कि यह अद्वैत आश्रम स्वामी विवेकानंद की स्वप्न भूमि है, यह आश्रम रामकृष्ण की एक प्राचीन शाखा केंद्र ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के इतिहास में विवेकानंद की भावधारा तथा वेदांत साधना का एक महान केंद्र है।

मायावती आश्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड और हिमालय के प्रति स्वामी विवेकानंद की असीम आस्था रही। कहा कि आज हम स्वामी जी की 125वीं जयंती मना रहे हैं और आगे के 125 वर्ष के लिए बेहतर प्लान करना होगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र धरती के केंद्र को आत्म के केंद्र बिंदु से जोड़कर ब्रह्मांड के केंद्र बिंदु से जोड़ता है। इस अवसर पर उन्होंने आश्रम के संस्थापक सेवियर दंपति एवं स्वामी स्वरूपानंद को भी याद किया।

उन्होंने बाद में ध्यान कक्ष में ध्यान लगाया और कहा कि ध्यान वाला स्थान चमत्कारिक है, जहां मस्तिष्क में एक अलग ही शांति की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद द्वारा मायावती आश्रम में आकर 15 दिनों तक ध्यान और साधना की। उन्होंने कहा की सभी को स्वामी जी की सोच, विचार, धारणा, उनके सिद्धांत और मार्गदर्शन पूरे विश्व में ले जाना होगा। उनका संदेश ब्रह्मांड, भारतीयता, भारत वर्ष और मानवता के बारे में वह इतना गहरा है कि उसकी आज एक अलग ही जरूरत दिखाई देती है। वास्तविकता में इस स्थान पर जो सकारात्मक तरंगें हैं वह अपने में एक अलग ही अनुभूति देते हैं।

आश्रम के स्वामी सुद्धिदानंद महाराज द्वारा राज्यपाल को प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। बाद में राज्यपाल ने आईटीबीपी 36वीं वाहनी लोहाघाट में सैन्य अधिकारियों एवं जवानों के साथ संवाद किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी नवनीत पांडेय, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी रिंकु बिष्ट आदि मौजूद रहे।

लक्ष्य सेन का पेरिस ओलपिंक में चयन

अल्मोड़ा, अमृत विचार : अल्मोड़ा के मशहूर शटलर लक्ष्य सेन का चयन पेरिस ओलंपिक के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होगी। जिसमें लक्ष्य ओलंपिक में भारतीय बैडमिंटन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अल्मोड़ा के तिलकपुर मोहल्ले में जन्मे लक्ष्य सेन को बैडमिंटन खेल का हुनर विरासत में मिला है। उनके दादा स्व. सीएल सेन और पिता डीके सेन बैडमिंटन के बेहतरीन खिलाड़ी रह चुके हैं। लक्ष्य सेन के भाई चिराग सेन भी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। लक्ष्य की इस उपलब्धि पर कोच विमल कुमार, बैडमिंटन के चीफ पैटर्न अशोक कुमार, अध्यक्ष अलकनंदा अशोक, सचिव बीएस मनकोटी, राम अवतार, डीएम विनीत तोमर, विधायक मनोज तिवारी, कैलाश शर्मा, निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, बैडमिंटन संघ अल्मोड़ा अध्यक्ष प्रशांत जोशी, उपाध्यक्ष गोकुल मेहता आदि लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

टाटा सूमो खाई में गिरने से तीन की मौत, 11 घायल

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: टिहरी जिले में तहसील गजा के दुवाकोटी गांव के पास टाटा सूमो खाई में गिरने तीन यात्रियों की मौत हो गई। हादसे में 11 लोग घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शवों को खाई से निकाला। घायलों को गजा स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया है। मृतकों में टिहरी के पोखरी डिग्री कॉलेज की छात्र संघ सचिव रितिका (ऋतु) भी शामिल है। रविवार को वह चम्बा में अपनी बहन के यहां जा रही थी।

रविवार सुबह लगभग 10.30 बजे गजा से चम्बा की ओर जा रही टाटा सूमो दुआकोटी गांव के पास लगभग डेढ़ सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई। तहसीलदार विनोद प्रसाद तिवारी ने बताया कि हादसे में धर्मवीर असवाल (45) पुत्र कर्म सिंह असवाल निवासी कठुड़ टिहरी और टिहरी के पोखरी डिग्री कॉलेज की छात्रसंघ सचिव रितिका उर्फ ऋतु (22) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जगवीर सिंह (42) पुत्र रतन सिंह निवासी थयूल ने नरेंद्रनगर

दुर्घटनाग्रस्त टाटा सूमो। ● अमृत विचार

अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों में विकास पांडे (35) निवासी मटियाली, साक्षी (19) निवासी पाली, कलापति (60) निवासी उत्तरकाशी, विरेंद्र (52) निवासी फलसारी, सृष्टि (11) पुत्री अनिल, पूजा (22) पुत्री खुशीराम निवासी पाली, अंश (8) पुत्र अनिल और गौतम (19) पुत्र सुभाष निवासी उत्तरकाशी, गौतम (19) पुत्र सुभाष निवासी उत्तरकाशी, दीपा देवी (65) पुत्र कुंदन लाल निवासी पलोगी, प्रकाशी (35) पुत्री अनिल निवासी खांड और अदिति (डेढ़ साल) पुत्री विकास पांडे निवासी मठियाली घायल हो गए।

सेवानिवृत्त होने पर सीओ विपिन चन्द्र पन्त को दी भावभीनी विदाई

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

अमृत विचार: सेवानिवृत्त हुए चम्पावत के पुलिस उपाधीक्षक विपिन चन्द्र पन्त को भावभीनी विदाई दी गई। जिलाधिकारी नवनीत पाण्डेय की उपस्थिति तथा पुलिस अधीक्षक अजय गणपति की अध्यक्षता में पुलिस लाइन चम्पावत में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा विपिन चन्द्र पन्त को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह तथा उपहार भेंट कर भावभीनी विदाई दी गयी तथा सुखद जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई। साथ ही पुलिस विभाग में उनके सेवाकाल के दौरान किए गये कार्यों तथा उनके व्यवहार की सराहना की गई। सेवानिवृत्त हुए पुलिस उपाधीक्षक पंत ने अपने सेवाकाल के अनुभवों को उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से साथ साझा कर सभी से ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा व मेहनत से अपनी ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया। सीओ विपिन चन्द्र पन्त वर्ष 1990 में पुलिस उपनिरीक्षक के पद पर भर्ती हुए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, नैनीताल, उधमसिंह नगर, पिथौरागढ़, चम्पावत आदि स्थानों पर अपनी सेवाएं दीं।

सेवानिवृत हुए सीओ विपिन चंद्र पंत को डीएम और पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित।

कर्मियों के दूसरे चरण के प्रशिक्षण की तिथियां तय

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के 4176 मतदान कार्मिकों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण की तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है। उन्होंने सभी मतदान कार्मिकों को इस प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश जारी किए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सल्ट विधानसभा तीन अप्रैल को सल्ट विधानसभा व पिंक बूथ के 376 कार्मिकों को एसएसजे ऑडिटोरियम और द्वाराहाट विधानसभा के 328 कार्मिकों को उदयशंकर नाट्य अकादमी में सुबह नौ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक सामान्य ईवीएम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। चार अप्रैल को सल्ट के 304 और द्वाराहाट के 324 कार्मिकों, पांच अप्रैल को विधानसभा जागेश्वर के 412 और विधानसभा रानीखेत के 304 कार्मिकों, छह अप्रैल को विधानसभा जागेश्वर के 408 और रानीखेत विधानसभा के 300 कार्मिकों, सात अप्रैल को विधानसभा अल्मोड़ा के 340 और विधानसभा सोमेश्वर के 336 कार्मिकों, आठ अप्रैल को विधानसभा अल्मोड़ा और पिंक बूथ के 412 कार्मिकों व सोमेश्वर विधानसभा के 332 कार्मिकों को निर्धारित स्थलों और समय पर सामान्य ईवीएम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि प्रशिक्षण के लिए मतदान कार्मिकों के बैठने, खानपान, वीडियोग्राफी समेत अन्य सुविधाएं प्रशिक्षण शुरू होने से पूर्व सुनिश्चित कर ली जाएं।

गंगा स्वच्छता के तहत बेतालेश्वर मंदिर में चलाया सफाई अभियान

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : एसएसजे विवि अल्मोड़ा के योग विज्ञान विभाग द्वारा गंगा स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को गंगा स्वच्छता पखवाड़े के तहत बेतालेश्वर मंदिर में सफाई अभियान चलाया। अभियान के दौरान योग विज्ञान विभाग के छात्र छात्राओं ने मंदिर परिसर और नदी तट पर साफ सफाई की और पुजारी दिनेश चंद्र जोशी और राहुल गिरि के सहयोग से दीप दान और गंगा आरती का आयोजन भी किया।

इस मौके पर योग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. नवीन भट्ट ने कहा कि विवि के कुलपति प्रो. सतपाल बिष्ट के संरक्षण में विश्वविद्यालय नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत विभिन्न समाजोपयोगी कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि गंगा और इसकी सहायक नदियों का संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। शिक्षक रजनीश जोशी और गिरीश अधिकारी ने कहा कि गंगा अपने आप में अनेक जड़ी बूटियों और औषधियों को समाहित किए हुए है। लेकिन मानवीय चूक के कारण गंगा लगातार प्रदूषित होती जा रही है। इसलिए हमें गंगा को प्रदूषित होने से रोकना होगा और उसकी पवित्रता को बनाए रखने का पूरा पूरा प्रयास करना होगा। कार्यक्रम में पूजा पांडे, कोमल कांडपाल, दीपक बिष्ट, भावना अधिकारी, सोनिया बिष्ट, प्रमोद सिंह, दीपक परिहार, कुनाल, योगेश, प्रियांशु, जानकी, संतोष आदि अनेक छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

बेतालेश्वर मंदिर में गंगा आरती करते योग विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राएं।

उत्तर प्रदेश

सार-संक्षेप

चिकित्सीय कार्यक्रमों में शराब नहीं पी सकेंगे डॉक्टर

लखनऊ : चिकित्सा क्षेत्र में होने वाली काफ्रेंस, सेमीनार, सीएमई या अन्य पार्टियों में डॉक्टर खुलेआम शराब का सेवन नहीं कर सकेंगे। क्लीनिक्स व कॉकटेल पार्टियों से परहेज कर, जनसामान्य को शराब व तम्बाकू आदि उत्पादों से होने वाले नुकसान से जागरूक करेंगे। यह निर्देश रविवार को दिल्ली से स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ .अतुल गोयल ने जारी किये हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक ने निर्देश में स्पष्ट किया है कि शराब व तम्बाकू आदि संबन्धित उत्पाद जनसामान्य की सेहत के लिए नुकसानदायक हैं। इनके सेवन से लिवर सिरोसिस, कैंसर, हेमोरेजिक स्ट्रोक आदि गंभीर बीमारियां बढ़ रहीं हैं। 63 प्रतिशत लोगों की मौत गैर संचारी (नॉन कम्यूनिकेबिल डीजीज) से हो रही है। इन कारणों से हो रही मौतों की रोकथाम के लिए शराब व अन्य संबन्धित उत्पादों से नुकसान के प्रति समाज में जागरूकता जरूरी है। इसके लिए चिकित्सा स्वास्थ्य से जुड़े लोगों को आगे आना होगा।

कॉटन वेस्ट कारखाने में लगी आग, लाखों का नुकसान

अमरोहा : कॉटन वेस्ट के कारखाने में अचानक आग गई। आबादी क्षेत्र के बीच आग लगने से आसपास के इलाके अफरातफरी मच गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें आसमान छू रहीं थीं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कारखाने के मालिक के मुताबिक इस आग से लाखों रुपये का माल जल गया। घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तकिया मोती शाह और सलेमपुर बाईपास मार्ग पर स्थित कॉटन वेस्ट के कारखाने की है। यह कारखाना दुर्गा कालोनी के निवासी संजय गोयल का है। रविवार सुबह कारखाने में अचानक आग लग गई। आग की लपटें धू धूकर उठने लगीं। आग की लपटें उठती देख आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।

घेर में आग लगने से गांव में मची अफरातफरी

हसनपुर : कोतवाली क्षेत्र के गांव धोरिया में किसान के घेर में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। आग लगने से हजारों रुपये का सामान जल गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं लगा है। गांव के बाहरी छोर पर दीपक पुत्र बृजपाल का घर है, जबकि इससे कुछ दूरी पर घेर है। रविवार दोपहर परिवार के लोग खेत पर काम करने गए थे। इस दौरान घेर में आग लग गई। इससे गांव में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने रेत व पानी आदि से आग पर काबू पाया। तब तक वहां बोंगा, उपलों का बिटौरा व पंपिंग सेट आदि जल गया। पीड़ित के अनुसार आग लगने से एक लाख रुपये से अधिक की क्षति हुई है। दीपक ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। राजस्व विभाग को मामले की जानकारी दी गई है।

फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव, हत्या का आरोप

शाहबाद (रामपुर) : ढकिया चौकी क्षेत्र में अधेड़ व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारा। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। गांव रुस्तमनगर-नटियाखेड़ा निवासी 41 वर्षीय इस्लाम उर्फ कल्लू ट्रैक्टर चलाता था। इसके पास फसल निकासी का कटर भी था। परिजनों के अनुसार वह अपने बेटे इमरान के साथ लाही निकालने अली गंज बरेली निवासी रिश्तेदार के यहां गया था। रविवार की सुबह लोगों ने खंजीपुरा-नादरगंज मार्ग पर शीशम के पेड़ से उसका शव लटका देखा। राहगीरों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। इस पर परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। मृतक की पत्नी चमन ने पति की हत्या का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि शनिवार को इस्लाम बेटे से घर जाने की बात कहकर अलीगंज से आ गया था। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। किसी ने हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया।

स्वार्थी परिवार बनाम मोदी परिवार है चुनाव का मुद्दा: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ की चुनावी रैली में कहा कि यह चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं है, बल्कि उन लोगों को फिर से सही जगह दिखाने का है, जिन लोगों ने सामाजिक तानेबाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य किया है। यह चुनाव फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फस्ट, माफियाराज बनाम कानूनराज, भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस, तुष्टिकरण बनाम सबका साथ-सबका विकास, स्वार्थ के परिवार बनाम मोदी के परिवार, जातिवाद बनाम गरीब कल्याण के बीच का है।

कहा कि एक तरफ विकास को लेकर चलने वाली सरकार है तो दूसरी तरफ हजार षडयंत्र करने वाले नापाक गठबंधन के लोग तमाम तरह के भ्रम की आवाज पैदा कर रहे हैं। योगी ने कहा कि इस क्षेत्र में 10 वर्ष के अंदर काफी परिवर्तन हुआ है। कांग्रेस व सपा सरकारों के समय इस क्षेत्र ने दंगा पॉलिसी व कर्फ्यू की यातनाओं को झेला है। आज एक तरफ भाजपा व सहयोगी दल पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए कार्य कर रहे हैं तो दूसरी तरफ विभाजनकारी ताकतें परिवारवाद के आधार पर सामाजिक तानेबाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य कर रहे हैं।

चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न किसानों का सम्मान

योगी ने कहा कि किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को ''भारत रत्न'' मिलना किसानों का सम्मान है। यूपी व देश का किसान इसके लिए पीएम के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है। सीएम ने आह्वान किया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 2014, 2017, 2019 और 2022 में आपने एनडीए गठबंधन को आशीर्वाद दिया है। एक बार फिर आपका आशीर्वाद 2024 में हमें प्राप्त हो। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, निषाद पार्टी के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषाद, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर, मेरठ के सांसद राजेंद्र अग्रवाल, बागपत के सांसद सत्यपाल सिंह आदि रहे।

चॉकलेट ज्यादा खाने से दांतों में हो रही सड़न

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत ने बताया कि जब मुंह में मौजूद एसिड दांतों की बाहरी परतों को पिघला देता है तो इसे दांतों में सड़न या कैविटी के नाम से जाना जाता है।

बच्चों के दांतों में सड़न के कई कारण हो सकते हैं, जैसे मीठी टॉफी, चॉकलेट, कैंडी जरूरत से ज्यादा खाना, फास्ट फूड खाना, नियमित रूप से ब्रश न करना और खाने से पर्याप्त न्यूट्रीशन न मिलना आदि हैं। इन सभी बीमारियों का इलाज समय पर होना जरूरी है। दांतों की अगर सड़न छोटी है दांत के सड़े हुए हिस्से को हटाना जरूरी है।

नौकरी दिलाने के बहाने 51 हजार रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शाहजहांपुर के युवक ने बीसलपुर रोड स्थित मान्यवर कंसलटेंसी के मालिक पर नौकरी दिलाने के बहाने 51 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाया है। बारादरी थाना पुलिस ने कंसलटेंसी के मालिक समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना तिलहर के गांव मुड़िया कमलापुर निवासी विवेक ने बताया कि एक साल पहले उनकी आर्थिक स्थिति सही नहीं थी। इस पर वह बरेली में नौकरी करने के लिए आए। तुलाशेर थाना इज्जतनगर निवासी संतोष के कहने पर वह बीसलपुर रोड स्थित मान्यवर कंसलटेंसी के मालिक अजय प्रधान से मिले। अजय ने पैसा बाजार डॉट काम में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया और कहा कि 22 हजार 500 रुपये मानदेय मिलेगा। बतौर सिक्योरिटी के रूप में 31 हजार रुपये जमा कराए। दो माह तक नौकरी न मिलने पर उन्होंने अजय से पैसे वापस मांगे तो कहा कि दस हजार रुपये और जमा करने होंगे। अजय के सहायक के कहने पर उन्होंने दस हजार रुपये और दे दिए। शुभम भारती, शिवम उर्फ शिवा और शंख प्रताप के कहने पर उन्होंने दस हजार रुपये जमा कर दिए। इसके बाद भी नौकरी नहीं लगी। बारादरी पुलिस ने अजय, शिवम उर्फ शिवा, शंख प्रताप और शुभम भारती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

तीन राज्यपालों ने रामलला दरबार में लगाई हाजिरी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : भव्य राम मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए रविवार को गुजरात, सिक्किम और मेघालय के राज्यपाल अयोध्या पहुंचे। तीनों ही रामलला के दर्शन कर भाव विभोर हो उठे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने स्वागत किया तो पुजारी ने रामनामी ओढ़ाकर प्रसाद भेंट किया।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद से श्रद्धालु ही नहीं अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल अयोध्या पहुंच दर्शन पूजन कर चुका है। अब राज्यों के राज्यपाल भी अयोध्या दर्शन को पहुंच रहे हैं। रविवार को सबसे पहले मेघालय के राज्यपाल राज्यपाल फागू चौहान अपने पैतृक आवास आजमगढ़ से सड़क मार्ग से अयोध्या पहुंचे और रामलला का दर्शन किया। उसके बाद सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य एयरपोर्ट से सीधे सर्किट हाउस पहुंचे। फिर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम एयरपोर्ट पर पहुंचे। प्रोटोकॉल के तहत दोनों राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे और रामलला का दर्शन पूजन किया। लगभग 5 मिनट तक खड़े होकर गर्भगृह निहारते रहे। सर्किट हाउस में सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भगवान रामलला का दर्शन पाने के लिए मैं काफी उत्साहित था। केवल अहसास कर सकता हूं।

अवैध शस्त्र का कारखाना पकड़ा

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिले की भोजपुर थाना पुलिस ने अवैध असलहा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से तीन तमंचे 12 बोर, चार तमंचे 315 बोर, एक 12 बोर बंदूक पोनिया, एक 12 बोर का तमंचा बरामद किया है। एसपी देहात ने पुलिस लाइन सभागार में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा किया।

लोकसभा चुनाव में मतदान की तारीख जितनी नजदीक आ रही है उसे लेकर पुलिस प्रशासन भी सतर्कता बरत रहा है। जिले में 19 अप्रैल को लोकसभा के पहले चरण के मतदान होना हैं। जिसके तहत पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को कामयाबी मिली है।

आरसी पंत अध्यक्ष और हरीश भट्ट बने उपाध्यक्ष

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : उत्तराखंड सांस्कृतिक समाज का 42वां वार्षिक अधिवेशन रविवार को राजेंद्र नगर स्थित सामुदायिक भवन में हुआ। इस मौके पर नई कार्यकारिणी का चुनाव भी हुआ। अधिवेशन में महासचिव मोहन चन्द्र पाठक ने पिछले बरसों के कार्यों, आय-व्यय का विवरण देते हुए प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

इसके बाद सर्वसम्मति से अध्यक्ष आरसी पंत, उपाध्यक्ष डॉ. हरीश भट्ट, घनश्याम पांडेय, महामंत्री एमसी पाठक, संयोजक डीडी बेलवाल चुने गए। इसके अलावा उपमंत्री उमेश तिवारी, कोषाध्यक्ष हरिनंदन तिवारी, भंडार सचिव भुवन जोशी, लेखा परीक्षक गोकुलानन्द पाठक और किशन चंद पंत, कानूनी सलाहकार गिरीश पांडेय, संगठन मंत्री कैलाश पंत, सांस्कृतिक मंत्री गोपाल दत्त अमोला और सांस्कृतिक उप मंत्री राजेन्द्र पाठक और मीडिया प्रभारी सतीश चंद्र जोशी चुने गए।

इस मौके पर भवानी दत्त जोशी, आनंद सिंह भंडारी, एमएस नेगी, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, खड़क सिंह बिष्ट, प्रकाश पाठक, निपुण पांडेय , गोपाल दत्त पांडेय, दिव्य दर्शन जोशी, अमित जोशी आदि मौजूद रहे।

तीन साल की बच्ची सीकेडी से ग्रसित

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में रविवार को तीन वर्षीय बच्ची किडनी के गंभीर संक्रमण क्रोनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) से ग्रसित मिली है। बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। बच्ची को लिवर संबंधी दिक्कत भी थी।

सीबीगंज निवासी रमेश की तीन वर्षीय बेटी रिया को रविवार की सुबह पेट में तेज दर्द हुआ। इस पर परिजन उसे दोपहर करीब 12 बजे जिला अस्पताल लेकर आए। यहां बच्ची को भर्ती कर जांच की गई तो वह किडनी और लिवर संबंधी बीमारियों से ग्रसित मिली। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अनीस बेग के अनुसार कम उम्र के बच्चों में किडनी संबंधी गंभीर रोग होना चिंता का कारण है।



पर्वतीय, पिछड़े वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं को लेकर भाजपा, कांग्रेस व बसपा में जमकर खींचतान बीते तीन चुनावों में यही वोट बैंक तय करता रहा है जीत और हार

धर्म नगरी में अब तक छह बार भाजपा और चार मर्तबा कांग्रेस ने दर्ज की है जीत

भाजपा की हैट्रिक आसान कर सकता है चतुष्कोणीय मुकाबला

हरिद्वार संसदीय सीट

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड में इस बार सबसे ज्यादा धर्मनगरी हरिद्वार संसदीय सीट की चर्चा है। यहां से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बेटे कुंवर वीरेंद्र रावत को टिकट दिया है, तो भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को उम्मीदवार बनाया है। खानपुर क्षेत्र से निर्दलीय विधायक उमेश कुमार भी चुनाव मैदान में हैं। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे जमील अहमद को मैदान में उतारा है। इस हाल में यहां मुकाबला रोचक बन गया है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि इस सीट पर भाजपा जीत की हैट्रिक बनाती है अथवा चौतरफा संघर्ष में फंसती है।

छह विस सीटों पर भाजपा, पांच पर कांग्रेस काबिज

- हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में आने वाली 14 विधाससभा सीटों में वर्तमान में छह पर भाजपा और पांच सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। दो सीटों पर बसपा तो एक पर निर्दलीय प्रत्याशी जीता था।
- 2022 के विधान सभा चुनावों में भाजपा को 38 .8 प्रतिशत, कांग्रेस को 36 .0 प्रतिशत, बसपा को 14 .1 प्रतिशत आम आदमी पार्टी को 1 .9 प्रतिशत तथा सपा को 0 .2 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे।
- हालांकि 2017 के विधानसभा चुनावों में भाजपा काफी आगे रही थी। उसे 45 .6 और कांग्रेस को 32 .4 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। बसपा को इस चुनाव में 13 .8 प्रतिशत मत मिले थे।
- समाजवादी पार्टी भी एक बार दौड़ा चुकी है धर्म नगरी में साइकिल
- कैडर वोटों के सहारे बसपा यहां बनाती और बिगाड़ती रही है खेल

1 **कुंवर वीरेंद्र रावत**
कांग्रेस ने दिया है टिकट

2 **त्रिवेंद्र सिंह रावत**
पूर्व मुख्यमंत्री, भाजपा प्रत्याशी

3 **उमेश कुमार**
खानपुर से निर्दलीय विधायक

हरपाल साथी ने जीत की हैट्रिक का बनाया रिकॉर्ड

- हरिद्वार संसदीय सीट वर्ष 1977 में अस्तित्व में आई। पहला संसदीय चुनाव जनता पार्टी ने जीता। उस दौरान इस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का खासा प्रभाव था।
- वर्ष 1980 में यह सीट जनता पार्टी (सेक्युलर) ने जीती लेकिन 1984 में समीकरण बदले और कांग्रेस ने विजय पताका फहराई।
- वर्ष 1987 के उपचुनाव में भी कांग्रेस का कब्जा कायम रहा। वर्ष 1989 के चुनाव में कांग्रेस ने इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाई।
- वर्ष 1991 में कांग्रेस से भाजपा में आए राम सिंह सैनी ने राजनीति बदल दी और यह सीट भाजपा के खाते में चली गई। हालांकि परिसीमन में बदलाव हुआ और यह सीट आरक्षित हुई। इसके बाद भाजपा के कद्दावर नेता हरपाल साथी ने लगातार तीन चुनाव जीतकर हैट्रिक का रिकॉर्ड बनाया।

उत्तराखंड बनने के बाद पहले चुनाव में सपा का खुला खाता

- वर्ष 2004 में उत्तराखंड राज्य का गठन के तुरंत बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में सपा ने हरिद्वार सीट भाजपा से छीन ली। इसके बाद नया परिसीमन हुआ और यह सीट आरक्षित से सामान्य हो गई। अल्मोड़ा से हरिद्वार पहुंचे कांग्रेस के कद्दावर नेता हरीश रावत ने यहां से 2009 में जीत दर्ज की और केंद्रीय जल संसाधन मंत्री बने। वर्ष 2014 में मोदी लहर ने इस सीट पर फिर राजनीति बदल दी। यहां से भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक को उम्मीदवार बनाया। निशंक ने भारी मतों से जीत दर्ज की और वर्ष 2019 में भी अपनी जीत का प्रदर्शन दोहराया।

देहरादून की तीन व हरिद्वार की 11 विस सीटें शामिल हैं

- हरिद्वार लोकसभा सीट में देहरादून की तीन विधानसभा सीटें डोईवाला, धर्मपुर और ऋषिकेश शामिल हैं। हरिद्वार जिले की हरिद्वार, बीएचईएल रानीपुर, ज्वालापुर, भगवानपुर, झबरेड़ा, पिरान कलियर, रूड़की, खानपुर, मंगलौर, लक्सर व हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा सीटें लोक सभा क्षेत्र का हिस्सा हैं।

2019 चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
रमेश पोखरियाल	665,674
अंबरीश कुमार	4,06,945
अंतरिक्ष सैनी	1,73,528

2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	रमेश पोखरियाल	592,320
कांग्रेस	रेणुका रावत	4,14,498
बसपा	मोहम्मद इस्लाम	1,13,663



हरिद्वार से निर्वाचित सांसदों की सूची

वर्ष	सदस्य	दल
1977	भगवान दास राठौड़	जनता पार्टी
1980	जगपाल सिंह	जनता पार्टी (सेक्युलर)
1984	सुंदर लाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1987	राम सिंह सैनी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	जगपाल सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991	राम सिंह सैनी	भारतीय जनता पार्टी
1996, 98 व 99	हरपाल सिंह साथी	भारतीय जनता पार्टी
2004	राजेंद्र कुमार बाड़ी	समाजवादी पार्टी
2009	हरीश रावत	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014 व 19	रमेश पोखरियाल	भारतीय जनता पार्टी

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	हरीश रावत	332,235
भाजपा	यतींद्रानंद गिरि	2,04,823
बसपा	शहजाद	1,81,296

2009 चुनाव के आंकड़े



बदायूं में पिछली बार गुन्नौर ने गिरा दी थी सपा की साइकिल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : लंबे समय तक बदायूं लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी का कब्जा रहा। संसदीय क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में सपा को हमेशा लंबी बढ़त मिलती रही। लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में गुन्नौर की जनता ने सपा का मजबूत किला ढहा दिया। मोदी लहर में 2014 में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को जहां 54 हजार मत प्राप्त हुए थे, वहीं 2019 में 96,531 मतदाताओं ने भाजपा को वोट देकर सपा का खेल खराब कर दिया। इसके चलते भाजपा प्रत्याशी संघमित्रा मौर्य ने बदायूं में कमल खिला दिया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि गुन्नौर की जनता इस बार किस ओर अपना रुख करेगी। मुस्लिम और यादव बाहुल्य क्षेत्र होने की वजह से बदायूं जिले में सपा का दबदबा रहा है। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव बदायूं के लोगों को अपना कुनबा बताते थे। बदायूं सीट से मुलायम सिंह के करीबी रहे सलीम इकबाल शेरवानी पांच बार सांसद रहे। वर्ष 2009 में यहां सपा दो खेमे में बंट चुकी थी तो मुलायम सिंह ने अपने भतीजे पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को चुनाव मैदान में उतारा। उस समय बसपा की सरकार थी। बसपा से बाहुबली डीपी यादव चुनाव मैदान में थे। लेकिन चुनाव में सपा को ही जीत हासिल हुई। इसके बाद 2014 में मोदी लहर में भी धर्मेंद्र यादव ने भाजपा उम्मीदवार बागीश पाठक को 1.65 लाख वोटों के अंतर से हरा दिया था। सपा की जीत में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र का बड़ा हाथ रहा। लेकिन, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा का गढ़ कहे जाने वाले गुन्नौर क्षेत्र ने पार्टी को तगड़ा झटका दिया। यहां से भाजपा उम्मीदवार को 96,531 वोट मिले। हालांकि सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव को यहां एक लाख छह हजार मत मिले, लेकिन भाजपा को अपेक्षा से ज्यादा वोट मिलने की वजह से सपा को हार का सामना करना पड़ा।

- भाजपा ने डा .संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर दुर्विजय सिंह शाक्य को उतारा तो सपा से शिवपाल सिंह यादव करेंगे मुकाबला
- 2014 की मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी को गुन्नौर में मिले थे महज 54 हजार वोट पर 2019 में 96,531 वोट लेकर जीता चुनाव
- अन्य विधानसभा सीटों पर सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव और भाजपा की संघमित्रा मौर्य में चलती रही थी मामूली अंतर से हार जीत

वर्ष 2019 में विधानसभावार मिले मत

- बिसौली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 1,11,686, सपा को 1,06,485 और कांग्रेस को 6,711 मत प्राप्त हुए थे।
- सहसवान विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 95,093, सपा प्रत्याशी को 1,09,873 और कांग्रेस को 21,198 वोट मिले थे।
- बिल्सी विधानसभा में भाजपा 1,03,191 वोट, सपा को 79,751 और कांग्रेस को 9,190 वोट मिले थे।
- सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को 1,03,842, सपा को 89,691 और कांग्रेस को 9,698 वोट हासिल हुए थे।
- गुन्नौर विधानसभा में भाजपा को 96,531 और सपा को 1,06,159 वोट मिले थे।

सपा में शिवपाल का टिकट बदले जाने की चर्चा

बदायूं लोकसभा सीट पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का मुकाबला करने के लिए मौजूदा सांसद डा .संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर भाजपा ने इस बार दुर्विजय सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है। वह पार्टी के ब्रज प्रांत के अध्यक्ष हैं। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य सपा मुखिया अखिलेश यादव व प्रत्याशी शिवपाल यादव पर तंज कस रहे हैं, शिवपाल पहले अपने भतीजे से तो निपट लें, अपने भतीजे की तो बात कर लें, भतीजे का विश्वास जीतें, जिसने यहां फंसा दिया है। इस बीच माना जा रहा है कि सपा बदायूं लोकसभा सीट पर उम्मीदवार बदल सकती है। इस संबंध में शिवपाल यादव का कहना है कि पार्टी जो भी निर्देश देगी, उसका पालन करूंगा।

इंडिया गठबंधन के पास भ्रष्टाचार के अतिरिक्त कुछ नहीं: मोदी

वाराणसी । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि विपक्षी गुट 'इंडिया' के नेताओं के पास भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण के अलावा देने के लिए कुछ नहीं है। प्रधानमंत्री ने ये बात रविवार को नमो एप के जरिए अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान कहीं। प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ 'टिफिन बैठक' में विकास के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता को दोहराया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' घिसी-पिटी बातों पर भरोसा करता है। उनमें तर्क और तथ्य दोनों का अभाव है। विपक्षी नेताओं पास भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण के अलावा और कुछ नहीं है। वे बस इतना ही जानते हैं। इसलिए, जब जनता उन्हें अस्वीकार करने लगती है, तो वे मोदी की आलोचना करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां कभी इस बात की सराहना नहीं करेंगी कि भारत कितना आगे आ गया है। वे परिवार के लिए और परिवार द्वारा हैं। अपनी बातचीत में मोदी ने कहा कि 10 साल पहले, आपने मुझे पहली बार अपना जनप्रतिनिधि होने की जिम्मेदारी सौंपी थी।

हम भी मोदी
मेरठ में आयोजित राजग की रैली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने संबोधित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी जोश दिखा।

भाजपा-सपा में रहती टक्कर | इस बार बसपा यादव या मुस्लिम चेहरे पर दांव लगाने की कर रही तैयारी

एटा में हर बार अटकती रही हाथी की राह

गजेंद्र चौहान, कासगंज

अमृत विचार : एटा- कासगंज लोकसभा क्षेत्र में हाथी की राह कभी आसान नहीं हो पाई। यहां बहुजन समाज पार्टी को कभी जीत नहीं मिली। हालांकि विधानसभा चुनाव में कासगंज में बसपा के प्रत्याशी को जीत मिली थी। शायद यही वजह है कि इस बार अभी तक बसपा ने लोकसभा का प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

बहुजन समाज पार्टी ने एटा लोकसभा क्षेत्र से कई धुरंधरों को मैदान में उतारा, लेकिन यहां की जनता ने उनको नकार दिया। कई बार प्रत्याशी घोषित होने के बाद बदलते भी रहे। लेकिन जीत हासिल नहीं हुई। इस बार यादव या मुस्लिम वर्ग से प्रत्याशी बनाए जाने की अटकलें हैं। बसपा जिलाध्यक्ष डीपी राना ने बताया कि हमने पैनल बनाकर मुख्यालय को भेज दिया है। इसमें नौ नाम शामिल किए गए हैं। अब मुख्यालय से ही निर्णय लिया जाएगा। संभवतः दो दिन में सूची आ जाएगी। उसमें एटा के प्रत्याशी का नाम शामिल होगा।

विधानसभा चुनाव में मिली थी बड़ी सफलता

- विधानसभा चुनाव में एटा- कासगंज जिले में बसपा को बड़ी सफलता मिली थी। कासगंज विधानसभा क्षेत्र से हसरत उल्ला शेरवानी, सोरों विधानसभा क्षेत्र से ममतेश शाक्य, पटियाली विधानसभा क्षेत्र से अजय यादव और एटा के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र से अवधपाल सिंह यादव ने बसपा के टिकट पर चुनाव जीता और उस समय बसपा की सरकार प्रदेश में बनी थी। इसके अलावा वर्ष 2002 में पटियाली विधानसभा क्षेत्र से राजेंद्र सिंह चौहान ने चुनाव जीता था। वर्ष 2012 में अमापुर विधानसभा क्षेत्र से ममतेश शाक्य ने बसपा से चुनाव जीता था।

16 लाख से ज्यादा मतदाता

- इस लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इनमें कासगंज, अमॉपुर, पटियाली, एटा और मारहरा विधानसभा सीटें शामिल हैं। इस सीट पर 7,42,422 पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 8,78,827 है। थर्ड जेंडर के मतदाता 46 हैं। 2019 में कुल वोटरों की संख्या 9,99,607 थी। मतदान प्रतिशत 61 .65% रहा था। एटा क्षेत्र मंट लोध, यादव और शाक्य जाति की बहुलता है।

बीते दो चुनावों का जनादेश

- 2019 लोकसभा चुनाव में एटा सीट से बीजेपी के राजवीर सिंह ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,45,348 वोट मिले थे। सपा के देवेंद्र यादव 4,22,678 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे और आरजेएपी के सूरज सिंह 51,26 वोटों के साथ तीसरे नंबर पर रहे थे। 2014 के चुनाव में भी कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह को टिकट मिला था। उन्होंने बड़ी जीत हासिल की थी। एटा में हुए 58 फीसदी मतदान में भाजपा के राजवीर सिंह को करीब 51 फीसदी वोट मिले थे तो उनके प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को सिर्फ 29 फीसदी वोट मिले थे।

इंडिया गठबंधन ने महारैली में पांच सूत्री मांगें रखीं

विपक्षी नेताओं का लोकतंत्र बचाने के लिए एकजुटता का आह्वान, केजरीवाल-हेमंत सोरेन की रिहाई की मांग

नई दिल्ली, ब्यूरो/ एजेंसी

- विपक्षी नेता बोले- निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए

इंडिया गठबंधन के दलों ने रविवार कोरामलीला मैदान से पांच सूत्री मांगें रखीं, जिनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तत्काल की रिहाई की मांग भी शामिल है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने विपक्ष की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में मंच से 'इंडिया' गठबंधन की तरफ से ये मांगें रखीं। उन्होंने कहा, ''निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए।

निर्वाचन आयोग को चुनाव में हेराफेरी करने के उद्देश्य से विपक्षी दलों के खिलाफ जांच एजेंसियों द्वारा की जानी वाली कार्रवाई रोकनी चाहिए। हेमंत सोरेन और अरविन्द केजरीवाल की तुरंत रिहाई की जाए। चुनाव के दौरान विपक्षी राजनीतिक दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने की जबरन कार्रवाई तुरंत बंद होनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने यह मांग भी रखी, चुनावी चंदे का उपयोग कर भाजपा द्वारा बदले की भावना, जबरन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी का गठन होना चाहिए। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा आज जो लोग सत्ता में हैं, वो अपने आपको रामभक्त कहते हैं। मुझे लगता है कि वो कर्मकांड में उलझ गए हैं और दिखावे में लिप्त हो गए हैं। इसलिए उन्हें यह याद दिलाना जरूरी है कि सत्ता सदा नहीं रहती, अहंकार चूर-चूर हो जाता है।

नई दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ रैली के दौरान कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल। ● एजेंसी

महारैली को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि यह एकजुटता संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए है। देश में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो रहा है। मोदी लोकतंत्र नहीं चाहते हैं। वह तानाशाही तरीके से देश को चलाना चाहते हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया, जब तक हम मोदी को नहीं हटाएंगे, मोदी के विचारधारा को नहीं हटाएंगे, तब तक देश में सुख और समृद्धि नहीं आएगी। खरगे ने दावा किया, आरएसएस जहर की तरह है। अगर आप इसको चाटकर देखेंगे तो भी मरेंगे, पीएंगे तो भी मरेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए सबको एकजुट होना पड़ेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा ब्रह्मांड में सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाली पार्टी करार देते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पूरी दुनिया में भाजपा की ''थू-थू हो रही है। यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा, "अगर हम आंकड़े निकलेंगे तो ब्रह्मांड में इतना झूठ किसी ने नहीं बोला होगा जितना भाजपा ने बोला है।

बड़े आंदोलनों की नींव रखी गई है दिल्ली के रामलीला मैदान में

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- जेपी ने "सिंहासन खाली करो कि जनता आती है" नारा इसी मैदान में दिया था

रामधारी सिंह दिनकर की एक कविता की पंक्ति "सिंहासन खाली करो जनता आती है" नारा लगाकर दिल्ली के इसी रामलीला मैदान से जनता के बीच उतरे थे लोकनायक जयप्रकाश नारायण। नाम मिला, जेपी आंदोलन। रविवार को फिर एक नारा इसी मैदान पर दिया गया है "तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ"। जेपी आंदोलन में समाजवादी लोग थे।

रविवार की उक्त रैली में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी लोकनायक की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ललकारा। कहा कि दिल्ली की गद्दी में बैठने वाले हुक्मरान ज्यादा दिन तक यहां नहीं रुकेंगे। उन्होंने उन्होंने बीजेपी से सवाल किया है कि यदि आप 400 पर का नारा दे रहे हैं तो फिर आम आदमी पार्टी के नेताओं से क्यों डरते हो। कुल मिलाकर रामलीला मैदान की रैली ने आज बहुत सारे संस्मरण ताजा कर दिए। कई ऐतिहासिक राजनीतिक आंदोलनो के गवाह दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को हुई विपक्ष की रैली से क्या फिर कोई देशव्यापी संदेश जाएगा। इस सवाल ने देश भर के प्रमुख राजनेताओं को झकझोर दिया है। खासतौर से 400 पार या 180 से कम और मैच फिक्सिंग के आरोपी का जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष को फिर से कोई रणनीति अपनानी पड़ेगी। मुगलकाल से आज तक रामलीला मैदान हमेशा देशव्यापी चर्चा में रहा है। कई बड़े आंदोलन की नीव यहां रखी गई है। ब्रिटिश शासको से लेकर जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अन्ना हजारे, किसान आंदोलन का गवाह भी बना। अजमेरी गेट और तुर्कमान गेट के बीच 10 एकड़ जमीन में फैला हुआ यह मैदान कभी तालाब होता था अब उसमें एक लाख से अधिक लोगों की क्षमता है। बहादुर शाह जफर ने मैदान में तब्दील करवा करवाया था। इसी मैदान पर 1883 में अंग्रेजों ने ब्रिटिश कैंप लगवाए थे। बाद में यहां रामलीला का मंचन शुरू हुआ। रामलीला मैदान में रैली, सभाओं, प्रदर्शन और आंदोलन के लिए तब पसंद किया जाने जब 1945 में मोहम्मद अली जिन्ना को यहां एक जनसमूह ने मौलाना की उपाधि दी थी। आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल एवं अन्य बड़े नेताओं ने यहां पर भारत को आजाद करने की भी अलख जलाई थी। 1952 में रामलीला मैदान में जम्मू कश्मीर मुद्दे पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे क्रांतिकारियों ने सत्याग्रह भी किया था। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1956 से 1957 के बीच इसी मैदान में देशवासियों को संबोधित करने के लिए बड़ी जनसभाओं का आयोजन किया था। 1965 में तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने यहां पर भारत- पाक जंग की जीत की जनसभा को संबोधित किया था। 1972 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश बनने का जश्न भी इसी मैदान में मनाया था। 1975 में आपातकाल के दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने इसी मैदान में कांग्रेस के खिलाफ ऐतिहासिक रैली आयोजित की थी। बताते हैं कि रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध पंक्तियां सिंहासन खाली करो कि जनता आती है नारा भी इसी रामलीला मैदान से गूंज था। इतना ही नहीं, अरविंद केजरीवाल को जब दिल्ली में कोई जानता नहीं था, तब अपनी पहली सभा इसी मैदान में की थी।

एक नजर

एक व्यक्ति-एक पार्टी की सरकार खतरनाक

नई दिल्ली। उद्धव ठाकरे ने रविवार को दावा किया कि देश तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है तथा 'एक व्यक्ति और एक पार्टी की सरकार' भारत के लिए खतरनाक है। उन्होंने महारैली में लोगों का आह्वान किया कि वे लोकसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करें और 'अबकी बार, भाजपा तड़ीपार' का नारा दें। उनका कहना था, ''सभी प्रांतों का सम्मान करने वाली सरकार बनाने से ही देश बच सकता है। ठाकरे ने कहा, ''हम चुनाव के लिए एकत्र नहीं है, हम लोकतंत्र बचाने के लिए आए हैं।

चाइनीज माल वाली है मोदी की गारंटी

नई दिल्ली। राजद नेता तेजस्वी यादव ने सरकार पर अघोषित आपातकाल लागू करने का आरोप लगाया और दावा किया कि मोदी की गारंटी ''चाइनीज माल' वाली गारंटी है जो सिर्फ चुनाव तक रहेगी। उन्होंने महारैली' में नरेन्द्र मोदी पर तंज कसा ''तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो, रोज-रोज मोदी जी ऐसा करोगे, जनता रूठ जाएगी तो हाथ मलोगे...। तेजस्वी यादव ने कहा, ''रैली में जुटी भीड़ से पता चलता है कि मोदी जी जिस तरह से आंधी की तरह आए थे, उसी तरह तूफान की तरह चले जाएंगे। सीताराम येचुरी ने कहा कि मौजूदा सरकार से मुक्ति पानी होगी।

सिलेंडर फटने से झुलसे दंपति की मौत, बच्चों की हालत गंभीर

ग्वालियर, एजेंसी

ग्वालियर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर फटने से झुलसे दंपति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, उनके बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिंधिया नगर में अवधेश प्रजापति पत्नी बच्चों के साथ रहता था। वह कल दोपहर खाना खा रहा था और उसकी पत्नी खाना बना रही थी। तभी गैस सिलेंडर के लीक होने से निकली गैस में लगी आग ने सिलेडर और चूल्हे को अपनी चपेट में ले लिया और धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। इससे अवधेश के कच्चे मकान की टीन अन्य सामान उड गया। हादसे में अवधेश, उसकी पत्नी रामबेटी, बेटी रेशमा, कुसुम तथा बेटा कान्हा छह वर्ष गंभीर घायल हो गये। बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर रूप से घायल अवधेश आज दमतोड़ दिया और उसकी पत्नी रामबेटी की कल रात मौत हो गयी।

ईडी ने गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह के रिश्तेदारों की संपत्तियां कुर्क की

नई दिल्ली, एजेंसी

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू के परिवार के सदस्यों की 17.82 करोड़ रुपये की बैंक जमा, नकदी और जमीन कुर्क की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अचल संपत्तियां हरियाणा के नारनौल और राजस्थान के जयपुर में स्थित हैं। इसमें कहा गया है कि चीकू अपने गिरोह के सदस्यों के माध्यम से लॉरेंस बिश्नोई के अपराध से अर्जित पैसों को ठिकाने लगा रहा था और अपने परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के नाम पर संपत्ति अर्जित कर रहा था। चीकू वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है और उसे इस मामले में फरवरी में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने कहा कि जांच में पाया गया कि निमावत ग्रेनाइट्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के माध्यम से नारनौल में खनन कारोबार में चीकू की संलिप्तता थी।

भाजपा ने मैच-फिक्सिंग वाले बयान के लिए राहुल गांधी पर पलटवार किया

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मोदी के खिलाफ "मैच फिक्सिंग" के आरोप के लिये राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अतीत में कांग्रेस सरकार ने पार्टी के प्रथम परिवार को लाभ पहुंचाने के लिये पड़ोसी देश श्रीलंका के साथ एक 'सौदा' करके कच्चातिवु द्वीप उसे सौंप दिया था। गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर लोकसभा चुनावों में 'मैच फिक्सिंग' करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि अगर भाजपा अपने प्रयासों में सफल हो गई, तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा और लोगों के अधिकार छीन लिये जाएंगे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी के इस बयान को लेकर कांग्रेस की आलोचना। उन्होंने कहा कि विभाजनकारी राजनीतिक कांग्रेस के 'डीएनए' में है। पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 1947 में धर्म के आधार पर देश का विभाजन और जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को पाकिस्तान के कब्जे में छोड़ने भी संकोच नहीं किया। गांधी ने यहां रामलीला मैदान में आयोजित 'इंडिया' गठबंधन की लोकतंत्र बचाओ रैली में कहा कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं बल्कि देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। गांधी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूनावाला ने कहा, ''कुछ लोग मैच फिक्सिंग के बारे में बात कर रहे हैं। 1974 में, इंदिरा गांधी सरकार ने राष्ट्र हित और तमिलनाडु के लोगों के हितों से समझौता करते हुए, कांग्रेस के प्रथम परिवार को लाभ पहुंचाने के लिये कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था...राहुल गांधी जी, आपके परिवार ने एक डील-फिक्सिंग की थी। भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस पर अक्साई चीन को चीन के अवैध कब्जे में और जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को पाकिस्तान के अवैध कब्जे में देने का भी आरोप लगाया।

कच्चातिवु मुद्दा: अमित शाह ने कहा-भारत की एकता, अखंडता के खिलाफ है कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मीडिया की उस खबर को लेकर रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधा जिसमें कहा गया है कि इंदिरा गांधी की सरकार ने कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को दे दिया था और कहा कि यह दर्शाता है कि पार्टी भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ है।

मीडिया की खबर भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई के आरटीआई (सूचना का अधिकार) आवेदन पर मिले जवाब पर आधारित है। इस खबर के अनुसार इंदिरा गांधी सरकार ने भारतीय तट से 20 किलोमीटर दूर पाक जलसंधि में स्थित 1.9 वर्ग किलोमीटर के इस द्वीप को 1974 में पड़ोसी देश श्रीलंका को सौंप दिया था। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कांग्रेस ने कच्चातिवु स्वेच्छा से छोड़ दिया और उन्हें इसका कोई पछतावा भी नहीं है। कांग्रेस के एक सांसद कभी देश को विभाजित करने के बारे में बोलते हैं और कभी-कभी वे भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बदनाम करते हैं। इससे पता चलता है कि वे भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ हैं।

द्रमुक झूठ फैलाना बंद करे : सीतारमण

चेन्नई। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक को कच्चातिवु मुद्दे पर गलत जानकारी देना बंद करना चाहिए। सीतारमण ने कच्चातिवु मुद्दे पर भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई द्वारा सरकारी अधिकारियों से प्राप्त एक आरटीआई जवाब का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस और द्रमुक ने श्रीलंका को कच्चातिवु सौंपने के लिए सांठगांठ की।

कांग्रेस जब भी सत्ता में रही, उसे हमारे देश की सीमा, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने में सबसे कम दिलचस्पी थी।'' सीतारमण ने एक वीडियो क्लिप टैग किया जिसे 'एक्स' पर पोस्ट किया गया था। वीडियो में दिवंगत जयललिता द्वारा वर्षों पहले विधानसभा में द्रमुक विधायक के पोनमुडी के सवाल पर दिया गया जवाब दिखाया गया है।

कारोबार/कृषि

हल्द्वानी मंडी

दाम प्रति किग्रा. में चावल : शरबती- 62-98 मसूरी- 85 बासमती- 95-100 दाल दलहन : काला चना- 70-100 साबुत चना दाल- 74-85 मूंग साबुत- 110-115 राजमा- 110-130 दाल उड़द- 105-110 साबुत मसूर दाल- 68-73 मसूर दाल- 80-85 उड़द साबुत- 115-120 काबुली चना- 95-125 अरहर दाल- 130-160 लोबिया/करमानी- 100 सोयाबीन- 42-60 मूंगफली- 77 मटर (सूखी)- 65 मक्का- 19

आरबीआई इस बार भी नीतिगत दर को रख सकता है यथावत : विशेषज्ञ

केंद्रीय बैंक का मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने पर हो सकता है जोर

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक इस सप्ताह पेश मौद्रिक नीति समीक्षा एक बार फिर नीतिगत दर को यथावत रख सकता हैं। इसका कारण आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने और इसके करीब आठ प्रतिशत रहने के साथ केंद्रीय बैंक का अब और अधिक जोर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने पर हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह बात कही। साथ ही नीतिगत दर पर निर्णय लेने वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) अमेरिका और ब्रिटेन जैसे कुछ विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों के रुख पर गौर कर सकती है। ये केंद्रीय बैंक नीतिगत दर में कटौती को लेकर स्पष्ट रूप से 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपना रहे हैं। विकसित देशों में स्विट्जरलैंड पहली बड़ी अर्थव्यवस्था है जिसने नीतिगत दर में कटौती की है।

वहीं दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान आठ साल बाद नकारात्मक ब्याज दर की स्थिति को समाप्त किया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक तीन अप्रैल को शुरू होगी।मौद्रिक नीति समीक्षा की की घोषणा पांच अप्रैल को की जाएगी। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा होगी। एक अप्रैल, 2024 से शुरू वित्त वर्ष में एमपीसी की छठ बैठकें होगी। आरबीआई ने पिछली बार फरवरी 2023 में रेपो दर बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। उसके बाद लगातार छह द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में इसे यथावत रखा गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, ''मुद्रास्फीति अभी भी पांच प्रतिशत के दायरे में है और खाद्य मुद्रास्फीति के मोर्चे पर भविष्य में झटका लगने की आशंका है, इसको देखते हुए एमपीसी इस बार भी नीतिगत दर और रुख पर यथास्थिति बनाए रख सकता है।''

एचडीएफसी बैंक अनुषंगी एचडीएफसी एजुकेशन को बेचेगा

नयी दिल्ली। एचडीएफसी बैंक ने एचडीएफसी एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सर्विसेज प्राइवेट लि. में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बिक्री स्विस चुनौती (बोली प्रक्रिया) के माध्यम से की जाएगी। सूचना के अनुसार, ''इस संबंध में, एचडीएफसी बैंक ने 30 मार्च, 2024 को एक इच्छुक पक्ष के साथ एक बाध्यकारी समझौता किया है। समझौते में शामिल प्रस्ताव अन्य इच्छुक पक्षों से जवाबी पेशकश प्राप्त करने के लिए आधार बोली के रूप में काम करेगा...।'' इसमें कहा गया है कि एचडीएफसी बैंक स्विस चुनौती प्रक्रिया के पूरा होने के आधार पर खरीदार को अंतिम रूप देगा।

अडाणी समूह तेजी से विस्तार के रास्ते पर

नयी दिल्ली, एजेंसी

ऐसा जान पड़ता है कि विभिन्न कारोबार से जुड़ा अडाणी समूह अब पूरी तरह से हिंडनबर्ग प्रभाव से बाहर आ गया है। समूह ने एक सप्ताह के भीतर 1.2 अरब डॉलर का तांबा संयंत्र खोला, ओड़िशा में बंदरगाह खरीदा और सीमेंट कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ायी। साथ ही प्रतिद्वंद्वी माने जाने वाली मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ गठजोड़ भी किया है।

समूह ने पिछले एक सप्ताह में शेयर बाजारों को दी सूचना और प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से अपने मुख्य बंदरगाह कारोबार में विस्तार और निवेश, धातु रिफाइनिंग में विविधीकरण, दो साल पुराने सीमेंट क्षेत्र में पूंजी डाले जाने और अपनी वृहत सौर परियोजना के चालू होने के मामले में लगातार हो रही प्रगति की घोषणा की है। इसकी शुरुआत 26 मार्च को अडाणी पोर्ट्स के गोपालपुर पोर्ट में 3,350 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर 95 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा के साथ हुई। इससे उसके नियंत्रण में बंदरगाहों की संख्या 15 हो गई।

यह देश में किसी भी निजी कंपनी के पास बंदरगाहों की सर्वाधिक संख्या है। इसके बाद समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लि. ने 28 मार्च को गुजरात के मुंदड़ा में एक ही स्थान पर दुनिया के सबसे बड़े तांबा विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण की घोषणा की। यह समूह के धातु शोधन के क्षेत्र में प्रवेश को बताता है। कुल 1.2 अरब डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये) के संयंत्र ने भारत को चीन और अन्य देशों में शामिल होने में मदद की है।

एक नजर

रिलायंस ने 125 अरब डॉलर पूंजीगत व्यय किया: रिपोर्ट

नयी दिल्ली। विभिन्न कारोबार से जुड़ी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. ने पिछले दस साल में 125 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है। कंपनी ने इस निवेश के जरिये हाइड्रोकार्बन और दूरसंचार कारोबार में बड़े पैमाने पर विस्तार किया है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

कठिन क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमत घटाकर 9.87 डॉलर की

नयी दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने रविवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के गहरे समुद्र केजी-डी6 ब्लॉक जैसे कठिन क्षेत्रों से उत्पादित प्राकृतिक गैस की कीमत में मामूली कटौती करते हुए इसे 9.87 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट कर दिया। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि मानक अंतरराष्ट्रीय गैस कीमतों में नरमी के अनुरूप यह कटौती की गई है।

वाहनों में इस्तेमाल होने वाली सीएनजी या खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाली पीएनजी को बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इनके लिए मूल्य सीमा रिलायंस को भुगतान की जाने वाली बाजार दरों से 30 प्रतिशत कम निर्धारित की गई है। अधिसूचना में कहा गया कि पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अनुसार एक अप्रैल से शुरू होने वाली छमाही के लिए गहरे समुद्र और उच्च दबाव, उच्च तापमान (एचपीटीपी) वाले क्षेत्रों से गैस की कीमत 9.96 अमेरिकी डॉलर से घटाकर 9.87 अमेरिकी डॉलर प्रति एमएमबीटीयू कर दी गई है।

जोमैटो को 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग को लेकर नोटिस

नयी दिल्ली। ऑनलाइन ऑर्डर देकर खाना मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को कर अधिकारियों से 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। इसमें ब्याज और जुर्माना शामिल है। कंपनी ने कहा कि वह आदेश के खिलाफ उपयुक्त प्राधिकार के समक्ष चुनौती देगी। जोमैटो ने बीएसई को दी सूचना में कहा, ''कंपनी को वित्त वर्ष 2018-19 के लिए सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट), कर्नाटक से 11,27,23,564 करोड़ रुपये की जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) मांग को लेकर नोटिस मिला है।

एयरटेल की अनुषंगी कंपनी पर अनियमितता को लेकर जुर्माना

नयी दिल्ली, एजेंसी

- 2,19,873 रुपये का जुर्माना लगाया गया

भारती एयरटेल समूह की कंपनी टेलीसोनिक नेटवर्क्स को इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने में कथित अनियमितता के लिए जुर्माना लगाया गया है। भारती एयरटेल ने शेयर बाजार दी सूचना में कहा कि बेंगलुरु में सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट) के कार्यालय ने कंपनी की एक अनुषंगी कंपनी के खिलाफ केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम के तहत एक आदेश पारित किया है। इसमें 2,19,873 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सूचना के अनुसार यह जुर्माना कंपनी की अनुषंगी टेलीसोनिक नेटवर्क्स पर 'वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान दावा किए गये इनपुट टैक्स क्रेडिट में कथित अनियमितता के लिए लगाया गया है। कंपनी को यह आदेश 30 मार्च को मिला। कंपनी ने कहा, ''अधिकतम वित्तीय प्रभाव लगाये गये जुर्माने की सीमा तक है। कंपनी आदेश से सहमत नहीं है और इसके लिए उचित कदम उठाएगी।''

मेहता परिवार ने यूएनएम फाउंडेशन को 5,000 करोड़ रुपये दान की घोषणा की

नयी दिल्ली, एजेंसी

औषधि और ऊर्जा जैसे कारोबार में शामिल टॉरेंट समूह के मेहता परिवार ने यूएनएम फाउंडेशन को अगले पांच वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये दान करने की घोषणा की है। इस फाउंडेशन का नाम टॉरेंट समूह के संस्थापक यू एन मेहता के नाम पर रखा गया है।

समूह अपने संस्थापक स्वर्गीय उत्तमभाई नाथलाल मेहता (14 जनवरी, 1924 से 31 मार्च, 1998) की जन्मशती मना रहा है। समूह ने रविवार को एक बयान में कहा कि मेहता परिवार ने परोपकार की विरासत का सम्मान करते हुए यूएनएम फाउंडेशन को अगले पांच वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये दान करने की प्रतिबद्धता जताई है। बयान में कहा गया कि यह राशि टोरेंट समूह की कंपनियों के वैधानिक सीएसआर योगदान के अतिरिक्त होगी। बयान के मुताबिक यू एन मेहता को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने, व्यावसायिक कौशल, सैद्धांतिक जीवन और मानवीय परोपकार के प्रति उनके दृढ़ संकल्प के लिए याद किया जाता है। उनका प्रारंभिक जीवन कई व्यक्तिगत चुनौतियों, गंभीर वित्तीय संकट, व्यावसायिक विफलताओं और स्वास्थ्य जटिलताओं से भरा था। उनका जन्म एक बेहद गरीब परिवार में हुआ था और जब वह सिर्फ दो साल के थे, उन्होंने अपनी मां को खो दिया था। वह व्यवसाय स्थापित करने के अपने पहले प्रयास में असफल रहे और उन्हें कई वर्षों के लिए अपने गांव लौटना पड़ा। बयान के मुताबिक उन्होंने प्रत्येक चुनौती पर विजय हासिल की और आखिरकार 48 वर्ष की उम्र में दवा व्यवसाय स्थापित करने के अपने दूसरे प्रयास में सफल हुए।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
कोलकाता नाइट राइडर्स	02	02	00	00	04	+1.047
चेन्नई सुपरकिंग्स	03	02	01	00	04	+0.976
राजस्थान रॉयल्स	02	02	00	00	04	+0.800
गुजरात टाइटंस	03	02	01	00	04	-0.738
सनराइजर्स हैदराबाद	03	01	02	00	02	+0.204
लखनऊ सुपर जायंट्स	02	01	01	00	02	+0.025
दिल्ली कैपिटल्स	03	01	02	00	02	-0.016
पंजाब किंग्स	03	01	02	00	02	-0.337
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	03	01	02	00	02	-0.711
मुंबई इंडियंस	02	00	02	00	00	-0.925

विकेट लेने के बाद खुशी बनाते गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी।



साई सुदर्शन

खेल डायरी

तेजस्विन शंकर ने ऊंची कूद स्पर्धा में जीता खिताब

केन्सास। भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर ने शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 में सीजन की अपनी पहली आउटडोर मीट में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर खिताब अपने नाम कर लिया है। शंकर ने अमेरिका के केन्सास में शनिवार को सीजन की अपनी पहली आउटडोर स्पर्धा में शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 एथलेटिक्स में पुरुषों की ऊंची कूद में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर यह जीत दर्ज की। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने बेल्जियम में एक इनडोर चैलेंजर इवेंट, इंटरनेशनल हाई जंप गाला एल्मोस में, शंकर ने 2.23 मीटर की छलांग के साथ जीत हासिल करते हुए अपने सीज़न की शुरुआत की है।

बोपन्ना-एब्डेन ने जीता मियामी ओपन का खिताब

फ्लोरिडा। भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने मियामी ओपन 2024 टेनिस पुरुष युगल खिताब जीता लिया है। फ्लोरिडा के हार्ड रॉक स्टेडियम में शनिवार को खेले गये मियामी ओपन फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी एक घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी ऑस्टिन क्राजिसेक और क्रोएशिया के इवान डोडिग के खिलाफ 6(3)-7(7), 6-3, 10-6 से जीत हासिल की।

इंडिया ओपन गोल्फः जापना के नाकाजिमा बने विजेता

गुरुग्राम। भारत के वीर अहलावत रविवार को यहां हीरो इंडियन ओपन गोल्फ के चौथे और अंतिम दिन एक अंडर 71 का शानदार कार्ड खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। अहलावत का डीपी वर्ल्ड टूर स्पर्धा में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह इस स्पर्धा के विजेता जापान के कीता नकाजिमा से चार शॉट पीछे रहे। अहलावत दिन के आपने आखिरी होल में ईगल लगाने में सफल रहे जिससे उनका कुल स्कोर 275 रहा। नकाजिमा ने 73 का कार्ड खेलकर डीपी वर्ल्ड टूर पर अपना पहला खिताब जीता।

एआईएफएफ सदस्य दीपक शर्मा जमानत पर रिहा

पणजी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को रविवार को जमानत पर रिहा कर दिया गया जिन्हें गोवा पुलिस ने कथित तौर पर दो महिला खिलाड़ियों के साथ मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हिमाचल प्रदेश के खाद एफसी की दो महिला खिलाड़ियों की शिकायत दर्ज कराने के बाद शनिवार को यहां मापुसा पुलिस ने दीपक शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था।

मोहित और मिलर ने गुजरात को दिलाई जीत

गुजरात टाइटंस ने तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया, मोहित शर्मा ने तीन विकेट झटके



डेविड मिलर

अहमदाबाद, एजेंसी

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा (25 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद डेविड मिलर की 44 रन की आक्रामक पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। मोहित शर्मा ने डैथ ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि अफगानिस्तान के स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जिसके दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। गुजरात टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

मिलर ने मांसपेशियों में खिंचाव के बावजूद 27 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के लगाये। उन्होंने बी साई सुदर्शन (36 गेंद में 45 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी और फिर विजय शंकर (11 गेंद में नाबाद 14 रन) के साथ 18 गेंद में 30 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य के पार पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (13 गेंद में 25 रन) और शुभमन गिल (28 गेंद में 36 रन) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया। सनराइजर्स के लिए पैट कमिंस, मयंक मार्कंडेय और शाहबाज अहमद ने एक-एक विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए साहा ने शाहबाज और जयदेव उनादकट के खिलाफ छक्के जड़े। शाहबाज ने हालांकि पारी के पांचवें ओवर में कमिंस के हाथों साहा की पारी को खत्म किया। गिल ने इसी ओवर में छक्का जड़ा तो वह इंपैक्ट सब्सीट्यूट सुदर्शन ने भुवनेश्वर के खिलाफ चौका लगाकर टीम के स्कोर को पावर प्ले में एक विकेट पर 52 रन कर दिया। सनराइजर्स के गेंदबाजों ने इसके बाद गुजरात टाइटंस को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। टीम को इसका फायदा 10वें ओवर में गिल के विकेट के तौर पर मिला। वह मार्कंडेय का शिकार बने। साई सुदर्शन और डेविड मिलर अगले कुछ ओवरों में दौड़ कर रन लेने पर जोर दिया। अब तक रक्षात्मक खेल रहे सुदर्शन ने कमिंस और वाशिंगटन के खिलाफ 13वें और 14वें ओवर में चौका जड़ दबाव कम किया। गुजरात ने पारी के 16वें ओवर में मैच का रुख पलट दिया। मार्कंडेय के इस ओवर में 26 रन बने जिसमें मिलर ने एक छक्का और दो चौके लगाये। इस ओवर में सुदर्शन ने भी एक छक्का जड़ा लेकिन अगले ओवर में कप्तान कमिंस की गेंद पर अभिषेक को कैच दे बैठे। इसका मिलर की बल्लेबाजी पर कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने अंतिम ओवर में उनादकट की गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले पिछले मैच में 277 रन बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले सनराइजर्स ने पावरप्ले के भीतर एक विकेट खोकर 56 रन बनाये लेकिन उसके बाद अफगानिस्तान के स्पिनरों ने बीच के ओवरों में खुलकर खेलने नहीं दिया। नूर ने 32 रन देकर और राशिद ने 33 रन देकर एक एक विकेट लिया। नूर ने फॉर्म में चल रहे सनराजइर्स के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (19) को सस्ते में आउट किया जबकि राशिद ने हेनरिच क्लासेन (24) को पवेलियन भेजा।

हैदराबाद 162/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
मयंक अग्रवाल का दर्शन बो अजमतुल्लाह	16	17	2/0
ट्रेविस हेड बो नूर अहमद	19	14	3/0
अभिषेक शर्मा का गिल बो मोहित	29	20	2/2
एडेन मार्कराम का राशिद बो उमेश	17	19	0/0
हेनरिच क्लासेन बो राशिद	24	13	1/2
शाहबाज अहमद का तेवतिया बो मोहित	22	20	1/1
अब्दुल समाद रन आउट	29	14	3/1
वॉशिंगटन सुंदर का राशिद बो मोहित	00	01	0/0
पैट कमिंस नाबाद	02	02	0/0

गेंदबाजी : उमरजई 3-0-24-1, यादव 3-0-28-1, राशिद 4-0-33-1, अहमद 4-0-32-1, मोहित 4-0-25-3, दर्शन 2-0-18-0

गुजरात 168/3 — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 04

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ऋद्धिमान साहा का कमिंस बो शाहबाज	25	13	1/2
शुभमन गिल का समद बो मार्कंडेय	36	28	2/1
साई सुदर्शन का अभिषेक बो कमिंस	45	36	4/1
डेविड मिलर नाबाद	44	27	4/2
विजय शंकर नाबाद	14	11	2/0

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-27-0, शाहबाज 2-0-20-1, उनादकट 3.1-0-33-0, वाशिंगटन 3-0-27-0, मार्कंडेय 3-0-33-1, कमिंस 4-0-28-1

सलीमा-हार्दिक वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी

नयी दिल्ली, एजेंसी

युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया जबकि मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

पिछले साल एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीतने वाले हार्दिक ने पी आर श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पछाड़ा। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे 25 वर्ष के हार्दिक सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, ''इतने महान खिलाड़ियों के साथ नामांकन पाना ही बड़ी उपलब्धि है।'' वहीं झारखंड के सिमडेगा जिले की टेटे तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम का हिस्सा थी। उन्होंने पुरस्कार की दौड़ में अपनी कप्तान और एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार जीतने वाली सविता पूनिया को पछाड़ा। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कार के तौर पर 25 लाख रूपये और प्रशस्ति पत्र दिया गया। यहां आयोजित हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कार समारोह में पी आर श्रीजेश को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर और भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार मिला।

मुंबई को राजस्थान के खिलाफ घरेलू मैदान पर वापसी का भरोसा

मुंबई, एजेंसी

हार्दिक पंड्या की अगुवाई में शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लय में चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी तो हार के सिलसिले को खत्म करना चाहेगी।

मुंबई को आईपीएल में अपनी धीमी शुरुआत के लिए जाना जाता है और पंड्या के कप्तान बनने के बाद भी इस में कोई बदलाव नहीं आया है। मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तान बनाये जाने का फैसला प्रशंसकों को नागवार गुजरा और इस हरफनमौला खिलाड़ी को शुरुआती मैचों में दर्शकों की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस को पंड्या की पूर्व टीम गुजरात टाइटंस ने सत्र के पहले मैच में छह रन से हराया जबकि हैदराबाद में बड़े स्कोर के रिकॉर्ड वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 32 रन से शिकस्त दी। इन दो हार के बाद टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें पायदान पर है। यह हालांकि आईपीएल के 17 वें सत्र का शुरुआती चरण है लेकिन मुंबई की टीम हार के सिलसिले को खत्म करने के साथ अपने नेट रन रेट (-0.925) को भी सुधारना चाहेगी।

मुंबई इंडियंस : हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी , नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड, सूर्यकुमार यादव। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

बाबर आजम होंगे सीमित ओवरों के कप्तानः पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सलामी बल्लेबाज बाबर आजम एक बार फिर सीमित ओवरों के मैचों के लिए टीम का कप्तान बनाया हैं। पीसीबी ने रविवार को अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, "चयन समिति की सिफरिश पर पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बाबर आजम को पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों का कप्तान नियुक्त किया है।" इसी के साथ अब शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान की टी-20 टीम के कप्तान नहीं रहे। उन्होंने केवल एक ही सीरीज में पाकिस्तान टीम की कप्तान की। उल्लेखनीय है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में पाकिस्तान को 1-4 से हार झेलनी पड़ी थी।

दिल्ली कैपिटल्स ने जीता सीजन का पहला मैच

विशाखापत्तनम, एजेंसी

डेविड वॉर्नर और ऋषभ पंत की अर्धशतकीय पारियों के बाद मुकेश कुमार तथा खलील अहमद की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 20 रनों से हरा दिया है।

192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ एक रन, रचिन रविंद्र दो रन बनाकर पवेलियन लौटे। दोनों बल्लेबाजों को खलील अहमद ने आउट किया। इसके बाद अजिंक्य रहाणे और डैरिल मिचेल ने तीसरे विकेट के लिये 72 रन जोड़े। अजिंक्य रहाणे ने 30 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 45 रनों की पारी खेली।

डैरिल मिचेल ने 26 गेदों में एक चौके और दो छक्कों की मदद से 34 रन बनाये। शिवम दुबे 18 रन बनाकर आउट हुये। समीर रिजवी अपन खाता भी नहीं खोल सके। मुकेश कुमार ने रहाणे, दुबे और रिजवी को आउट कर चेन्नई की कमर तोड़ दी। रवींद्र जडेजा 21 रन, महेन्द्र सिंह धोनी 37 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई की टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 171 रन ही बना सकी और 20 रनों से मुकाबल हार गई।

बोनी कपूर ने बेटी जान्हवी के ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया की तारीफ की

मुंबई, एजेंसी। बोनी कपूर ने हालिया इंटरव्यू में जान्हवी कपूर के ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ अपने बॉन्ड पर बात की है। बोनी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि जान्हवी और शिखर का रिश्ता ताउम्र बना रहेगा। यह भी बताया कि शिखर ने उस वक्त बोनी के परिवार का साथ दिया था, जब चीजें बहुत खराब चल रही थीं। उनका कहना है कि जान्हवी के अलावा शिखर परिवार के बाकी सदस्य के साथ भी बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। जूम के साथ हालिया इंटरव्यू में बोनी ने बताया कि शिखर उनके साथ किसी इवेंट में तस्वीरें क्यों नहीं क्लिक कराते हैं। बोनी ने कहा, 'ऐसा केवल इसलिए क्योंकि वो नहीं चाहते हैं कि उनकी तस्वीरें क्लिक की जाएं। बाकी मुझे इसका मेन कारण नहीं पता है। शायद वो चाहते हैं कि मैं सुर्खियों में रहूं, इसलिए वो मुझे हर बार आगे कर देते हैं। वर्ना खबरों की हेडिंग सिर्फ बोनी नहीं बल्कि शिखर-बोनी होतीं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं शिखर से बहुत प्यार करता हूं। जब जान्हवी और उनकी मुलाकात नहीं हुई थी, तब से हम दोस्त हैं।' बोनी ने आगे कहा, 'मुझे विश्वास कि वो (शिखर) कभी भी जान्हवी के एक्स नहीं हो सकते हैं, वो उसके आसपास हमेशा रहेंगे। बोनी ने यह भी बताया कि शिखर पूरे परिवार के साथ बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। शिखर, जान्हवी के परिवार के साथ तब खड़े थे, जब चीजें बहुत खराब चल रही थीं। इस बारे में बोनी ने आगे कहा, 'शिखर हमेशा जान्हवी, मेरे और अर्जुन के लिए मौजूद रहते हैं। मुझे लगता है कि हम वास्तव में भाग्यशाली हैं कि हमारे सेटअप में वो हैं।

कपिल शर्मा संग हुए झगड़े को आज भी नहीं भूले सुनील

मुंबई, एजेंसी। कॉमेडियन कपिल शर्मा के नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' की शुरूआत हो चुकी है। बीती रात शनिवार को शो का फर्स्ट एपिसोड टेलीकास्ट हुआ। इस बार शो टीवी पर नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुआ है। हमेशा की तरह इस बार भी अपने शो को कपिल शर्मा ही होस्ट कर रहे हैं। कपिल ने इस बार अपने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। कपिल शर्मा इस बार अपने पुराने दोस्त सुनील ग्रोवर के साथ फिर वापस आ गए हैं, जिससे फैंस बेहद खुश हैं। फैंस इस पर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है। सुनील ग्रोवर अब कपिल शर्मा के शो अब द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं। सुनील ग्रोवर 6 साल बाद कपिल के साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में अब कॉमेडी का डबल तड़का लगने वाला है। शो के पहले एपिसोड में रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर साहनी मेहमान बनकर पहुंचे थे। शो के पहले एपिसोड में कपिल की पूरी टीम कपूर परिवार के साथ खूब मस्ती करते नजर आए, लेकिन कपिल और सुनील के बीच खूब तकरार देखने को मिली। जिसे देखकर लगता है कि कपिल और सुनील अपनी 6 साल पुरानी लड़ाई को आज भी नहीं भूले हैं।

2024 के आखिर में शाहरुख खान शुरू करेंगे पठान 2 की शूटिंग

मुंबई, एजेंसी। साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान के बाद शाहरुख खान जल्द ही पठान 2 लेकर आने वाले हैं। ये फिल्म स्पाई यूनिवर्स की 8वीं फिल्म होगी। इस फिल्म से जुड़ी अपडेट लगातार सामने आ रही हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो पिछली फिल्म की तरह इस बार सिद्धार्थ आनंद फिल्म डायरेक्ट नहीं करेंगे। हाल ही में आई पीपिंग मून की रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख खान इसी साल के आखिर तक पठान 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। इस अपकमिंग फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट नहीं करेंगे। हालांकि उन्हें किस के साथ रिप्लेस किया जाएगा, इस बात की कोई कन्फर्मेशन सामने नहीं आई है। दरअसल, आदित्य चोपड़ा अपने YRF स्पाई यूनिवर्स की किसी भी फिल्म के सीक्वल में एक डायरेक्टर का इस्तेमाल नहीं करते। ठीक वैसे ही जैसे एक था टाइगर, कबीर खान ने डायरेक्ट की थी, लेकिन सीक्वल फिल्म टाइगर जिंदा है के डायरेक्टर अली अब्बास जफर थे। ऐसे ही टाइगर 3 को मनीष शर्मा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म वॉर सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट की थी, जबकि वॉर 2 अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे थे। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3 के बाद यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स की 3 बड़ी फिल्में आने वाले सालों में रिलीज होंगी। इनमें वॉर 2 साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इसके बाद फीमेल लीड की स्पाई फिल्म को 2025 में ही रिलीज किया जाएगा। इसके बाद 2026 में पठान 2 और 2027 में टाइगर वर्सेस पठान रिलीज होगी। 2018 की फ्लॉप फिल्म जीरो के बाद शाहरुख ने 4 साल बाद बतौर हीरो 2023 में फिल्म पठान से कमबैक किया था। इस फिल्म ने 1015 करोड़ रुपए कमाकर कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिल्म पठान भारत के इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी हिंदी फिल्म, 2023 की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म और भारत में चौथी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म का रिकॉर्ड शाहरुख खान के कमबैक की दूसरी फिल्म जवान ने तोड़ा, जो एक्शन फिल्म ही थी। जवान अब भारत की दूसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग हिंदी फिल्म है और पठान तीसरी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

स्वदेशीकरण और तकनीकी समावेश होगा सेना का फोकस

नई दिल्ली, एजेंसी

- ले. जनरल एके सिंह बोले प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष मना रही भारतीय सेना

भारतीय सेना लगातार अपने खेमे को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने सेना की मजबूती पर बात की। उन्होंने कहा कि स्वदेशीकरण, तकनीकी समावेश और परिचालन क्षमता में वृद्धि सेना की दक्षिणी कमान के फोकस क्षेत्र होंगे।

बता दें, दक्षिणी कमान भारतीय सेना की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी कमान है। यह 11 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों में फैले भारत के 41 प्रतिशत भूभाग को कवर करती है। दक्षिणी कमान एक अप्रैल को 130वां स्थापना दिवस मनाएगी। लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने साल 2024 के दौरान बदलाव लाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की कमान की प्रतिबद्धता के बारे में भी बात की, जिसे सेना द्वारा प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। गौरतलब है, भारतीय सेना साल 2024 को 'प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष' के रूप में मना रही है क्योंकि यह धीरे-धीरे एक आधुनिक बल में परिपक्व होने की कोशिश कर रही है। सभी क्षेत्रों में प्रणालियों को शामिल करने के लिए एक नया परिचालन दर्शन होगा।

ट्रंप पर लगा गैग उल्लंघन का आरोप

वाशिंगटन। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। हश-मनी मामले में मैनहट्टन अभियोजकों ने शुक्रवार को सुझाव दिया कि ट्रंप ने हाल ही में न्यायाधीश की बेटी पर हमला करके और सोशल मीडिया पर उसके बारे में झूठा दावा करके एक गैग आदेश का उल्लंघन किया हैं।

जज जुआन एम. मर्चन ने मंगलवार को जांच का एक आदेश जारी किया था। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति को अदालत से जुड़े कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों पर हमलों से तुरंत बचने का निर्देश दिया गया था।अब मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय ने गैग आदेश के दायरे को स्पष्ट करने के लिए कहा है। जज स्टींगलास ने मर्चन को लिखे एक पत्र में तर्क दिया कि अदालत के कर्मचारियों या उनके परिवारों को परेशान करने वाले बयानों पर प्रतिबंध लगाने से ट्रंप की बयानबाजी बंद हो सकती है।

इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री पहली बार 1 लाख के पार

इलेक्ट्रिक गाड़ियों (ईवी) के घरेलू बाजार में नया ट्रेंड देखा जा रहा है। कारों की बिक्री दोपहिया के मुकाबले ढाई गुनी से भी ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। ये अब तक के ट्रेंड के उलट है। इसके अलावा पहली बार एक साल में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 1 लाख से ऊपर निकली है। आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च को खत्म हो रहे वित्त वर्ष 2023-24 में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 1.02 लाख के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई।

2018 से कारों की रेंज हर साल करीब 10% बढ़ रही है, अब फुल चार्ज पर 700 किमी तक चलने वाली कारें भी आने लगी

साल दर साल बढ़ रही ईवी की रेंज

इलेक्ट्रिक कारों की रेंज 2018 से हर साल करीब 10% बढ़ रही है। 2018 में ईवी की औसत रेंज 230 किमी थी, जो 2022 में बढ़कर 338 किमी हो गई। अब फुल चार्ज होने पर 700 किमी तक चलने वाली ई-कारें भी आने लगी

ईवी की मांग सही दिशा में

ईवी के आसपास सकारात्मक भावना कई वैश्विक कारकों के कारण ग्रोथ ट्रेजेक्ट्री थोड़ी कम हो गई है। लेकिन भले ही मांग में बढ़ोतरी टॉप गियर में न हो। विशेषज्ञों का तर्क है कि ऐसा कुछ भी क्षितिज पर नहीं है जो निर्माताओं को पैनिक बटन दबाने पर मजबूर करेगा। आईसीसीटी के एक अध्ययन में 2029 तक ईवी और पारंपरिक कारों के बीच मूल्य समानता हासिल करने की भविष्यवाणी की गई है। यह इस धारणा पर आधारित है कि बैटरी निर्माण की कीमतें लगातार कम होंगी। ईवी अभूतपूर्व तरीके से मुख्यधारा में शामिल हो जाएंगे।

बैटरी सस्ती होने से घटी मैन्युफैक्चरिंग लागत

दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी कंपनी सीएटीएल के मुताबिक, फरवरी तक ईवी बैटरी के करीब 50% घट गए। गोल्डमैन सैक्स का मानना है कि हाल के महीनों में बैटरी में इस्तेमाल होने वाले लिथियम जैसे कच्चे माल के दाम काफी कम हो गए हैं। इससे मैन्युफैक्चरिंग लागत घटी है।

रिकॉर्ड बिक्री में कुल हिस्सेदारी 2.3 फीसदी

सरकार के वाहन पोर्टल और जैटो डायनेमिक्स के आंकड़ों के मुताबिक, देश में बिकने वाली कुल कारों में ईवी की हिस्सेदारी सिर्फ 2 .3 फीसदी है। दोपहिया बाजार में भी ईवी की हिस्सेदारी 4 .8 फीसदी ही है। सरकार ने 2030 तक ईवी की बिक्री 30 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

यूरोप में एक साल में 29 प्रतिशत ज्यादा बिकीं ईवी

यूरोपीय बाजारों में संयुक्त रूप से जनवरी में 92 हजार से ज्यादा फुल इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पंजीकृत हुए, जो 2023 के जनवरी महीने से 29 प्रतिशत ज्यादा है। चीन में ईवी की बिक्री 700,000 के आंकड़े को पार कर गई (इसमें प्लग-इन हाइब्रिड शामिल हैं), जो वैश्विक जोर का मुख्य स्रोत है। और जबकि यह एक महीने पहले के आंकड़ों के मुकाबले 37 प्रतिशत की गिरावट थी, यह जनवरी 2023 की तुलना में अभी भी 79 प्रतिशत ज्यादा है। जैसा कि चाइना एसोसिएशन ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सीएएएम) के आंकड़ों का दावा है। अमेरिका में, पिछले महीने कुल मिलाकर नए वाहन की बिक्री में गिरावट आई लेकिन ईवी की मांग मजबूत बनी हुई है।

एक नजर

पर्व: नेपाल में 12 साल में एक बार होता है श्रीपाचाली भैरव उत्सव

काठमांडू। नेपाल की राजधानी काठमांडू में हर 12 साल में होता है श्रीपाचाली भैरव खड्ग सिद्धी जात्रा उत्सव। इसमें मुखौटा पहनकर नृत्य करते हैं। इसे मुखौटा नृत्य कहा जाता है। इसमें 13 मुखौटों का विशेष महत्व है, लेकिन सिर्फ 12 मुखौटे ही पहने जाते हैं। 13वें की पूजा की जाती है

लाहौल। हिमाचल के लाहौल स्पीति में पानी की किल्लत से खास कर महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की पाइपें जम जाने से ग्रामीणों को आधा किमी दूर से पानी ढोकर प्यास बुझानी पड़ रही है। जबकि, पालतू मवेशियों के साथ कपड़े धोने के लिए डेढ़ किमी दूर जाना पड़ रहा है। वहीं पीने का पानी लेने के लिए इंतजार कर रही स्थानीय महिला।

पुलिस पर हमला करने के आरोप में ब्रिटिश नागरिक गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करने और मंदिर के अंदर तैनात पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में एक ब्रिटिश नागरिक को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार विदेशी पर्यटक की पहचान दक्षिण लंदन के वंड्सवर्थ के थॉमस क्रेग शेल्डन के रूप में हुई, जिसने शनिवार को जगन्नाथ मंदिर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया था। जब पुलिसकर्मियों ने उसे रोका तो थॉमस ने कथित तौर पर उनपर हमला कर दिया। जगन्नाथ मंदिर में गैर-हिंदुओं को प्रवेश की अनुमति नहीं है।

बिहार के आरा में मिनी ट्रक पलटा चार श्रमिकों की मौत, 12 घायल

आरा। बिहार के भोजपुर जिले में रविवार को एक मिनी ट्रक के पलटने से तीन महिलाओं समेत चार श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसा पटना-बक्सर राजमार्ग पर आरा शहर के शाहपुर थाना क्षेत्र में हुआ है। जिलाधिकारी राज कुमार ने कहा, हादसे में 12 से अधिक लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

दोस्ती में दरार बना आतंकवाद, अब तीन बांध परियोजनाओं का काम ठप

पाकिस्तान में दहशत में चीनी कर्मी, 1500 कर्मियों को निकाल रहा चीन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के शांगला जिले में कुछ दिन पहले आत्मघाती हमलें में पांच इंजीनियरों की मौत के बाद चीनी कर्मचारी दहशत में हैं। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने अब पाकिस्तान में काम करने से मना कर दिया। पाकिस्तान और चीन की दोस्ती में आतंकवाद ने दरार डाल दी है। चीनी कर्मी किसी भी हाल में काम करने को तैयार नहीं हो रहे हैं। चीन ने खैबर पख्तूनख्वाह में तीन बांध परियोजनाओं का काम बंद कर दिया है। साथ ही वह अपने 1500 नागरिकों को वहां से निकाल रहा है। जिसमें शनिवार को 400 चीनी कर्मचारी देश रवाना हो गए हैं।

पाकिस्तानी अधिकारियों को इस बारे में सूचना दे दी गई है। तीनों परियोजनाएं 9860 मेगवाट की हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दासू और डायमर-भाषा बांधों से चीनी नागरिकों को सैन्य हेलिकॉप्टरों से निकाला जाएगा। इससे पहले, मंगलवार को हमले के बाद चीन ने तारबेला बांध एक्सटेंशन 5 पर काम रोक दिया था। फिर दासूडायमर-भाषा और मोहमंद बांधों पर भी काम बंद कर दिया। चीनी नागरिक सोमवार या मंगलवार तक चीन के रवाना हो सकते हैं।

पाकिस्तान से 400 चीनी कर्मचारी देश रवाना

आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों की मारे जाने के बाद मामले की जांच करने चीन से जांचकर्ता की टीम पाकिस्तान पहुंच गई है। इस बीच, खैबर पख्तूनख्वा के दासू बांध पर काम बंद होने के बाद 400 चीनी कर्मचारियों को पाकिस्तान से निकालकर चीन रवाना कर दिया गया है। डैम पर 700 से ज्यादा चीनी कर्मचारी हैं।

स्थानीय कर्मचारियों को घर जाने का दिया आदेश

4320 मेगावाट बिजली क्षमता की दासू बांध परियोजना जिला कोहिस्तान में है। ये प्रांतीय राजधानी पेशावर से 350 किमी दूर है। मारे गए इंजीनियर इसी साइट के थे। वहां 741 चीनी और 6,000 स्थानीय कर्मचारी हैं। वहां से चीनी नागरिकों को निकाला जा रहा है। स्थानीय कर्मियों को अगले आदेश तक घर जाने के लिए कह दिया गया है। परियोजना के एक अधिकारी ने बताया कि हमले के बाद चीनी कर्मचारी डर गए थे। उन्होंने अपने वरिष्ठों से कह दिया कि वे आगे काम नहीं कर सकते।

मोहमंद बांध परियोजना इसी साल होनी थी पूरी

स्वात नदी पर स्थित बांध को इसा साल पूरा किया जाना है। 740 मेगावाट पनबिजली पैदा होगी। 250 चीनी कर्मचारी काम कर रहे। दासू बांध : इसे 2025 में पूरा होना है। डायमर-भाषा बांध : सिंधु नदी पर 2029 तक बनना है। क्षमता 4,800 मेगावाट। यहां 500 चीनी कर्मचारी हैं।

पाक ने कार्यक्रमों में रेड कारपेट के इस्तेमाल पर लगाई रोक

इस्लामाबाद। बदहाल पाकिस्तान सरकारी कार्यक्रमों में इस्तेमाल होने वाले रेड कार्पेट पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। दरअसल, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में अनावश्यक खर्च में कटौती करने के लिए यह कदम उठाया है। इसके तहत सरकारी कार्यक्रमों में रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है और उन्हें राजनयिक स्वागत के लिए विशेष रूप से आरक्षित रखा है। शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की यात्राओं के दौरान रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर नाराजगी जताई।

कैबिनेट डिवीजन द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि भविष्य में आधिकारिक कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और सरकारी हस्तियों के लिए रेड कार्पेट का उपयोग नहीं किया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, इसे सिर्फ विदेशी राजनयिकों के लिए प्रोटोकॉल के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। कहा जा रहा है कि रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का सरकार का उद्देश्य धन की बचत करना और सार्वजनिक वित्त के लिए अधिक जिम्मेदार और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

भारतीयों को वीजा नहीं तो चौपट होगी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था

लंदन, एजेंसी

- 4 अप्रैल से नए वीजा नियमों के खिलाफ उद्यमी और विपक्ष एकजुट कहा- सरकार फैसला वापस ले

ब्रिटेन में भारतीयों के लिए 4 अप्रैल से नए वीजा नियमों के खिलाफ उद्यमी भी एकजुट हो रहे हैं। लगभग 200 उद्यमियों ने ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक को चेताया है कि

मिड लेवल स्किल्ड वीजा में वेतन सीमा बढ़ाने से लगभग दस लाख भारतीय अर्थव्यवस्था से बाहर हो जाएंगे।

इससे 366 लाख करोड़ रु. वाली ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 30 फीसदी से अधिक चौपट होने की आशंका है। सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी से जुड़े एक प्रमुख बिजनेसमैन ने कहा कि सरकार ऐसा मान रही है कि मिड लेवल जॉब्स को स्थानीय श्वेत लोग कर लेंगे। लेकिन, जमीनी हकीकत इससे अलग है। मिड लेवल जॉब्स में भारतीयों का बोलबाला है। रातोरात पूरा सिस्टम बदलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि सुनक सरकार को फैसला वापस लेना पड़ेगा।

विपक्ष का वादा- सरकार आई तो, नियम बदलेंगे

ब्रिटेन के प्रमुख विपक्षी दल लेबर पार्टी के शैडो मिनिस्टर क्रिस ब्रायंट ने कहा कि साल के अंत में होने वाले चुनाव में यदि हम सत्ता में आए तो मिड लेवल जॉब्स जैसे नर्सेज, टीचर और शेफ को वीजा के लिए वेतन सीमा को वापस सालाना साढ़े 27 लाख रुपये करेंगे। इसके लिए लेबर पार्टी की माइग्रेशन एडवाइजरी कमेटी ने रिव्यू शुरू कर दिया है। इसमें ब्रिटेन में भारतीयों से रायशुमारी की जा रही है।

भारतीयों की सीढ़ी खींचने से नुकसान ब्रिटेन का

लंदन के मेयर सादिक खान का कहना है कि ब्रिटेन के विकास में भारतीय का बड़ा योगदान है। सुनक सरकार भारतीयों की सीढ़ी खींचने का काम कर ही है। लेकिन इससे ज्यादा बड़ा नुकसान ब्रिटेन का ही होने वाला है। प्रवासियों ने ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया है। आज भारतीयों की मौजूदगी हर क्षेत्र में दिखाई पड़ती है। मिड लेवल जॉब्स ब्रिटेन की अर्थव्यवसथा ही रीढ़ हैं।

फूलों की खुशबू से महका गार्डन...

श्रीनगर : एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन आखिर अपने मूल रूप में निखर आया है। यहां 30 एकड़ में लगाए गए 75 वैरायटी के 17 लाख ट्यूलिप फूल शनिवार को पूरी तरह खिल गए। 23 मार्च को जब गार्डन खुला था, तब बमुश्किल एक हजार फूल थे। बता दें कि पिछले साल 3 .70 लाख पर्यटक गार्डन देखने पहुंचे थे। ● एजेंसी

वांगचुक के बाद 70 महिलाएं दस दिन के अनशन पर बैठीं

लेह, एजेंसी। शिक्षा सुधारक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 21 दिन की भूख हड़ताल खत्म कर दी हो, पर लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने समेत अन्य मांगें ठंडी नहीं पड़ी हैं।

वांगचुक के उठने के कुछ दिन ही 70 महिलाएं लेह के उसी एनडीएस मेमोरियल पार्क में माइनस 8 डिग्री सेल्सियस की सर्दी में भूख हड़ताल पर बैठ गईं। चार दिन से उनका साथ देने के लिए बैच में रोज 400-500 महिलाएं भी आ रहीं है। एक बैच जाने के बाद दूसरा बैच दिनभर के उपवास पर बैठता है। यह क्रम 6 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद युवा भी 10 दिन भूख हड़ताल करेंगे। महिलाओं के अनशन के बाद 7 अप्रैल को लेह के शीर्ष निकाय के बैनर तले एलएसी के पास चांगथांग की ओर बॉर्डर मार्च या पश्मीना मार्च किया जाएगा, ताकि यह पता लग सके कि भारतीय चरागाह की कितनी भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है। इस मार्च में 10,000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

मेडिकल कॉलेज हड़पने के आरोप में भाजपा सांसद पर एफआईआर

देवघर, एजेंसी

- झारखंड के देवघर का मामला गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोपों को किया खारिज

झारखंड के देवघर में धोखाधड़ी से मेडिकल कॉलेज को हड़पने के आरोप में भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, निशिकांत दुबे ने इन आरोपों से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर उनके खिलाफ लगाए गए आरोप साबित हो गए, तो वह राजनीति छोड़ देंगे।

भाजपा सांसद पर लगे आरोपों के बारे में थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिव दत्त शर्मा नामक व्यक्ति ने भाजपा सांसद और उनकी पत्नी समेत अन्य लोगों के खिलाफ जिले की जसीडीह पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया है कि निशिकांत दुबे और उनकी पत्नी ने अपने ट्रस्ट बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट के जरिए उनके संस्थान परिट्रान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से संबंधित दस्तावेजों का दुरुपयोग करके नीलामी के माध्यम से उनके अस्पताल को हड़प लिया। शिकायतकर्ता ने कहा- मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए 93 करोड़ रुपये का ऋण लिया था, लेकिन मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा संस्थान के लिए मंजूरी नहीं मिलने के बाद, उनकी ऋण राशि को गैर-निष्पादित संपत्ति घोषित कर दिया गया। थाना प्रभारी बोले, मामले में जल्द ही जांच शुरू की जाएगी।

आगामी आम चुनाव में अपनी सीट भी नहीं बचा पाएंगे सुनक

लंदन। ब्रिटेन में साल के अंतिम छह महीनों में आम चुनाव हो सकते हैं। इसके संकेत खुद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने दे दिए हैं। हाल के महीनों में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने मई में चुनाव की संभावना से इनकार कर दिया था और संकेत दिया था कि इस साल के आखिरी में चुनाव कराए जा सकते हैं।

इस बीच, एक सर्वे में चौंकाने वाला दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि आगामी आम चुनाव में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक की सीट भी खतरे में है। एक प्रचार अभियान संगठन बेस्ट फॉर ब्रिटेन ने सर्वे के बाद यह भी कहा है कि पता चला है कि देश में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को इस साल के अंत में होने वाले आम चुनाव में बड़ी हार का सामना करना पड़ सकता है।

संकट युद्ध से अंदरूनी दिक्कतें बढ़ी, भारत से करार के तहत इजराइल में 42 हजार कामगारों को बुलाने का था प्रस्ताव

इजराइल पहुंचे भारतीय कामगारों के लिए ठहरने की बड़ी समस्या

गाजा, एजेंसी

बीते साल 7 अक्टूबर को हमास के आतंकी हमले के बाद इजराइल की गाजा में कार्रवाई जारी है। हालांकि उसकी अंदरूनी दिक्कतें बढ़ गई हैं। खेती, निर्माण, सफाई, बुजुर्गों की देखभाल के लिए वह बाहरी कामगारों पर निर्भर है। हमलों के बाद बड़ी संख्या में विदेशी कामगार इजराइल छोड़ चुके हैं।

इजराइल ने फिलिस्तीनी कामगारों के वर्क परमिट पर रोक लगा दी। भारत से करार के तहत इजराइल में 42 हजार कामगारों को बुलाना प्रस्तावित है। इनमें उत्तर प्रदेश व हरियाणा से 10-10 हजार कामगार जाएंगे। लेकिन इजराइली इमिग्रेशन अथॉरिटी के अनुसार अब तक महज 1000 भारतीय ही पहुंचे हैं। ये प्राइवेट कॉन्ट्रेक्टरों के जरिए आए हैं। फिलहाल इजराइल पहुंचना भी समस्या है। प्रमुख एयरलाइंस कामगारों की फ्लाइट ऑपरेट नहीं कर रही है। दूसरी समस्या आवास है। गाजा या वेस्ट बैंक के लोग सुबह काम पर आते थे और शाम को लौट जाते थे। जबकि भारतीयों के लिए आवास की व्यवस्था जरूरी है। इजराइल के प्रमुख शहरों के हॉस्टल और होटल युद्धग्रस्त क्षेत्रों से आए इजराइलियों से पहले ही भरे हुए हैं। युद्ध लड़ रही इजराइली सरकार की प्राथमिकता में अस्थायी आवास नहीं है। हमास के हमलों में 32 थाई नागरिक, कृषि में काम करने वाले 10 नेपाली छात्र और चार फिलिपींस नर्स मारे गए थे। युद्ध के चलते 30 हजार विदेशी कामगार इजराइल छोड़ चुके हैं। इजराइली सरकार ने एक लाख फिलिस्तीनी कामगारों के वर्क परमिट पर रोक लगा दी है। इससे इजराइल का निर्माण क्षेत्र चरमरा गया है, क्योंकि कामगार जरूरत से कम थे।

इजराइल में प्रदर्शन तेज, नेतन्याहू को हटाने की मांग, 16 लोग गिरफ्तार

तेल अवीव। इजराइल-हमास युद्ध को पांच महीने से अधिक समय हो गया है। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ विरोध की आवाजें उठने लगी हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली पुलिस ने तेल अवीव में 16 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट अनुसार, हमास की कैद से बंधकों की रिहाई और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों द्वारा तेल अवीव में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि प्रदर्शनकारियों को ट्रैफिक में बाधा डालने और सड़क जाम करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर 270 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने तेल अवीव में अयालोन राजमार्ग पर मौजूद प्रदर्शनकारियों

को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। साथ ही मौके से एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया, जिसे पुलिस वाहन में ले जाया गया।

भारतीय भी आ रहे हमलों की चपेट में

4 मार्च को केरल के कोल्लम के 31 वर्षीय पैट निबिन मैक्सवेल लेबनानी सीमा पर हिजबुल्लाह के हमले में मारे गए थे। वे नए भर्ती अभियान के तहत जनवरी में इजराइल पहुंचे थे। केरल के दो अन्य कामगार जोसेफ जॉर्ज बुश और 28 वर्षीय पॉल मेल्विन भी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। बता दें, इजराइल जंग में कई देशों के सैनिकों को भी इस्तेमाल कर हा है।

ताइवान ने 6 चीनी जहाजों और चार सैन्य विमानों को किया ट्रैक

ताइपे। ताइवान और चीन के बीच जारी विवाद लगातार बढ़ता जा रहा ह। ताइवान ने रविवार को बताया कि चीन ने उसकी ट्रैरेट्री में छह नौसैनिक जगहों और चार सैन्य विमानों को भेजा है, जिसको ताइवान की सेना ने ट्रैक किया है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने कहा कि चीनी जहाजों और विमानों को शनिवार और रविवार को ट्रैक किया गया।

वहीं, ताइवानी सेना ने चीन की हरकत के जवाब में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की गतिविधि पर नजर रखने के लिए विमान और नौसैनिक जहाज रवाना कर दी और वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली भी तैनात की। ताइवान ने आगे कहा कि चीन ने किसी भी विमान ने ताइवान जलडमरूमध्य मध्य रेखा को पार नहीं किया।

भीषण हमलों से दहला यूक्रेन रूसी सेना ने दागीं 11 मिसाइलें

कीव, एजेंसी

- यूक्रेनी सेना बोली- नौ ड्रोन और नौ मिसाइलों को मार गिराया

युद्ध के बीच रूस ने एक बार फिर यूक्रेन के क्षेत्रों को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने यूक्रेन पर रात भर 16 मिसाइलें दागीं हैं। इसके अलावा 11 ड्रोन हमले भी किए हैं।

यूक्रेन की वायु सेना ने एक बयान में कहा कि रूस ने रातभर 16 मिसाइलें और 11 ड्रोन हमले किए हैं। टेलीग्राम पर एक बयान में वायु सेना ने कहा कि यूक्रेन ने नौ ड्रोन और नौ मिसाइलों को मार गिराया है। हालांकि, बाकी मिसाइलों और ड्रोन किस जगह गिरे हैं। उन लक्ष्यों की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, बीते एक सप्ताह के दौरान रूस के हवाई हमले की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी की है। बता दें कि रूस-यूक्रेन के बीच साल 2022 की शुरुआत में जंग छिड़ी थी। साल 2024 शुरू होने के बाद भी दोनों देशों के बीच युद्ध नहीं थम पाया है।